हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • शनिवार • 18.01.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 177 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### रूसी सेना में भर्ती हुए 12 भारतीयों की मौत : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** रूस-यूक्रेन जंग में केरल के त्रिशूर के नागरिक बिनिल बाबू की मौत को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उनकी मौत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मंत्रालय ने उनके परिवार के लिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है और आश्वासन दिया है कि भारतीय दूतावास रूसी अधिकारियों के संपर्क में है, जिससे मारे गए भारतीयों को पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत लेकर आया जा सके। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि रूस यूक्रेन युद्ध में 12 भारतीय नागरिक मारे गए हैं तो वहीं 16 लापता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, बिनिल बाबू की मौत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने उनके परिवार को अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। हमारा दूतावास रूसी अधिकारियों के संपर्क में है, ताकि उनका पार्थिव शरीर जल्द से जल्द भारत वापस आ सके। एक अन्य व्यक्ति जो घायल हुआ था, उसका मॉस्को में इलाज चल रहा है। उम्मीद है कि वह भी अपना इलाज पूरा होने के बाद जल्द ही भारत लौट आएगा। 17 जनवरी तक 126 मामले (रूसी सेना में सेवारत भारतीय नागरिकों के) सामने आए हैं। इन 126 मामलों में से 96 लोग भारत लौट आए हैं और उन्हें रूसी सशस्त्र बलों से छुट्टी दे दी गई है।

### तिरु फॉल में पिकनिक मनाने गए तीन भाइयों की डूबने से मौत

**रांची :** रांची के बुढ़मू प्रखंड के तिरु फॉल में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां डूबने से 3 युवकों की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार 11 बजे की है। बताया जा रहा है कि तीनों तीरु फॉल में पिकनिक मनाने गए थे। इसी दौरान सभी नहाने के लिए पाने में गए और निकल नहीं पाए, जिस कारण तीनों की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों को जानकारी मिलने के बाद गोताखोरों को बुलाया गया। इसके बाद सभी के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गयी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार तीनों भाई थे। इनमें आशीष कुमार, अंकुर कुमार और दीपक गिरी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सभी लोग चान्हो के करकट गांव निवाली थे। सभी की उम्र 20 से 25 साल के लगभग बताई जा रही है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल जगत के चमकते सितारों को किया सम्मानित



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को दोहरी ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर, विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालिंपिक स्वर्ण विजेता हाई जंपर प्रवीण कुमार को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में खेल और साहसिक पुरस्कार 2024 प्रदान किए। पुरस्कारों में 4 खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार-2024, 5 खिलाड़ियों को द्रोणाचार्य पुरस्कार-2024, 34 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार-2024, 4 खिलाड़ियों को तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार-2023, एक राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार-2024 और एक मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी-2024 शामिल हैं। राष्ट्रपति ने फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार-2024 और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी-2024 प्रदान की।

राष्ट्रपति ने पैरा-शूटिंग में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सुभाष राणा, निशानेबाजी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दीपाली देशपांडे, संदीप सांगवान को हॉकी में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार, 2024 प्रदान किया। इसके अलावा बैडमिंटन में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए एस मुरलीधरन, फुटबॉल में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए अर्मांडो एग्नेलो कोलाको को द्रोणाचार्य पुरस्कार (आजीवन), 2024 प्रदान किया।

राष्ट्रपति ने एथलेटिक्स में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए अन्नू रानी को अर्जुन पुरस्कार, 2024 प्रदान किया। इसके अलावा मुक्केबाज नीतू और स्वीटी, शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल, हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और अभिषेक, संजय, जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, पैरा-तीरंदाज राकेश कुमार, पैरा-एथलेटिक्स प्रीति पाल और जीवनजी दीप्ति सहित 34 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार, 2024 प्रदान किया।

## सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई



**रांची :** झारखंड की बेटी और राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित होने पर बधाई व शुभकामनाएं। आपने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से देश को गौरवान्वित किया है। मेरी कामना है कि आप भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करती रहें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सलीमा टेटे को टैग करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप अपने उम्दा खेल और नेतृत्व से हॉकी के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करें, यही कामना करता हूं। आज पुरस्कार पाने वाले अन्य सभी खिलाड़ियों को भी अनेक-अनेक बधाई और जोहार। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड की बेटी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी इस शानदार उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी सलीमा टेटे को बधाई दी है। दास ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हॉकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस उपलब्धि के लिए सलीमा टेटे को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं। समस्त झारखंडवासियों को आप पर गर्व है। उल्लेखनीय है कि झारखंड की स्टार हॉकी खिलाड़ी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को आज अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें यह सम्मान दिया। सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा जिले के बड़की छापर गांव की रहने वाली हैं। वह भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं। वर्ष 2016 में सलीमा टेटे का चयन जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हुआ था। इसके बाद से लगातार वह आगे बढ़ती रही। मई 2024 में उन्हें भारतीय महिला टीम का कप्तान बनाया गया। सलीमा के पिता भी स्थानीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं।

# अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की विकास में भागीदारी मजबूत करने के लिए उठा रहे ठोस कदम।
- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उत्थान के लिए केंद्र और राज्य को मिलकर करना होगा कार्य।

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रांची के अध्ययन भ्रमण पर आए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु गठित सात सदस्यीय संसदीय समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले इस संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य डॉ फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ सदस्य डॉ मल्लू रवि (लोकसभा सांसद), वीडी राम (लोकसभा सांसद), प्रतिमा मंडल (लोकसभा सांसद), रवांग्वरा नारजारी (राज्यसभा सांसद), फूलो देवी नेताम (राज्यसभा सांसद) और देवेन्द्र प्रताप सिंह (राज्यसभा सांसद) शामिल थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं संसदीय समिति के बीच अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं समेत कई विषयों/मुद्दों पर विस्तृत विचार- विमर्श हुआ।

### एससी -एसटी के उत्थान और विकास के लिए मिलकर कार्य करना होगा

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उत्थान और विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार को मिलकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की एक बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन प्रगति के रास्ते पर उन्हें जितना आगे आना चाहिए, उसमें कहीं ना कहीं पीछे रह गए हैं। ऐसे मे विकास में उनकी भागीदारी मजबूत करने के लिए ठोस नीति बनाकर उसे योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना होगा ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में हमारी सरकार निरंतर कार्य करती आ रही है और उसके सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहे हैं। हमारी सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है और विजन डाक्यूमेंट तथा रोड मैप तैयार कर आगे कई और ठोस कदम उठाने जा रही है।

मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने वाले संसदीय समिति के सचिव एवं एडिशनल सेक्रेटरी डी आर शेखर, डिप्टी सेक्रेटरी मोहन अरुमाला, अंडर सेक्रेटरी एन टूथांग, जॉइंट डायरेक्टर टीआरएस गोस्वामी तथा कमिटी अफसर पूजा किर्थवाल भी शामिल थे।

# सेकेंड जेपीएससी घोटाला मामले में 72 के खिलाफ जारी हुआ समन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची सीबीआई कोर्ट ने सेकेंड जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में सीबीआई द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। यह घोटाला लगभग 12 साल पुराना है और सीबीआई ने नवंबर 2024 में अपनी जांच पूरी कर रांची कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इस चार्जशीट में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप कुमार प्रसाद समेत कुल 72 अभियुक्तों के खिलाफ समन जारी करने का आदेश पारित किया गया है।

बता दें कि चार्जशीट में यह खुलासा हुआ है कि जेपीएससी के तत्कालीन सदस्य और कोऑर्डिनेटर के कहने पर 12 परीक्षार्थियों के नंबर बढ़ाए गए थे। कई अभ्यर्थियों की कापियों में भी फेरबदल किया गया और इंटरव्यू के दौरान उनके असल नंबरों को भी बढ़ाया गया। इसके अलावा, चार्जशीट में कई अधिकारियों के नाम हैं जिन्होंने प्रमोशन के बाद डीएससी से एसपी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया।

बता दें कि इस मामले की जांच 2012 में झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंप दी गई थी। इससे पहले मई 2024 में सीबीआई ने 37 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी जिसमें जेपीएससी के कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपी थे। यही नहीं चार्जशीट में ऐसे अधिकारियों का नाम भी शामिल है जो प्रमोशन पाकर डीएसपी से एसपी बन चुके हैं।

# सरकार कुपोषण मुक्त झारखंड बनाने के लिए प्रतिबद्ध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड सरकार, कुपोषण मुक्त झारखण्ड बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में विभाग की तरफ से विभिन्न कदम उठाए जा रहे है। सरकार द्वारा प्रतिमाह 38523 आंगनवाडी केन्द्रों द्वारा लगभग 11 लाख लाभार्थिओं को पूरक पोषाहार उपलब्ध काराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी आंगनवाडी केन्द्रों पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रतिदिन गरमा गरम भोजन परोसा जाता है और राज्य सरकार ने अपनी तरफ से अतिरिक्त राशि देते हुए इसमे अंडा जोड़ दिया है ताकि हमारे सभी बच्चों को सम्पूर्ण पोषण मिले। इसी के साथ लक्षित लाभार्थियों के पोषण स्तर को सुधारने हेतु Micronutrient Fortified Energy Dense Food (Take Home Ration) भी नियमित रूप से उपलब्ध कराया जा रह है।

कुपोषण की स्थिति में सुधार लाने हेतु राज्य सरकार द्वारा अति गंभीर कुपोषित बच्चों (6 माह से 6 वर्ष) को वर्तमान में दिए जा रहे THR को संवर्धित करते हुए, अधिक उर्जा, प्रोटीन एवं सूक्ष्म पोषण तत्वों से भरपूर शिशु शक्ति उपलब्ध कराते हुए बच्चो के कुपोषण को समाप्त कर सुपोषित करने हेतु पायलट किया जा रहा है। शिशु शक्ति को अति गंभीर कुपोषित बच्चो के उम्र के अनुसार सही मात्रा देने हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया है।

महानिदेशक, झारखण्ड राज्य पोषण मिशन की अध्यक्षता में गठित THR समिति के द्वारा कुपोषित बच्चो के लिए विशेष रूप से प्रोटीन एवं कैलोरी युक्त Shishu Shakti के सम्बन्ध एवं में की गयी अनुशंसा के अंतर्गत तथा UNICEF एवं State center of excellence-RIMS के तकनीकी सहयोग से इस शिशु शक्ति संवर्धित THR को राज्य भर में लागू कराने से पूर्व निदेशक, समाज कल्याण के मार्गदर्शन में इसका प्रायोगिक तौर पर इस्तमाल पश्चिम सिंहभूम के चक्रधरपुर प्रखण्ड में किया जा रहा है। इस pilot study का शुभारम्भ दिनांक 18.01.2025 को सांसद जोबा मांझी के कर कमलो द्वारा किया जा रह है।

बच्चों के स्वास्थ एवं सम्पूर्ण विकास केलिए विभाग सभी बच्चों की नियमित वृद्धि निगरानी के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 0-6 वर्ष के बच्चों को सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान कर रहा है। समुदाय के बीच प्रमुख पोषण व्यवहारों को बढ़ावा दे रहा है, जैसे कि प्रारंभिक स्तनपान, ऊपरी आहार, टीकाकरण के साथ- साथ नियमित परामर्श देते हुए उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है।

# सरकार को अपनी ताकत का इस्तेमाल कर लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है : डॉ एल मुरुगन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चाईबासा :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण (राज्य) मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार डॉ एल मुरुगन अपने चाईबासा यात्रा के दूसरे दिन आज दिनांक 17 जनवरी 2025 को उपायुक्त सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रमों जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में मंत्री के साथ चाईबासा उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर और उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा और विभिन्न विभागो और योजनाओं से जुड़े जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन से जुड़े चाईबासा में चलाए जा रहे अभियानों और इनसे जुड़े आंकड़ों की समीक्षा कर अपने विचार और सुझाव साझा किए।

मंत्री ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, कुपोषित बच्चों से जुड़े आंकड़ों, टीबी के इलाज और प्रबंधन, आंगनवाड़ी केंद्रों को स्थिति, सड़क, बिजली, पानी, विद्यालयों की संख्या और वर्तमान स्थिति, सेल्फ हेल्प ग्रुप की स्थिति, जन धन खातों की संख्या, मृदा स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़े, एक जिला एक उत्पाद से जुड़े कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और अपने सुझाव दिए। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को अपनी ताकत का इस्तेमाल कर लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है, सबका साथ सबका विकास का प्रधानमंत्री का लक्ष्य है, इसी ध्येय से ही हम विकसित भारत का 2047 तक निर्माण कर सकते हैं।

समीक्षा बैठक से पूर्व सुबह केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ.एल.मुरुगन ने जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड में संचालित आईटीआई केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंत्री ने आईटीआई में विभिन्न ट्रेड आधारित वर्कशॉप का अवलोकन क्रम में प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस प्रखंड के करंजिया में स्थानीय लाभुक समिति द्वारा केज कल्चर के माध्यम से किए जा रहे हैं मछली पालन कार्य का अवलोकन कर लाभुकों संग संवाद भी किया गया। तदोपरांत मंत्री ने चाईबासा सदर स्थित "पीएम श्री स्कूल" टाटा कॉलेज कॉलोनी, मध्य विद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान मा. मंत्री ने साइंस लैब, कंप्यूटर लैब व संचालित क्लासरूम का अवलोकन करते हुए अध्यनरत विद्यार्थियों संग वार्तालाप भी किया।

मंत्री ने मीडिया को भी संबोधित किया और आकांक्षी जिला कार्यक्रम से जुड़े प्रमुख पहलुओं पर हो रहे विकास और बेहतर क्रियान्वयन हे दिया। उनके द्वारा जिला अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्कूल में ड्रॉप डाउन के दर को कम करना जरूरी है।

# दो लाख का पीएलएफआई का इनामी जोनल कमांडर गिरफ्तार, हथियार बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी के दो लाख के इनामी सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान को गिरफ्तार किया है। इसकी निशानदेही पर एक कारबाईन, एक पिस्टल मैगजीन सहित, 11 गोलियां, एक मोबाइल और तीन कंबल बरामद किया गया है।

डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो लाख के इनामी और पीएलएफआई के जोनल कमांडर कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कृष्ण यादव के ऊपर रामगढ़, लातेहार, चतरा, रांची और लोहरदगा जिले के अलग-अलग थानों में कुल 51 मामले दर्ज हैं। इससे पहले साल 2021 में भी रांची पुलिस ने कृष्णा यादव को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद लातेहार पुलिस ने एक मामले में पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लेकर बालूमाथ थाना के हाजत में रखा था। वह 23 मार्च, 2021 की सुबह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ से दूर था। साथ ही एक के बाद एक हत्या, गोलीबारी और आगजनी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुलेआम चुनौती देते आ रहा था। डीआईजी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कृष्णा यादव अपने दस्ता सदस्यों के साथ लोहदगा जिले के कुडू के धोबीघाट गया हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम वहां छापेमारी करने गई थी लेकिन कुछ देर पूर्व ही वहां से कृष्णा यादव जा चुका था।

## एक नजर

### उप विकास आयुक्त ने 17 लाभुकों के बीच गाय का किया वितरण



**हजारीबाग :** झारखंड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत दुधारू गाय की योजना के कुल 17 महिला लाभुकों को दुधारू गाय का वितरण शुक्रवार को उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद एवं अन्य जन प्रतिनिधि द्वारा किया गया। ज़िला गव्य विकास कार्यालय हजारीबाग द्वारा ज़िला स्तरीय दुधारू पशु मेला का आयोजन आज दिनांक 17.01.2025 को ज़िला गव्य विकास कार्यालय के समीप आयोजित किया गया। पशु मेला का उद्घाटन हजारीबाग ज़िला के उप विकास आयुक्त के द्वारा किया गया। दुधारू पशु मेला में डॉ. न्यूटन तिर्की ज़िला गव्य विकास पदाधिकारी एवं ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

### डेंटल कॉलेज में 22 जनवरी को लगेगा रक्तदान शिविर




**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में श्रीनिवास ब्लड सेंटर द्वारा आगामी 22 जनवरी को समय सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। मरीज एवं थैलेसीमिया पीड़ित के सहयोगार्थ में यह शिविर लगाया जाएगा। शिविर में एकत्र रक्त से थैलेसीमिया पीड़ित एवं मरीजों को ससमय रक्त उपलब्ध करवाया जाएगा। श्रीनिवास ब्लड सेंटर की टीम पुरी सक्रियता के साथ रक्तदाताओं से रक्त संग्रह में अपना सरहानीय योगदान देंगे। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने हजारीबाग जिला के स्वैच्छिक रक्तदाताओं को शिविर में पहुंचकर अवश्य रक्तदान करने का अपील किया है। रक्त पीडितो के मदद में आगे आने का आव्हान भी किया है। उन्होंने कहा है कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक करना है।

### मां सरस्वती की मूर्ति बनाने में जुटे मूर्तिकार, ऑर्डर और बुकिंग की प्रक्रिया जारी

**बरही :** बरही गया रोड स्थित भामाशाह स्कूल मैदान के पास सरस्वती पूजा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यहां मां सरस्वती की आकर्षक और भव्य प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। मूर्तिकार राजन निषाद, पवन निषाद और प्रिंस निषाद ने बताया कि वे ऑर्डर पर विभिन्न आकार और डिजाइन की मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। मूर्तियों की कीमत 1200 रुपये से लेकर 11,500 रुपये तक है, जो उनकी साइज और डिजाइन के आधार पर तय की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा निर्माण के लिए ऑर्डर की अंतिम तारीख 18 जनवरी है, जबकि बुकिंग 25 जनवरी तक की जाएगी। मूर्तिकारों ने बताया कि हर साल सरस्वती पूजा के अवसर पर उनकी बनाई गई मूर्तियां स्थानीय और आसपास के इलाकों में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा पसंद की जाती हैं। इस बार भी ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए विशेष डिजाइनों पर काम किया जा रहा है, जो लोग मूर्ति की बुकिंग या ऑर्डर देना चाहते हैं, वे 9117893756 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मूर्तिकारों ने अपील की है कि समय पर ऑर्डर देकर पूजा की तैयारियों को सुगम बनाया जा सकता है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च को लेकर हुई बैठक, 20 को भव्य सभा के आयोजन का निर्णय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही हाउस में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च की तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का आयोजन जय भीम, जय बापू, जय संविधान के आदर्श वाक्य के तहत किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने की, जबकि संचालन का दायित्व कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने निभाया। बैठक में कांग्रेस नेता और पूर्व बरही विधानसभा प्रत्याशी अरुण साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता पर जोर देते हुए इसे बाबा साहब के योगदान को स्मरण करने और संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर बताया।

**20 जनवरी को सम्मान मार्च और सभा का आयोजन :**
बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 जनवरी को भामाशाह स्कूल से बाराटांड़ स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक एक भव्य सम्मान मार्च निकाला जाएगा। इसके उपरांत प्रतिमा स्थल पर एक सभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव कमलेश महतो के साथ प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेता और जिला स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। अरुण साहू ने कहा कि यह सम्मान मार्च और सभा न केवल डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है, बल्कि सामाजिक समरसता और संविधान की रक्षा के प्रति जनता को जागरूक करने का भी एक प्रयास होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियां साझा कीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। सभा में विभिन्न सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से भी बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई। सम्मान मार्च और सभा के जरिए बाबा साहब के विचारों और आदर्शों को जनमानस तक पहुंचाने का उद्देश्य रखा गया है, जिससे लोग सामाजिक समानता, न्याय और संविधान की गरिमा को समझ सकें। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजाम उद्दीन, चंद्रभूषण साव, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष बैजु गहलौत, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, मुखिया हेलाल अख्तर, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, जितेंद्र गिरी, मुखिया संतोष रजवार, सोनू दास, यूसुफ अंसारी, संतोष कुशवाहा, फिरदोष खान, गौतम सिंह, छोटन भुइंया, रिजवान अंसारी, टिंकू साव, तैयब अंसारी, सोनू रविदास, मिथलेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## अदाणी की ग्रीन गॉल्फ कार्ट 1.5 लाख श्रद्धालुओं को घुमाएगी कुंभ मेला




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कुंभ मेला पूरे जोरशोर से देश और दुनियाभर से श्रृद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। कुंभ मेले को दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के तौर पर जाना जाता हैं। यहां पर महाकुंभ के दौरान देश और दुनियाभर से करोड़ों लोग पवित्र संगम में स्नान करने पहुंचते हैं। ऐसे में कई बिजनेस ग्रुप कुंभ मेले में पधारे श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हुए हैं। ऐसा ही एक ग्रुप है अदाणी ग्रुप, यह समूह अपनी कई निशुल्क सेवाओं के जरिए श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। अदाणी की ग्रीन गॉल्फ कार्ट सेवा लाखों श्रद्धालुओं को लाखों किलोमीटर की यात्रा कराने की तरफ बढ़ रही है। बता दें कि अदाणी समूह द्वारा महाकुंभ 2025 में दिव्यांगों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों वाली माताओं के लिए बैटरी से चलने वाली ग्रीन गॉल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को स्नान ध्यान के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने में भी सहूलियत हो रही है।

## पंचायत सचिव दीपक दास को घुस लेते एसीबी ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कारवाई करते हुए एक कर्मी दीपक दास सम्प्रति पंचायत सचिव कारगलो एवं अचलजामों विष्णुगढ़ को 11 हजार रुपया घुस लेते रंगे हाथों पकड़ा ' बताते चलें कि आवेदिका चमेली देवी, पति जानकी रविदास, ग्राम-करगालो, पो०-अचलजामो, थाना-विष्णुगढ़, जिला-हजारीबाग के द्वारा इस आशय का आवेदन दिया गया था कि, ₹इन्हें अबुआ आवास योजना से आवास पास हुआ है। उस आवास योजना में इन्हें दो किस्तों में 80,000 /- रूपया मिल चुका है। इन्के द्वारा आवास निर्माण का काम चालू कर दिया गया है। तीसरे किस्त के लिये जब ये पंचायत सेवक दीपक दास से मिली तो उनके द्वारा बोला गया कि इसके लिये आपको 11,000 /- रूपया देना होगा। जबतक 11 हजार रूपया नहीं दीजियेगा तबतक आपके खाते में तीसरा किस्त नहीं जाएगा₹। ये घूस देना नहीं चाहती थी, इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, भ्र०नि० ब्यूरो, हजारीबाग के पदनाम से आवेदन दिया गया था। उक्त आवेदन के संबंध में सत्यापनकर्ता द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया, तथा सत्यापन प्रतिवेदन में 11,000 /- रूपया रिश्वत माँगने की बात सत्य पाया गया। परिवादिनी के आवेदन एवं सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्र०नि० ब्यूरो, हजारीबाग थाना कांड सं0-01/2025, दिनांक-16.01.2025 पंजीकृत किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं दो सरकारी गवाह के उपस्थिति में भ्र०नि० ब्यूरो, हजारीबाग की ट्रैप टीम के द्वारा आज दिनांक-17.01.2025 को प्राथमिकी अभियुक्त दीपक दास, पिता-श्रीराम दास, सा०-नरैना, थाना-चलकुशा, जिला-हजारीबाग, सम्प्रति पंचायत सचिव, करगालो एवं अचलजामों पंचायत, अंचल-विष्णुगढ़, जिला-हजारीबाग को वादिनी से 11,000 /- रूपया रिश्वत लेते हुए रंगे हाँथ विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## आदर्श +2 उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का किया गया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सड़क सुरक्षा माह 2025 का 17 दिन है और आज जिला परिवहन कार्यालय सड़क सुरक्षा कोषांग की और से सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जा रही है इसी के तहत आदर्श +2 हिन्दू उच्च विद्यालय हजारीबाग में सड़क सुरक्षा कोषांग यातायात पुलिस के साथ मिल कर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे इस कार्यक्रम में यातायात पुलिस प्रभारी श्रवण कुमार के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की बच्चो को मोटर वाहन चलाने से बचना चाहिए तथा 18 वर्ष के उम्र पूरी होने के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के बाद वाहन चलाना चाहिए तथा अपने अभिभावक को भी हेलमेट का प्रयोग करने हेतु आग्रह करनी चाहिए उन्होंने आगे बताया की यदि छोटे बच्चे दुपहिया वाहन चलते हुए पकडे जाएँगे तो उनके अभिभावक को 25000 तक का जुमार्ना देना पड़ सकता है सड़क सुरक्षा टीम में उपस्थित आईटी सहायक के द्वारा बताया गया की यदि सड़क में यदि कोई व्यक्ति घायल हो तो उसका वीडियो ना बना कर हमें तुरंत एक अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए एम्बुलेंस 108 अथवा पुलिस को बुलानी चाहिए ताकि घायल तो तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुचाया जा सके जिससे की घायल को उपचार किया जा सके और जान बचाई जा सके। सरकार घायलों को मदद करने वाले अच्छी नागरिको को पुरुस्कार राशी के रूप में 2000 रूपया भी देती है। इस कार्यक्रम में लगभग 350 से अधिक बच्चे सहित 14 शिक्षक भी शामिल हुए इस कार्यक्रम में अतिथी के रूप में सड़क सुरक्षा से रोड इंजिनियर एनालिस्ट शारिक इकबाल आईटी सहायक अरविन्द कुमार तथा यातायात प्रभारी श्रवण कुमार शामिल हुए। सड़क सुरक्षा माह 2025 अन्तरग आज अन्य विभिन्न कार्यक्रम अंतर्गत सड़क सुरक्षा सम्बन्धी का उद्घाटन, नुक्कड़ नाटक के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, जागरूकता रथ के माध्यम से सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी का प्रसार तथा वाहन जांच सह काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजन आदि आज किया जा रहा है।

## समरसता और सांगठनिक विकास के लिए सामाजिक मिलन आवश्यक : अध्यक्ष




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** अखिल भारतीय का एक महासभा उप समिति बरही ने रविवार को सूर्य मंदिर स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चूड़ा दही कार्यक्रम का आयोजन किया है जिसमे प्रखंड के सभी चित्रांश सही अभाकाम जिला इकाई के कई पदाधिकारी शिरकत करेंगे। उक्त बाते जिला उपाध्यक्ष सह बरही अनुमंडल प्रभारी शैलेंद्र सिन्हा ने दी। बरही उपसमिति के अध्यक्ष अशोक बख्शी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चित्रांश परिवार के बीच सामाजिक समरसता कायम कारण और सांगठनिक विकास पर चर्चा करना है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध जनों का समाज को विकास के पथ पर आगे ले जाना और जरूरतमंदों को हर संभव मदद करने के लिए उत्सुक होना चाहिए। चूड़ा दही कार्यक्रम इस नववर्ष के लिए पहला सार्वजनिक मिलन कार्यक्रम है। कार्यक्रम को लेकर सभी में उत्सुक हैं।

# अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाऐं पदाधिकारी : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने अपराध गोष्ठी किया इस गोष्ठी में जिले भर के सभी थानों के थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक शामिल हुए अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिया। इस दौरान पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी तथा सभी कांडो के त्वरित निष्पादन के लिए , 5/10 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया। सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन, जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन , सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु , अवैध पोस्ता एवं अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया तथा उनके विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया , संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सी सी ए एवं एन एस के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन, अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का पोल खोलती मसोमात मेनवा की कहानी



**चौपारण :** सरकार के गरीबों के प्रति संवेदनशील की पोल खोलती ब्रह्मोरिया पंचायत के हथिया निवासी मेनवा मसोमात की कहानी। एक ओर जहां सरकार व प्रशासन गरीबी मिटाने की डींगें हांकते नही अघाती। वहीं एक परिवार जिसका मुखिया मसोमात मेनवा अपने दो बेटों को पहले ही खो चुकी है और अपने दो नाती मनजीत जिसकी उम्र महज 12 वर्ष व रवि भुइयां व जो मात्र 9 वर्ध का है व एक नातिन किरण कुमारी जो लगभग 14 वर्ष की है। को भगवान भरोसे पाल रही है उसे न तो रहने को घर है और न किसी की आसरा। परिवार को किसी भी सरकारी लाभ की आस लगी हुई है। बुजुर्ग महिला की उम्र करीब 80 वर्ष हो चुकी है पर जनप्रतिनिधियों की उदासीनता देखिए कि ये महिला अब तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन से भी अब तक महरूम है। पूछने पर बुजुर्ग महिला ने बताया कि मुखिया भी कभी उसकी मजबूरी को समझने की कोशिश नही की और किसी प्रकार की मदद भी नही मिला। अंचलाधिकारी संजय यादव ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है जो बहुत ही दु:खद व विचारणीय है। मैं उक्त परिवार की मदद की पूरी कोशिश करूंगा। साथ ही मेरी यह भी कोशिश होगी कि अन्य कोई भी परिवार अगर इस स्थिति में तो उनका भी मदद व सरकारी लाभ जो कानून संगत ही दिया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत जन जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले में सड़क सुरक्षा माह 2025 अंतर्गत विभिन्न जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को लेकर राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत आज HMV स्कूल इचाक तथा डेमोटांड़ में गाड़ी चलाने के प्रशिक्षण को लेकर इच्छुक अभ्यर्थियों को नि: शुल्क हल्के मोटर वाहन चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है जो एक सप्ताह तक निरन्तर जारी रहेगा। इसके अलावा जिले में विभिन्न स्थानों में सड़क सुरक्षा संबंधी नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जा रहा है साथ ही विभिन्न स्थानों में जागरूकता रथ के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जा रही है और पम्पलेट भी वितरित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सड़क सुरक्षा टीम यातायात पुलिस के साथ मिल कर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों की काउंसलिंग भी कर रही है। जिले में सड़क सुरक्षा माह 2025 को लेकर आदर्श +2 उच्च विद्यालय हजारीबाग में सड़क सुरक्षा टीम तथा यातायात पुलिस प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता तथा यातायात नियमों के पालन के बारे में बताया गया। साथ ही इसके उल्लंघन करने पर लगने वाले दंड , हिट एंड रन मामले में मिलने वाली मुआवजा राशि तथा गुड समरितन आदि के बारे में भी जानकारी दी गई ।

### भुईयां समाज प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम ने थाना प्रभारी का किया स्वागत



**बड़कागांव :** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम के नेतृत्व में समाज के लोगों ने थाना प्रभारी नेमधारी रजक को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। समाज के लोगों ने कहा आपसे आशा करता हूं कि जो भी हमारे समाज का समस्या आए इसका निष्पादन सही तरीके से कीजिएगा। वहीं पर थाना प्रभारी ने आश्वासन देते हुए कहा की जो भी समस्या होगा इसका निष्पादन निष्पक्ष रूप से किया जाएगा। मौके पर उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम ,सचिव शंकर कुमार भुईयां, उपाध्यक्ष रामबृक्ष राम, अशोक राम ने इत्यादि लोग उपस्थित थें।

### बेफिक्र होकर मनाईए छुट्टियां, पुलिस करेगी आपके घर की सुरक्षा



**रामगढ़ :** रामगढ़ शहरवासी अब बेफिक्र होकर अपनी छुट्टियां मना सकते हैं। वे अगर आपातकाल या छुट्टियों में घर में ताला बंद कर जाते हैं, तो उनके घर की सुरक्षा रामगढ़ पुलिस करेगी। लेकिन यह सुरक्षा तभी संभव हो पाएगी जब पुलिस की बात नागरिक मानेंगे। घर में ताला बंद कर बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं तो इसकी सूचना पुलिस को भी उपलब्ध कराये। साथ ही अपने घर के अंदर और बाहर चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। रामगढ़ शहर में चोरी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए एसपी अजय कुमार ने अनोखी पहल की है। उन्होंने रामगढ़ थाना प्रभारी को चोरी की वारदात को रोकने का जिम्मा दिया है। एसपी के अनुसार लोग अपना घर बंद कर बाहर निकल जाते हैं और इसकी सूचना वे किसी को नहीं देते हैं। यहां तक की पड़ोसी को भी नहीं पता होता है कि घर का मालिक कितने दिनों के लिए और कहां चला गया है। जब चोरी की वारदात हो जाती है उसके बाद हाय तौबा मचाया जाता है। नागरिक अपने घर की सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाते हैं और चोरी की वारदात के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराते हैं। एसपी के आदेश के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने आम नागरिकों से अपील जारी की है। उन्होंने कहा है कि जब भी कोई व्यक्ति अपने घर से बाहर लंबे समय के लिए जा रहा है, तो वह इसकी गुप्त सूचना थाने को उपलब्ध कराए। साथ ही घर के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, ताकि घर की सही तरीके से सुरक्षा हो सके।

## एक नजर

### नागपुरी फिल्म जगत के कलाकार खेलेंगे क्रिकेट मैच

**रांची** : झारखंड के नागपुरी कलाकार जेपीएल के तत्वावधान में चार दिवसीय क्रिकेट मैच का खेलगांव मैदान में आगाज करेंगे। शुक्रवार को प्रेस क्लब में अध्यक्ष फिल्म प्रोड्यूसर राजेश कच्छप, मनीष तिर्की, सचिव मोनु राज, कोषाध्यक्ष अधीर राज, नौशाद खान, कुमार सौरभ व अशोक महतो ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान कलाकारों ने कहा कि फिल्म के साथ ही साथ खेल से भी लोगों को मनोरंजन कराने का काम होगा। सभी नागपुरी फिल्म के कलाकार छक्का चौका मारने का प्रयास करेंगे। मैच में 18 टीम बनाया गया है। इसमें दो टीम महिलाओं के लिए है। सभी मैच दस ओवर का होगा। एकदिन मे चार मैच कराने का प्रयास है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। 22 से 25 जनवरी तक होने वाले क्रिकेट मैच में लोक गीतकार, ठेठनागपुरी के कैमरा मैन, सिंगर, एक्टर, बांसुरी बजाने वाला, तबला, गिटार, प्रोड्यूसर, एक्ट्रेस, मेका पैटीस सभी कलाकार मौजूद होंगे। इस दौरान कलाकारों ने कहा कि झारखंड में नागपुरी फिल्म के लिए अलग से बजट होना चाहिए। क्योंकि झारखंड में फिल्म बनाने के लिए प्राकृतिक दृश्य है। यहां फिल्म इंडस्ट्री बनाया जा सकता है। मौके पर नागपुरी गायक कवि किशन, हीरो दिनेश देवा, गायक राजदेव नायक, हीरोइन वर्षा कुमारी व गायिका सरस्वती बुनकर समेत अन्य मौजूद थे।

### पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की अग्रिम जमानत पर अदालत ने मांगी केस डायरी

**रांची** : हजारीबाग बहुचर्चित तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार प्रकरण में व्यवहार न्यायालय में अग्रिम जमानत को लेकर सुनवाई हुई। तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार ने अग्रिम जमानत को लेकर याचिका दायर की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील को सुना और सुनने के बाद केस डायरी की मांग की है। हजारीबाग के तत्कालीन सदर एसडीओ अशोक कुमार के ऊपर उनकी पत्नी अनीता देवी को जिंदा जलाकर मारने का आरोप लगा है। इस संबंध में एसडीओ के साला राजू कुमार गुप्ता ने एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें एसडीओ, एसडीओ के पिता, उसके छोटे भाई और देवरानी पर जलाकर मारने का आरोप लगाते हुए नामजद बनाया।

### प्रदेश कांग्रेस बजट और नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर करेगी मंथन

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस बजट और नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर मंथन करेगी। इसके लिए एक और दो फरवरी को प्रदेश कांग्रेस की बैठक होगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद मौजूद रहेंगे। इसके अलावा पार्टी के विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी व जिला अध्यक्षों के साथ-साथ बोर्ड निगम आयोग के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश करेंगे।

### अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं

**रांची** : झारखंड में पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा। राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। आंशिक बादल भी छाए रहे। बीते 24 घंटे में 3 डिग्री सेल्सियस तापमान गिरा। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने शुक्रवार को दी। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

# भारत विश्व में 'विविधता में एकता' का अद्वितीय और उत्कृष्ट उदाहरण : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को उत्तराखंड से युवा संगम कार्यक्रम के तहत झारखंड की यात्रा पर आए युवाओं के साथ राज भवन में संवाद किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि भारत पूरे विश्व में 'विविधता में एकता' का अद्वितीय और उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। उत्तराखंड के युवाओं का यह दल पांच दिवसीय यात्रा पर यहां आया है।

राज्यपाल ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के माध्यम से एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी संस्कृति, आर्थिक समृद्धि और नवाचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है।

राज्यपाल ने झारखंड और उत्तराखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों का गठन वर्ष 2000 में हुआ था। साथ ही लोकसभा सदस्य के रूप में इनके गठन के पक्ष में उन्होंने अपना मत दिया था। उत्तराखंड, जिसे देवभूमि कहा जाता है, अपने पवित्र तीर्थस्थलों और हिमालय की छटा के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, झारखंड अपनी खनिज संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पर्यटन के क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा वैद्यनाथ समेत कई मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र हैं।

राज्यपाल ने आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के जरिये इस कार्यक्रम की मेजबानी और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के विद्यार्थियों ने हाल ही में उत्तराखंड की यात्रा कर वहां की संस्कृति और शिक्षा का अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इस कार्यक्रम का नोडल संस्थान आईआईटी रुड़की है। साथ ही कहा कि इस प्रतिष्ठित संस्थान का व्यक्तिगत रूप से उनका जुड़ाव भी है।

राज्यपाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा और नवाचार देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर उत्तराखंड से आए हुए युवाओं ने राज्य के संदर्भ में अपना विचार रखा।

## महाकवि घासीराम महली की जयंती पर मेला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : शुक्रवार को महाकवि घासीराम महली के जन्म स्थान करकट, चान्हो, रांची में उनकी जयन्ती के अवसर पर महाकवि घासीराम महली केन्द्रीय स्मारक समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयन्ती समारोह सह मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागपुरी के वरिष्ठ कवि श्री महावीर नायक एवं ईटा, लोहरदगा के लोकप्रिय नागपुरी गायक स्व. गोविन्द शरण लोहरा को मरणोपरांत महाकवि घासी राम सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही अखिल भारतीय जनजाति महली कर्मचारी संघ की ओर से उन्नति बाघवार को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जरियागढ़ राजपरिवार के युवराज डॉ कुमार लाल आदित्येन्द्र नाथ शाहदेव ने कहा कि विरले ही वह घड़ी आती है जब महाकवि घासीराम जैसी हस्ती का जन्म इस धरती में होता है। जब एक कलमकार राजकवि के साथ जनकवि बन जाता है। नागपुरी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा. उमेश नन्द तिवारी ने कहा कि महाकवि घासीराम 19वीं और बीसवीं सदी को अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से जोड़ने वाले ऐसे कवि थे जिनकी रचनाओं के भावपक्ष एवं कलापक्ष को लेकर कई शोध किये जा सकते हैं। उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक है। डा. शकुन्तला मिश्र ने कहा कि महाकवि घासीराम सांस्कृतिक आंदोलनकारी थे। उन्होंने सम्पूर्ण छोटानागपुर को अपने सरल-सहज व्यक्तित्व और गीत संगीत के माध्यम से एक सूत्र में जोड़ कर झारखंड की समन्वित संस्कृति को मजबूत किया था।

## शिक्षा विकास का मूलाधार है : जेबी पाण्डेय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : जिला स्कूल परिसर में शुक्रवार को समय इंडिया नई दिल्ली के तत्वावधान में 10 दिवसीय पुस्तक मेला का शुभारंभ हुआ। पुस्तक मेला का समवेत उद्घाटन रांची के विधायक सी. पी. सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी और पूर्व विभागाध्यक्ष रांची विवि डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय के दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। डॉ. जे. बी. पाण्डेय ने कहा कि ज्ञान संसार में पवित्रम वस्तु है। ज्ञान पुस्तकों में है और पुस्तकें पुस्तक मेला में हैं। ज्ञान की आराधना सबके लिए अपेक्षित है। ज्ञान ही विकास का मूलाधार है। साथ ही मातृभाषा हिंदी की महता पर प्रकाश डाला।

राजसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने कहा कि पुस्तकों से व्यक्ति को सदा जुड़ाव रहना चाहिए,क्योंकि किताबें सच्चा मित्र ही नहीं सुखझदुख की साथी भी हैं। उन्होंने पुस्तकों की महत्ता को खासतौर पर रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि यदि पुस्तकें नहीं होतीं तो हम अपनी परम्परा, संस्कृति और ज्ञान संपदा को नहीं जान पाते। विधियक सी.पी. सिंह ने भी पुस्तकों को व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पुस्तक लिखना आसान नहीं। बहुत साधना और संयम की जरूरत होती है। मुझे कोई किताब लिखने को कहे तो मेरे लिए मुश्किल होगी। उन्होंने पुस्तक पठनीयता पर बोलते हुए कहा कि आज के दौर में पुस्तकें पढ़ने वाले कम हो रहे हैं लेकिन इस तरह के आयोजन से पठनीयता बढ़ती है। लोग किताबों के करीब आते हैं और उनकी रुचि में परिवर्तन आता है। उद्घाटन के मोके पर डॉ. उर्मिला सिन्हा की दो पुस्तकें- यादों की पोटली, एक जोड़ी आंखें (कहानी संग्रह) और अशोक बंका की पुस्तक - सरहुल (कहानी संग्रह) का मंचासीन अतिथियों द्वारा लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर पटना से डॉ. मनोज गोवर्धनपुरी, रांची की डॉ. ममता मनीष सिन्हा, डॉ. कुमारी कुसुम लता, डॉ. वीणा श्रीवास्तव, डॉ विनोद सिंह गहरवार, के. के. सिन्हा जैसे प्रभृत्ति विद्वानों ने अपने उद्गार व्यक्त किए। मेला परिसर पुस्तक प्रेमियों से खचाखच भरा था। आगत अतिथियों का स्वागत मेला संयोजक चंद्र भूषण जी ने, कुशल संचालन अशोक कुमार प्रमाणिक ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उर्मिला सिन्हा ने किया।

## झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने ईएसआई अस्पताल का किया निरीक्षण, बीमितों के इलाज की सुविधाओं का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने आज नामकुम स्थित ईएसआई अस्पताल का दौरा किया। वहां प्रतिनिधिमंडल ने बीमितों के इलाज की सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान यह पाया गया कि 200 बेड वाले निर्माणाधीन अस्पताल का काम जल्द ही खत्म होने की कगार पर है। ऐसे में अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जा रहा है। इससे राजधानी में स्थित इस अस्पताल से लगभग 5 लाख बीमित और उनके परिजन लाभान्वित होंगे।

चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने पुराने अस्पताल का भी मुआयना किया, जहां बीमितों के इलाज की सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। हालांकि, अस्पताल में चिकित्सकों की कमी की बात सामने आई, जिसे विभाग जल्द ही पूरा करने की योजना बना रहा है। इसके अलावा, मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन से अनुरोध किया कि ईएसआई द्वारा पहले की तरह ऑनलाइन सुविधा समागम बैठकों का आयोजन हर माह किया जाए। इस प्रस्ताव पर क्षेत्रीय निदेशक ने सहमति व्यक्त करते हुए बैठकें जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी प्रतिष्ठान में 9 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, तो वहां एरक्ठ लागू होता है। वहीं, एक कर्मचारी वाले प्रतिष्ठान को भी पांच प्रकार के रजिस्टर मेंटेन करने की अनिर्वायता है।

इस दौरे में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, श्रम एवं ईएसआई उप समिति चेयरमेन प्रमोद सारस्वत के अलावा विभाग से संयुक्त निदेशक शिवेंदु कुमार, चिकित्सा अधीक्षक नीरज कुमार, सहायक निदेशक अभिषेक कुमार भी उपस्थित थे। यह जानकारी चैंबर के प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## जेसीईआरटी कैंपस में राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**रांची** : शिक्षकों में कुशल प्रबंधन विकसित करने के उदेश्य से रांची के जेसीईआरटी कैंपस में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। यह सेमिनार 19 जनवरी तक चलेगा। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेमिनार के नियमित आयोजन से शिक्षकों और विद्यालय प्रमुखों में ऊर्जा का संचार हुआ है। सेमिनार के लिए प्राप्त होने के केस पर आधारित अध्ययन शोध पत्र और वीडियो डॉक्युमेंट्री की संख्या में जहां वृद्धि से अकादमी में उत्साह है। वहीं इस सेमिनार के जरिए आने वाले नए-नए विचारों को विभाग के द्वारा अपनाने का काम किया जा रहा है। शिक्षकों से नेतृत्व क्षमता विकसित करने की अपील की गई।

## हाई कोर्ट ने खरकई डैम और रिंग रोड के निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका की खारिज, हस्तक्षेप से किया इंकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट ने आज दो जनहित याचिकाओं में अपना फैसला सुनाया और दोनों ही याचिकाओं को खारिज कर दिया। संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका में सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में 6 हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताई गई थी। प्रार्थी का कहना था कि 6 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करने के बाद वर्ष 2020 में एक पत्र के जरिए इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया, जबकि इसके लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका था और विस्थापितों के लिए नया बसावट स्थल भी तैयार किया गया था। इस पर कोर्ट ने हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

अजय नारायण लाल द्वारा दायर दूसरी जनहित याचिका में धनबाद में प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण कार्य की स्थिति पर सवाल उठाए गए थे। प्रार्थी ने बताया कि 16 मई 2011 को राज्य सरकार ने धनबाद में रिंग रोड बनाने के लिए अधिसूचना जारी की थी और झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण को निर्माण कार्य की जिम्मेदारी दी थी। हालांकि, 13 वर्षों के बाद भी रिंग रोड का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया, जबकि इसके लिए जमीन का अधिग्रहण भी किया गया और 76 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इस याचिका को भी हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। दोनों मामलों में झारखंड हाई कोर्ट ने प्रार्थियों की याचिकाओं को खारिज कर दिया और राज्य सरकार के निर्णयों को चुनौती देने से इंकार किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलना झारखंडी समाज के लिए गर्व का विषय : विजय शंकर

**रांची** : उपरोक्त बाते शुक्रवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आज झारखंड की पहली महिला स्टार हॉकी खिलाड़ी एवं भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि झारखंड के सिमडेगा जिले की मूल निवासी सलीमा टेटे मई 2024 से भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व कर रही हैं। अपने पैतृक गांव बड़की छापर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का उनका सफर लचीलापन और प्रतिभा से भरा रहा है। उनके पिता, सुलक्षण टेटे, जो एक पूर्व स्थानीय हॉकी खिलाड़ी थे, ने सफलता की चुनौतीपूर्ण यात्रा में उनका कदम कदम पर साथ दिया जो काबिले तारीफ है। श्री नायक ने आगे कहा कि सलीमा का हॉकी करियर 2010 में शुरू हुआ जब सिमडेगा हॉकी के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने एक ग्रामीण स्तरीय टूनार्मेंट के दौरान उनकी प्रतिभा को देखा। शुरूआत में डिफेंडर रहीं सलीमा ने बाद में मिडफील्डर की भूमिका निभाई और कभी-कभी जरूरत पड़ने पर फॉरवर्ड के रूप में खेलकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 2016 में, उन्हें जूनियर भारतीय हॉकी महिला टीम के लिए चुना गया, जिसने उनके उल्लेखनीय करियर की नींव रखी थी। इस सम्मान के साथ, सलीमा अर्जुन पुरस्कार पाने वाली झारखंड की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई हैं। श्री नायक ने यह भी कहा कि उनकी यह उपलब्धि हर झारखंडी समाज के लिए गर्व और गौरव का विषय है तथा पूरे राज्य के लिए खुशी का क्षण है। इन्होने यह भी कहा की झारखंड की धरती सिर्फ खनीजो से ही भरा पुरा नही है बल्कि इस रत्न गर्भा धरती में अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ीयो को देश को दिया है। अगर राज्य की हेमन्त सोरेन सरकार इन गुदड़ी के लाल खिलाड़ीयो को सुविधा से लैस कर दिया गया तो यह धरती खेलकूद के मामले मे चीन, जापान, अमेरिका को पीछे छोड़ देगा। सिर्फ खिलाड़ीयो को तराशने के लिए हर जिलो मे जौहरी रुपी कोच और साधन सिर्फ उपलब्ध करा दिए जाए।

### जीडीपी नहीं, एचडीआई बने विकास का पैमाना : जेपी जनता दल

**रांची** : जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने ग्रास डोमेस्टिक प्रोडक्ट इंडेक्स (जीडीपी) की जगह ह्यूमन डेवलपमेंट (एचडीआई)को विकास का आधार बनाने का आग्रह किया है। जीडीपी से वास्तविक विकास को मापना अपनी पीठ खुद थपथपाने जैसा है, जबकि एचडीआई सही मायने लोंगों का जीवन स्तर उठा या गिरा को दर्शार्ता है। देश की आर्थिक स्थिति और लोंगों के जीवन स्तर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सहाय से कई दौर के विमर्श के बाद जेपी जनता दल देश के वित्त मंत्री को इस बाबत पत्र लिखने के निर्णय तक पहुंचा है। श्री मिश्र ने कहा की जीडीपी का आकलन आरबीआई सहित विभिन्न संस्थानों से होता रहा है। देश का जीडीपी 5 से 10 फीसद के बीच रहने के बाद भी हमारे जीवन स्तर में खास बदलाव नहीं देखा गया। लोगों के सही जीवन स्तर का आकलन एचडीआई (ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स) करता है। एचडीआई कें सूचकांक में विश्व के 193 देशों में भारत 134 वें स्थान पर है। यह आंकड़ा यूएनडीपी (युनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम द्वारा 2023-24 के लिए घोषित है। यूएनडीपी के तहत केरल सबसे बेहतर राज्य है। झारखण्ड, बिहार, असम, यूपी, एमपी, ओडिसा सहित हिंदी पट्टी के प्रदेशों की स्थिति खराब है। 21 राज्यों में झारखण्ड 20 वें स्थान पर है। स्थिति की गंभीरता के मद्देनजर जेपी जनता दल केंद्र और राज्य सरकारों से पुराने बजटीय प्रावधान के साथ नयी सोच को समाहित करने का आग्रह करती है।

### राजद सुप्रीमो लालू से मिले झारखंड के प्रदेश महासचिव



**रांची** : झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने शुक्रवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से पटना स्थित उनके आवास में मुलाकात की। इस दौरान कैलाश यादव ने राजद सुप्रीमो को नव वर्ष की बधाई दी। साथ ही उनसे आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि पटना के एक होटल में राजद का एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक शनिवार को होना है। बैठक में झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, झारखंड सरकार के श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा सहित कई लोग शामिल होंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**रांची** : पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की शुक्रवार को तबीयत बिगड़ गई। सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि स्वास्थ्य संबंधित जटिलताओं की वजह से उन्हें शुक्रवार सुबह टाटा मेन हॉस्पिटल (जमशेदपुर) में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, चिंता की कोई बात नहीं है। अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं और बहुत जल्द पूर्णत: स्वस्थ होकर आप सभी के बीच वापस आऊंगा। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि ईश्वर से आपके कुशल स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं। आप जल्द से जल्द स्वस्थ होकर फिर से जनसेवा के पथ पर अग्रसर हों, ऐसी कामना है।

### आठवें वेतन आयोग के गठन की मंजूरी मिलने पर भाजपा नेता ने केंद्र के प्रति किया आभार प्रकट

**रांची** : भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन की मंजूरी प्रदान करने के लिए मोदी सरकार के प्रति आभार जताया है। भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह ने कहा कि इससे कर्मचारियों और पेंशनधारियों को लाभ मिलेगा। यह 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। देखना यह है कि आयोग सही समय पर रिपोर्ट पेश करता है, या नहीं! आशा है कि आयोग द्वारा सही समय पर ही रिपोर्ट पेश किया जाएगा। कहा कि आयोग की सिफारिश लागू होने पर झारखंड में कार्यरत 21 हजार केंद्रीय कर्मियों समेत देशभर में सेवारत 45 लाख और सेवानिवृत्ति 68 लाख यानी कुल 1 करोड़ 13 लाख केंद्रीय कर्मियों को लाभ मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि वेतन आयोग हर 10 वर्ष में लागू किया जाता है। सातवें वेतन आयोग का गठन वर्ष 2014 में किया गया था। और इसकी सिफारिश 1 जनवरी 2016 से लागू हुई थी। इसमें करीब एक करोड़ केंद्रीय कर्मियों एवं पेंशनधारियों को लाभ हुआ था। सातवें वेतनमान लागू होने से वित वर्ष 2016-2017 में खर्च में करीब 1 लाख करोड रुपए की वृद्धि हुई थी। उन्होंने कहा की आजादी के बाद देश की आर्थिक तरक्की के साथ सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतनमान में लगातार वृद्धि होती गई। अभी तक गठित वेतन आयोग की सिफारिश को देखा जाए तो आजादी के 78 वर्षों में न्यूनतम वेतनमान में 32,627 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

## एक नजर

### आरएसपी कॉलेज में इकॉनमिक साक्षरता पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**झरिया (धनबाद):** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी एवं औशत प्राइवेट लिमिटेड, धनबाद के संयुक्त तत्वाधान मे आर एस पी कॉलेज झरिया मे आर्थिक साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का संयोजन कॉमर्स विभाग की विभागध्यक्ष प्रो माधुरी विंझ ने किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कॉमर्स एवं इकोनॉमिक्स विषय के छात्रों एवं अध्यापकों को निवेश के अभिनव प्रवृतियों से रूबरू कराना एवं बुनियादी समझ विकसित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ निलेश कुमार सिंह ने किया। जबकि औसत प्राइवेट लिमिटेड धनबाद के श्री पवन पाण्डेय ने कार्यशाला मे निवेश के उभरते आयाम, इसके संभावनाएं एवं चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम मे डॉ रूबी रंजन प्रसाद, डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ मनोरंजन सिंह समेत कॉमर्स एवं इकोनॉमिक्स विभाग के विद्यार्थी सम्मिलित थे।

### यदुवंश नगर से बिजली पोल हटाने की मांग



**चास :** चास यदुवंश नगर मां कुंती भवन के समीप बिजली का खंभा कभी भी गिर सकता है। इससे बडी घटना घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। मामले को लेकर शक्ति सेना के प्रमुख प्रदीप वर्मन ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर जर्जर पोल को त्वरित हटाने का मांग किया।

### बाइपास सड़क निर्माण को लेकर खूंटी के रैयतों ने की बैठक

**खूंटी:** खूंटी में बाइपास सड़क निर्माण को लेकर शुक्रवार को यहां ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में खूंटी के अंचल कर्मी जीवन तिर्की, प्रभारी सीआई अनुराग हेंब्रम, जिला भू अर्जन कार्यालय के कर्मचारी सुदीप तिग्गा, मुकेश साहू, ब्रह्मदेव के अलावा तथा नेशनल हाइवे के इंजीनियर दिनेश और जूनियर इंजीनियर पीयूष उपस्थित हुए। ग्रामसभा में मुकेश साहू अनुसेवक द्वारा गांव के रैयतो को भूमि अधिग्रहण के संबंध में जानकारी दी और भू अर्जन विभाग में अंकित प्लॉट की संख्या एवं प्रभावित होनेंवाले रैयत के नाम पढ़ कर सुनाये।
मौके पर ग्रामीणों ने मांग की कि खाली जमीन का अधिग्रहण हो या 2019 मे बाइपास सड़क के लिए हुए सर्वे के अनुसार ही भूमि का अधिग्रहण हो। ग्रामीणों ने कहा कि बाइपास सड़क के निर्माण से किसी को नुकसान न हो, इसका ध्यान रखा जाए।

### रॉयल पब्लिक स्कूल में साइंस ओलंपियाड के सफल बच्चे हुए सम्मानित

**बोकारो :** रॉयल पब्लिक स्कूल में साइंस ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1 से 5 तक के 40 बच्चों ने भाग लिया और सभी बच्चे अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 1 के निखिल, प्रियांशु, विजित को 1,667 मिला हैं और कक्षा 2 की एंजेल आर्या को 2500, रुपए मिले आरुषि, अभी वर्मा, आर्या, लाडली, आर्यन, मानव, मीरा, राहुल सिंह को1000 रुपए एवं युवराज को500 रुपए मिले। कक्षा 3 के शिशिर, अक्षत, पूजा, अनंतारा, तनुश्री, हिमांशु, प्रिंस, शौर्य राज, अंशु, पलक को गोल्ड मेडल एवं जोनल लेवल, रीजनल लेवल, इंटरनेशनल लेवल, स्कूल लेवल पर फर्स्ट रैंक मिला है। क्लास 4 वं क्लास 5 की गुंजन उरांवऔर रुद्र प्रताप सिंह, रुद्रप्रताप, अर्पित, आराध्या, श्याम सुंदर, यशराज ने गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं।

# वेदांता ई एसएल ने गांव में पौधों का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** अग्रणी इस्पात निमार्ता वेदांता ई एस एल ने गुरुवार को अपने संयंत्र के आस-पास के गांवों में बड़े पैमाने पर पौधा वितरण अभियान चलाया। पर्यावरण स्थिरता और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत सीएसआर संचालित गांवों में स्थानीय निवासियों को 4000 से अधिक फलदार पेड़ वितरित किया। यह पहल पर्यावरण विभाग के साथ साझेदारी में आयोजित की गई, जिसने तकनीकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन प्रदान किया। वितरित किए गए पौधों में पांच प्रकार के फलदार पेड़ के पौधे शामिल थे,जिसमें आम, केला, अमरूद, आंवला और कटहल शामिल थे। ये सारे फलों के पौधे स्थानीय जलवायु के अनुकूल होने, उच्च पोषण मूल्य और आर्थिक लाभ उत्पन्न करने की क्षमता के निमित चयन किए गए। इस पहल का उद्देश्य वनीकरण को प्रोत्साहित करना, वायु गुणवत्ता में सुधार करना और क्षेत्र में जैव विविधता को बढ़ाना है। इसके माध्यम से, अभियान का उद्देश्य हरित आवरण में सुधार और जैव विविधता का समर्थन करके पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह ग्रामीणों के लिए पोषण और संभावित आजीविका के अवसरों का एक स्थायी स्त्रोत प्रदान करना चाहता है, जो उनके समग्र कल्याण और आर्थिक स्थिरता में योगदान देता है। इस पहल में स्थानीय निवासियों, सामुदायिक नेताओं और फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ-साथ पंचायती राज संस्थानों की उत्साही भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर बोलते हुए, वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, ₹हमारा मिशन स्टील उत्पादन से आगे तक फैला हुआ है। हम पर्यावरण और उन समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं, जिनमें हम काम करते हैं। वेदांता स्थिरता और सामुदायिक कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक और एक विश्वसनीय पड़ोसी बनने का प्रयास करता है और यह पौधा वितरण अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित भविष्य बनाने की दिशा में एक छोटा लेकिन सार्थक कदम है। हम इस तरह के सार्थक कार्यक्रम का हिस्सा बनने के अवसर के लिए आभारी हैं और भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए इन पेड़ों को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जीतुन अंसारी, मुखिया, चंदाहा ने कहा ₹यह पौधा वितरण अभियान सीएसआर टीम द्वारा एक अद्भुत पहल है। आम और अमरूद जैसे फलों के पेड़ों को वितरित करने का मतलब है कि हमारे पास जल्द ही खाने के लिए फल होंगे और अगर अतिरिक्त होंगे तो हम उन्हें बेच भी सकेंगे। यह हमारे जीवन को बेहतर बनाने और साथ ही प्रकृति की रक्षा करने में हमारी मदद करने का एक विचारशील तरीका है। शीतल सिंह, मुखिया, पूर्वी मोहल ने कहा कि यह पौधा वितरण अभियान वेदांता ईएसएल की व्यापक कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों का हिस्सा है, जो अपने परिचालन के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिरता, सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। फलदार पेड़ों का रोपण कार्बन अवशोषण में योगदान देता है, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करता है और स्थानीय जैव विविधता का समर्थन करता है, जो वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों के साथ संरेखित होता है। पोषण की दृष्टि से, ये पेड़ ताजे फलों का एक विश्वसनीय स्त्रोत प्रदान करते हैं, आहार विविधता को बढ़ाते हैं और ग्रामीणों के बीच खाद्य असुरक्षा को कम करते हैं। इसके अतिरिक्त, अतिरिक्त फलों को स्थानीय बाजारों में बेचा जा सकता है, जिससे आर्थिक अवसर पैदा होंगे और परिवारों के लिए अतिरिक्त आय का स्त्रोत बनेगा। पेड़ों की देखभाल और रखरखाव में समुदाय को शामिल करके, यह अभियान स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है, स्थायी प्रथाओं और संरक्षण प्रयासों को प्रोत्साहित करता है।

## महाराणा प्रताप मंगल पांडे विचार मंच ने जिला परिवहन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** महाराणा प्रताप मंगल पांडे विचार मंच के अध्यक्ष कुंज बिहारी पाठक ने जिला परिवहन पदाधिकारी से उनके कैंप-2 स्थित कार्यालय में मिलकर सर्वप्रथम नव वर्ष की शुभकामना दी साथ ही जिले के सभी पेट्रोल पंप को नो हेलमेट नो पेट्रोल के विषय में निर्देशित करने पर क्षेत्र की जनता की तरफ से साधुवाद दिया तत्पश्चात जनहित में एक ज्ञापन सौंपा।
इस ज्ञापन में मुख्य रूप से श्री पाठक ने बताया कि पूरे जिले में एक तरफ जहां जनता अपनी सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के पालन करने हेतु विभिन्न दुकानों से हेलमेट की खरीदारी करती हैं लेकिन ऐसा लगातार देखा जा रहा है कि बहुत स्थानों पर बिना आई एस आई और बी आई एस मार्क के हेलमेटो की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है जानकारी के अभाव में जनता को फर्जी हेलमेट बेंच कर संबंधित कारोबारी मोटा मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं। हेलमेट विक्रेताओं के द्वारा की जा रही इस कृत्य से मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 194 डी कि खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। उक्त मामले में पदाधिकारी ने त्वरित रूप से मामले का संज्ञान लेते हुए सभी हेलमेट विक्रेता दुकानों की शीघ्र जांच कर प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

## आरएनबी अस्पताल और पाल आई रिसर्च सेंटर का 6 वां वर्षगांठ मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** स्टील सिटी के को ऑपरेटिव कॉलोनी में स्थित आर एन बी अस्पताल एवं पाल आई रिसर्च सेंटर का 6वा वर्षगांठ धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर धनबाद के माननीय सांसद ढुल्लू महतो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया मौके पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि यह अस्पताल जनसेवा की भावना से संचालित किया जाता है । बहुत ऐसे मरीज जो आर्थिक रूप से कमजोड़ है उन्हें भी यहां मानवीय आधार पर इलाज किया जाता है। अवसर पर डॉ मुक्तेश्वर रजक ने कहा कि आज बोकारो की जनता के प्रेम और आशीर्वाद से हमारा अस्पताल नित्य प्रगति पथ पर अग्रसर है वर्तमान समय में इस अस्पताल में मरीजों के लिए बेहतरीन ओपीडी सेवाओं के लिए अनुभवी चिकित्सकों की टीम कार्य कर रही है वही अस्पताल में जनरल मेडिसिन, सर्जरी, नेफ्रो, यूरोलॉजी, डायलिसिस, आर्थोपेडिक, उपथलमोलोजी, गाइनेकोलॉजिस्ट, इंडोक्रेनोलॉजिस्ट सुचारू रूप से जनहित में कार्य कर रहे हैं वहीं सभी लैबरेटरी सर्विस जैसे इमेजिन, एक्सरे, ई सी जी, बायो केमेस्ट्री, हिमेटोलॉजी, क्लिनिकल पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, शेरोलॉजी जैसे अत्याधुनिक सेवाओं का सस्ते दरों में उपलब्ध है। श्री रजक ने कहा कि हमारा लक्ष्य बोकारो को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य बनाना है जनता स्वास्थ्य रहे यही ईश्वर से कामना करते हैं इस अवसर पर मुख्यरूप से सर्व श्री डॉ एन डी कच्छप,डॉ पिंकी,डॉ आर के मिश्रा,डॉ सुमित,डॉ शशि रंजन, डॉ कुमुदिनी शर्मा, डॉ प्रदीप कुमार,कुंज बिहारी पाठक, राजू कुमार उपस्थित रहे।

## संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में नवोदय मॉक टेस्ट परीक्षा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** शुक्रवार को संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में नवोदय मॉक टेस्ट परीक्षा का आयोजन संकल्प एजुकेशन फाऊंडेशन के द्वारा किया गया। मॉक टेस्ट में उत्क्रमित मध्य विद्यालय छाताबाद से लाडली कुमारी, सानवि चौहान, सुरभि कुमारी, सर्वमंगला पब्लिक स्कूल भूली से वैष्णवी कुमारी, प्राथमिक विद्यालय केसलपुर कतरास से मानवी कुमारी, प्रीमिया ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल भेलाटांड़ सिजुआ से स्नेहा कुमारी, प्राथमिक विद्यालय आकाश किनारी से रितिका राज ,होली मदर अकाडमी प्रधान खटा फुलवार से अरिजीत कुमार, चारी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर योगेश्वर मोड काको से मयंक कुमार मंडल, अमन कुमार यादव, एकलव्य माध्यमिक विद्यालय शहराज पूर्वी टुंडी से देवराज बासकी, मध्य विद्यालय चीतरपुर तोपचांची से सुमित कुमार महतो, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर श्याम डीह से मन्नू कुमार, राजकीय मध्य विद्यालय महावीर अंगार पथरा से अमन कुमार यादव, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगदाहा से आस्तिक कुमार महतो, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेतुलमारी से अक्षत कुमार, गुजराती हिंदी मध्य विद्यालय कतरास से युग आर्य, प्राथमिक विद्यालय पासी टाड से प्रतीक कुमार यादव, बड्र्स गार्डन स्कूल दल्लू डीह राजगंज से प्रियांशु मुर्मू, नया प्राथमिक विद्यालय बरवाडीह से सत्यम कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय धनरंगी से अजय कुमार ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईस्ट बसुरिया से राजवीर सिंह, नया प्राथमिक विद्यालय तिलैया बेहराडीह से खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी,अनु कुमारी, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल बरवाड़ा से रोहित कुमार हजरा, गांधी स्मारक उच्च विद्यालय से इशिका कुमारी, हर्षिका कुमारी एवं शीतल कुमारी क्वालीफाइंग मार्क्स लाकर सफल रहे। सभी सफल प्रतिभागियों को संकल्प एजुकेशन की ओर से पुरस्कृत किया गया एवं 18 जनवरी को होने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामना एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में चला जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शुक्रवार को पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में बच्चों और शिक्षकों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रोग्राम नेहरू युवा केन्द्र, परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस द्वारा चलाया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के रवि मिश्रा द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा माह की जानकारी दी गई। पुलिस उपाधिक्षक यातायात अरविंद कुमार सिंह के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। सभी बच्चों को बताया गया कि पहले स्वयं यातायात के नियमों का पालन करना शुरू करे। साथ ही अपने परिवार एवं मित्रों को भी इस संबंध में जागरूक करें। साथ ही बच्चों एवं शिक्षकों के बीच बुकलेट बांट कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या ने बच्चों से बिना लाइसेंस के वाहन से कॉलेज नहीं आने का निर्देश दिया। मौके पर अधिवक्ता अशोक कुमार, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने भी सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक किया। वहीं जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि ओवरस्पीड से वाहन नहीं चलाए क्योंकि 80% सड़क हादसे ओवरस्पीड के कारण ही होते है। गलत दिशा से ओवरटेकिंग करने से बचे। इमरजेंसी वाहनों को रास्ता दे। उन्होंने गुड समेरिटन तथा हिट एंड रन की जानकारी दी। मौके पर रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार, नेहरू युवा के कर्मी, ट्राफिक पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# आपदा के समय घबराये नहीं, धैर्यपूर्वक सामना करें : प्राचार्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में विद्यालय के आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से मॉक ड्रिल का रिहर्सल किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा एल के जी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। भूकंप, बिजली की गड़गड़ाहट से सुरक्षा, आग लगने से बचाव के लिए सुरक्षित स्थान पर सावधानी से पहुँचने के अनेक उपाय को बताए गया। इस अवसर पर आकस्मिक प्रवेश व निकासी के लिए संकटकालीन अलार्म द्वारा विद्यार्थियों को सावधान करने के लिए विद्यालय के मुख्य गेट नंबर 1 से प्रवेश करने के लिए कहा गया, गेट नंबर 2 एवं गेट नंबर 3 से प्रवेश एवं निकासी के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई। आपदा से निपटने के अनेक उपाय बताए गए । इस अवसर पर आपातकालीन अलार्म बजाकर बच्चों को संकट का आभास कराया गया। जिससे निकलने के लिए बालवाटिका प्रथम द्वितीय व तृतीय तथा कक्षा पहली और दूसरी के बच्चे को क्रमशः पंक्तिबद्ध होकर अपने वर्ग शिक्षक व शिक्षकेतर तथा चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी दीदी, भैया के सहयोग से मैदान में एकत्रित कराया गया ' कक्षा तीसरी से कक्षा छठी के विद्यार्थी सीढ़ी नंबर एक से कक्षा सातवीं से आठवीं के बच्चे सीढ़ी नंबर 3 से कक्षा नौवीं और बारहवीं के बच्चे सीढ़ी नंबर 2 से मैदान में अपने वर्ग शिक्षक के साथ मैदान में एकत्रित हुए। मॉक ड्रिल कार्यक्रम 3 मिनट का था। जिसमें सभी विद्यार्थियों को अपनी कक्षा से निकलकर खेल मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी थी। इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि आपदाएं कहकर नहीं आती हैं इसके बचाव हेतु उपाय को जानने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रार्थना सभा में सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के अंदर और बाहर जाने का तरीका बताया । बच्चों ने काफी सावधानी पूर्वक अपने वर्ग शिक्षक के सहयोग से कार्य को पूरा किया। विद्यालय के खेल शिक्षक अमित कुमार ने हरी झंडी दिखाकर सबको सुरक्षित होने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मजदूर संघ के सदस्यों ने 27 सूत्री मांग पत्र पर वार्ता का किया आयोजन



**धनबाद :** सिजुआ एरिया पांच के सम्मेलन कक्ष में बिहार जनता खान मजदूर संघ के सदस्यों द्वारा 27 सूत्री मांग पत्र पर वार्ता का आयोजन सिजुआ एरिया 5 के सम्मेलन कक्ष में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता सह बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह उपस्थित हुए। श्री सिंह का स्वागत संघ के सदस्य ने एरिया के प्रांगण में माला पहनाकर जोरदार बाजे गाजे के साथ व पटाखा फोड़ कर स्वागत किया। श्री सिंह के समक्ष सिजुआ एरिया के महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद से सभी मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई। जहां श्री सिंह ने एरिया प्रबंधक के समक्ष कहां की अगर मांगों को नहीं माना जाएगा तो संघ एरिया 4व 5 के जितने भी कोलियरी व वर्कशॉप है सभी का चक्का जाम ऐतिहासिक होगी। जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।वार्ता में प्रबंधन की ओर से सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, एपीएम चन्दन श्रीवास्तव, कुंदन कुमार, राजीव कुमार,प्रमोद कुमार, नारायण प्रसाद, अनिल टुडू व यूनियन की ओर से छोटू सिंह, रमेश सिंह, बालेश्वर पाठक, उपेन्द्र प्रजापति, सत्येंद्र सिंह,पंचू सिंह, महेश प्रसाद साव, बृजबिहारी सिंह, पवन कुमार, सुदर्शन चौहान,दिनेश प्रजापति, बसंत मल्लाह, जितेंद्र निषाद, बिनोद निषाद, राजेश सिंह, अनिल सिंह, रामचंद्र मल्लाह, राजकुमार मल्लाह ,मो मुस्तकीम,अमन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आरएसपी कॉलेज में व्याख्यान का हुआ आयोजन



**धनबाद:** आरएसपी कॉलेज बेलगड़िया धनबाद में खुशी मिशन, झारखंड के संयोजन से खुशी क्लासेज के तत्वाधान में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव को कम करने एवं तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर गहरी समझ विकसित करना था। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता खुशी मिशन के अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान थे। अपने व्याख्यान में श्री चौहान ने कहा कि वर्तमान आर्थिक,सामाजिक, राजनीतिक तनाव के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को खुश रखने के लिए प्रेरित करने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ निलेश कुमार सिंह ने कहा कि योग, प्राणायाम एवं साकारात्मक सोच से ही तनाव को मुक्त किया जा सकता। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण डॉ उपेंद्र कुमार व कार्यक्रम के धन्यवाद ज्ञापन डॉ रामचंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में डॉ सुरेश सिंह मुंडा, डॉ रजनी बारा, प्रो रमेश सरदार, डॉ सत्यम चटर्जी, डॉ अशोक कुमार चौबे, प्रो एतवा टूटी, डॉ मुकेश शर्मा, प्रो विजय विश्वकर्मा समेत विभिन्न विभाग के शिक्षक, विद्यार्थी एवं बीएड विभाग के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### कसमार में फिर सामने आया मंईयां सम्मान योजना राशि वितरण में गड़बड़ी



**कसमार :** प्रखंड के खैराचातर निवासी लखी देवी के नाम से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की पांच किस्तों की राशि 6500 रुपए कैलाश महतो के खाते में क्रेडिट हो गया है। विगत 4 माह के लखी देवी पति विकास हजाम परेशान है। जब इसकी जानकारी खैराचातर के एक सामाजिक कार्यकर्ता कुमार गौरव को हुआ। तब तहकीकात में यह मामला प्रकाश में आया।
इस मामले में जब बैंक ऑफ इंडिया से संपर्क किया गया तो पता चला कि लखी देवी का अकाउंट नंबर 488310510001965 के स्थान पर कैलाश महतो मुदूलसुदी निवासी के बैंक अकाउंट नंबर 488310510001695 में मैया योजना का राशि क्रेडिट हो रहा है। इस मामले में लखी देवी के द्वारा संबंधित पंचायत तथा आंगनबाड़ी में शिकायत की गई , कि उसका पैसा क्रेडिट नहीं हो रहा है। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है।
इस संबंध में खैराचातर पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनके पास आज शिकायत मिला है। जल्द ही इसका समाधान कर लिया जाएगा।

### स्टील प्लांट में डिप्लोमा इंजीनियर्स के विकास और प्रमोशन के मुद्दों पर यूनियन ने की बैठक



**बोकारो :** इस्पात डिप्लोमा धारी कामगार यूनियन बीआईडीयू के सेक्टर 4 जी स्थित यूनियन कार्यालय में यूनियन के सभी विभागीय प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत डिप्लोमा इंजिनीर्स से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री संदीप कुमार ने कहा कि वर्तमान समय मे बी एस एल के विभिन्न विभागों के उत्पादन एवम लक्ष्य प्राप्ति में डिप्लोमा इंजिनीर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व में जब डिप्लोमा इंजीनियर्स की बहाली एस 6 ग्रेड में होती थी उस समय डिप्लोमा इंजीनियर को एस 8 ग्रेड के बाद 5 वर्ष का अनुभव होने पर यानी कि परमानेंट होने के तेरह वर्षों के बाद जूनियर ऑफिसर में प्रोमोशन के लिए ई जीरो परीक्षा की पात्रता दी जाती थी लेकिन वर्तमान में डिप्लोमा इंजीनियर्स को एस 3 ग्रेड में ज्वाइन कराया जा रहा है उसके बाद उनको एस 6 ग्रेड में 5 वर्ष का अनुभव होने पर ई जीरो परीक्षा की पात्रता दी जा रही है यानी कि वर्तमान में डिप्लोमा इंजिनीर्स को जोइनिंग के 16 वर्षों के बाद ऑफिसर परीक्षा की पात्रता दी जा रही है। इसलिए डिप्लोमा इंजिनीर्स के फ्यूचर ग्रोथ को देखते हुए इसमें जल्द से जल्द बदलाव करते हुए डिप्लोमा इंजिनीर्स को एस 6 ग्रेड में पहुंचते ही ई जीरो परीक्षा की पात्रता दी जानी चाहिये। यूनियन अध्यक्ष रविशंकर ने कहा कि वर्तमान की ई जीरो प्रोमोशन पालिसी के अनुसार जिस प्रकार से अनुभव के अंको की गिनती की जाती है वो डिप्लोमा इंजिनीर्स के लिए बहुत ही नुकसान दायक है। इसलिए ई जीरो परीक्षा में डिप्लोमा इंजिनीर्स के अनुभव के अंको की गिनती जोइनिंग डेट से की जानी चाहिये।

# क्या 'आप' लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका



रमेश सर्राफ धमोरा

**पांच फरवरी को होने वाले मतदान में सबसे बड़ी भूमिका इन फ्लोटिंग वोटरों की होगी। इनका झुकाव जिस तरफ होगा उसी पार्टी को जीत मिलेगी। चुनाव में बहुत कम समय बचा है। ऐसे में सभी पार्टियों के दिग्गज नेता चुनावी मैदान में उतरकर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए जुटे हुए हैं।**

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है।




आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे।

2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी।

2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे।

उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की एक भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि वह आज तक संभल नहीं पा रही है।

दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 से 2024 तक लगातार दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दर्ज करवाती आ रही है। वहीं विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के वोट डालने का ट्रेंड बदल जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कर 46.63 प्रतिशत यानी 38 लाख 38 हजार 850 वोट प्राप्त किए तथा 60 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को 33.08 प्रतिशत यानी 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिले थे तथा 10 सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस को 15.22 प्रतिशत यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिले थे। कांग्रेस एक सीट पर भी आगे नहीं थी। वही 2015 के विधानसभा चुनाव में आप को 67 सीटों पर जीत मिली थी। इसी तरह 2019 में भाजपा ने 56.85 प्रतिशत यानी 49 लाख 8 हजार 541 वोट लेकर सभी सीट जीती थी। तथा 65 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं आप को 18.20 प्रतिशत यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे और सीट एक भी नहीं जीती थी। आप किसी विधानसभा सीट पर आगे नहीं रही थी। वहीं कांग्रेस को 22.63 प्रतिशत यानी 19 लाख 53 हजार 900 वोट मिले थे। कांग्रेस को सीट एक भी नहीं मिली मगर पांच विधानसभा सीट पर आगे रही थी।

2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने लगातार तीसरी बार सभी सातों सीटों को जीतकर 54.35 प्रतिशत यानी 48 लाख 44 हजार 180 वोट प्राप्त किए थे। वहीं 52 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। पार्टी को 24.17 प्रतिशत यानी 21 लाख 54 हजार एक वोट मिला था। पार्टी 10 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस का भी सुपड़ा साफ हो गया था तथा उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से समझौता कर चुनाव लड़ा था। समझौते में आप ने चार व कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें कांग्रेस को 18.91 प्रतिशत यानी 16 लाख 85 हजार 494 वोट मिले थे। कांग्रेस ने आठ विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की थी।

पिछले दो विधानसभा चुनाव के मतदान का ट्रेंड देखे तो दिल्ली में करीबन 16 से 18 प्रतिशत मतदाता ऐसे होते हैं जो किसी भी पार्टी के समर्थन नहीं है। वह हवा का रूख देख कर मतदान करते हैं। आप को स्विंग वाटरों की बदौलत दो बार भारी बहुमत मिल चुका है। स्विंग वोटर का झुकाव जिधर होता है उसी की जीत तय होती है। लोकसभा चुनाव में तो राष्ट्रीय मुद्दों के चलते स्विंग वोटर भाजपा की तरफ झुक जाता है। मगर विधानसभा चुनाव में उसका मूड बदल जाता है। जिसका लाभ आम आदमी पार्टी को मिलता है।

पांच फरवरी को होने वाले मतदान में सबसे बड़ी भूमिका इन फ्लोटिंग वोटरों की होगी। इनका झुकाव जिस तरफ होगा उसी पार्टी को जीत मिलेगी। चुनाव में बहुत कम समय बचा है। ऐसे में सभी पार्टियों के दिग्गज नेता चुनावी मैदान में उतरकर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए जुटे हुए हैं। जेल जाने के चलते अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उनके स्थान पर अतिशी मार्लेना को 21 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उसके बाद से आम आदमी पार्टी में बड़ी उठा पटक मची हुई है। इसी के चलते पार्टी ने बड़ी संख्या में पुराने विधायकों की टिकट काटी है। दूसरे दलों से आने वाले दलबदलुओं को भी बड़ी संख्या में टिकट दिया गया है।

आप के लिए लगातार चौथी बार जीत का चौका लगाने का सुनहरा मौका है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अपनी सरकार बना कर डबल इंजन की सरकार का नारा सार्थक करना चाहती है। कांग्रेस का भी प्रयास है कि कुछ सीट जीत कर अपनी खोई प्रतिष्ठा को फिर से हासिल किया जाए। बहरहाल सभी दलों के लिए इस बार का चुनाव बड़ा ही रोमांचक व कड़ी टक्कर वाला होने जा रहा है। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री वही बनेगा जिसे दिल्ली की जनता चाहेगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

## संपादकीय

### राहुल गांधी का नव उवाच

मोहब्बत की दुकान चलाने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की नफरत संघ, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति इतनी गहरी है कि इसको प्रकट करते हुए हुए इस तरह रो में बह जाते हैं कि उनके बोले हुए शब्द अर्थ का अनर्थ कर देते हैं। कांग्रेस के नये मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने संघ और भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन दोनों संगठनों ने देश के सभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। इसलिए उनकी लड़ाई में केवल संघ और भाजपा के विरुद्ध है बल्कि 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज व्यवस्था) से भी है। भारतीय राज व्यवस्था का मतलब होता है एक विशेष भौगोलिक क्षेत्र, उस क्षेत्र में स्थाई रूप से निवास करने वाली जनसंख्या, जनसंख्या को नियोजित, नियंत्रित और नियमित करने के लिए सरकार और सरकार का स्वरूप तय करने के लिए संविधान और संविधान की सुरक्षा के लिए स्वायत्तता। अब समझ में नहीं आता कि राहुल गांधी इनमें से किसके विरुद्ध लड़ना चाहते हैं। क्या उन्हें भारत की भौगोलिक स्थिति पर ऐतराज है, भारत की जनसंख्या से, सरकार से, संविधान से या स्वायत्तता से परेशानी है। अगर वह भूलवश जैसा कि आदतन करते हैं, इंडियन गवर्नमेंट की जगह इंडियन स्टेट कह गए हैं तब भी उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि इंडियन गवर्नमेंट यानी भारत सरकार संसद से संचालित होती है जिसमें वह स्वयं नेता प्रतिपक्ष हैं। भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में सरकार से लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती। सरकार या सरकारी व्यवस्था से लड़ने का अर्थ होता है अपराध या राजद्रोह और इन दोनों के लिए भारतीय विधान में समुचित दंड की व्यवस्था है। सरकार से लड़ने का मतलब होता है सरकार चलाने वाले राजनीतिक दल और उसकी नीतियों एवं कार्यप्रणाली से लड़ना। अगर वह सरकार को उखाड़ फेंकना भी चाहते हैं तो इसके लिए उन्हें भारतीय राजव्यवस्था से नहीं लड़ना है बल्कि लोकतांत्रिक तरीके से सरकार का विरोध करना है और चुनाव के जरिये उसे बदलने का प्रयास करना है। राहुल ने संघ सरचालक मोहन भागवत की बात को भी मूल संदर्भ से काटकर लिया और उसके आशय को समझने का प्रयास नहीं किया। इसलिए वह बहुत निरर्थक बात कह गए। हम कामना कर सकते हैं कि राहुल थोड़ा अध्ययन करें, विचारशील बने और अपनी बात रखते हुए रखते समय थोड़ा धैर्य और संयम करते हैं।

## चिंतन-मनन

### अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है। यह बाहरी भली-बुरी परिस्थितियां मनुष्य के मनोबल, आस्था और अंतःप्रेरणाओं की प्रतीक हैं। भाग्य यदि कभी कुछ करता होगा तो निश्चय ही उसे पहले मनुष्य की मनोरुचि में ही प्रवेश करना पड़ता होगा, जिसकी अंतःगतिविधियां सही दिशा में चलने लगीं हैं।

# स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह हमारा पहला 'महाकुंभ' होगा



मंजुला शरण

कुंभ का मेला इस वर्ष अत्यधिक चर्चा में है, क्योंकि इस बार का कुंभ 'महाकुंभ' है, जो 144 वर्षों के बाद लगता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह हमारा हमारा पहला 'महाकुंभ' होगा। खगोलीय गणना के अनुसार यह मेल मकर संक्रांति के दिन आरंभ होता है, जब सूर्य और चंद्रमा वृश्चिक राशि में और बृहस्पति मेष राशि में प्रवेश करते है। मकर संक्रांति के कारण इस योग को कुंभ स्नान योग कहा जाता है। इस दिन को मंगल कारी माना जाता है।

कुंभ चार प्रकार के होते हैं - कुंभ, अर्ध कुंभ, पूर्ण कुंभ और महाकुंभ। प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर लगने वाला स्नान मेला कुंभ, 6 वर्षों पर लगने वाला अर्ध कुंभ, 12 वर्षों पर पूर्ण कुंभ और 144 वर्षों अर्थात बारह पूर्ण कुंभ के बाद लाने वाला मेला 'महाकुंभ' कहलाता है।

कुंभ का शाब्दिक अर्थ -घड़ा, सुराही, बर्तन है। यह वैदिक ग्रंथों में पाया जाता है। इसका अर्थ पानी के विषय या पौराणिक कथाओं में अमरता [ अमृत ] के बारे में बताया जाता है। यह शब्द ऋगवेद और प्राचीन हिन्दू ग्रंथों में भी पाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के बाद अमृत कलश निकला था जिसे कुंभ का प्रतीक मन जाता है। मेले का अर्थ है - मिलन या मिलना–सम्मेलन।



कुंभ मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु, संत और साधु शामिल होते हैं जिनकी संख्या करोड़ों में हो सकती है। कुंभ मेला किस स्थान पर आयोजित किया जाए, इसे तय करने के लिए ज्योतिषी और अखाड़े के प्रमुख एक साथ आते हैं और बृहस्पति, सूर्य की स्थिति का निरीक्षण करते हैं। बृहस्पति यानि गुरु और सूर्य दोनों ही हिन्दू ज्योतिष में प्रमुख ग्रह हैं। इनकी गणना के आधार पर कुंभ मेले का स्थान और तिथि तय की जाती है। कुंभ मेला चार स्थानों पर लगता है -1 हरिद्वार गंगा के तट पर, 2–प्रयागराज-गंगा यमुना सरस्वती के संगम तट पर त्रिवेणी संगम कुंभ कहा जाता है। 3–उज्जैन झ शिप्रा नदी के तट पर सिंहस्त कुंभ मेला कहा जाता है। 4–नासिक - गोदावरी के तट पर यंबकेश्वर कुंभ मेला कहा जाता है।

देश भर में अखाड़ों की कुल तेरह संख्या है। सभी अखाड़े उदासीन, शैव और वैष्णव पंथ के सन्यासियों के हैं। सात अखाड़ों का संबंध शैव सन्यासी संप्रदाय से, तीन बैरागी वैष्णव संप्रदाय से और तीन उदासीन अखाड़े से हैं. इन अखाड़ों का तात्पर्य पहलवानों की कुश्ती के अखाड़ों से नहीं है। महाकुंभ के साधु समूह को अखाड़े के नाम से जाना जाता है। आदि शंकरचर्य ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए की संगठन बनाए। जिन्हे शास्त्र विद्या का अधिक ज्ञान प्राप्त था, इन्ही संगठनों को अखाड़े का नाम दिया गया है।

महाकुंभ में शाही स्नान का बहुत ही महत्व है, मान्यता है कि बिना शाही स्नान के कुंभ का पूर्ण फल नहीं मिलता है। इस शाही स्नान में सब से पहले नागा साधु स्नान करते हैं, दूसरे स्थान पर संत समाज उसके बाद गृहस्थ समाज का स्थान आता है। महाकुंभ स्नान से दैवीय तत्व की जागृति और रोगों से छुटकारा मिलता है, सब से बड़ी बात है कि नागा साधुओं के दर्शन केवल कुंभ के अवसर पर ही होते हैं, इसके बाद ये अपने विशेष स्थान पर चले जाते हैं। नागा साधु निर्वस्त्र रहते हैं। सर्दी- गर्मी और अग्नि के प्रभाव से मुक्त रहते हैं अपनी साधना और कठोर ताप के बाल से।

कुंभ मेले में सभी अखाड़ों के साधु संतों की शाही सवारी निकलती है -- ऊंट, हाथी, घोड़े रथों पर अपने ध्वजों और शस्त्रों के साथ। साल 2014 में किन्नर समाज का भी अखाड़ा शुरू हुआ है जो शाही स्नान में शामिल होता है। किन्नर अखाड़ा श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अधीन है। भारत की आजादी के बाद पहला कुंभ प्रयागराज [ इलाहाबाद ] में हुआ था, उस मेले में भगदड़ में बहुत से श्रद्धालुओं की भीड़ में दब कर मौत हो गई थी। इस बार के मेले में इन सारी बातों का पूरा खयाल रख कर सारी व्यवस्था की गई है। आशा है सभी शुभ होगा।

# मुद्दाः रुकना चाहिए अस्पतालों का मनमाना



रजनीश कपूर



आज से करीब पैंतीस वर्ष पहले दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में नेत्र विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में देश के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने बड़े शायराना अंदाज में डॉक्टरों को सम्मान दिया। उन्होंने एक शेर सुनाया, 'तुमको खुदा कहूं या खुदा को खुदा कहूं, दोनों की शक्ल एक है किसको खुदा कहूं'। पूरे हॉल में बज रही तालियों से यह बात स्पष्ट हो गई कि ज्ञानी जी जो संदेश देना चाहते थे वह सही जगह पहुंचा। दरअसल, डॉक्टरों का सम्मान हर कोई इसी उम्मीद से करता है कि भगवान और माता-पिता के बाद यदि कोई पूजनीय है तो वह डॉक्टर भी हैं। परंतु यदि कुछ चुनिंदा और लालची डॉक्टर अपने पेशे से बेईमानी करने लगें तो लोगों का डॉक्टरों की पूरी जमात पर से ही विश्वास उठने लगेगा।

आए दिन हमें यह देखने को मिलता है कि जब किसी मरीज को इलाज के लिए किसी बड़े प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ता है तो उसे काफी खर्च करना पड़ता है। हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाएं अभी इतनी बेहतर नहीं हुई है कि हर नागरिक को अच्छे से अच्छा इलाज कम से कम दर पर मिले। यदि आपके पास मेडिक्लेम न हो तो इलाज करवाना आसान नहीं, परंतु मेडिक्लेम का नाम सुनते ही अस्पताल वाले आपसे अनाप-शनाप पैसे लेने लग जाते हैं। साथ ही आपके इलाज में जुटे डॉक्टर भी ऐसे तमाम टेस्ट आदि लिखवा देते हैं, जिनकी शायद जरूरत ही न हो। बीमा कंपनियों और कुछ निजी अस्पतालों द्वारा चल रहे 'मेडिक्लेम' के गोरखधंधे के बारे में आए दिन शोर मचाता रहता है। क्या यह कहना सही नहीं होगा कि सेवा भाव से चलने वाले कुछ चैरिटेबल अस्पतालों को छोड़ कर कई नामी प्राइवेट अस्पताल मरीजों को केवल कमाई का जरिया ही मानते हैं? कुछ समय पहले मुंबई के सात नामी अस्पतालों के खिलाफ ऐसा ही नाजायज बिलिंग और मरीजों से ठगी के मामले में केस दर्ज हुआ। इन अस्पतालों ने मरीजों से दवा पर छपे हुए दाम से कहीं अधिक रुपये वसूले। जब मामला जांच एजेंसियों के पास पहुंचा तो सच सामने आया और इनके खिलाफ केस दर्ज हुए। जांच में यह पाया गया कि जिस दर पर दवाइयां और अन्य सामग्री अस्पतालों को सप्लाई की जा रही थी, उसमें और मरीजों से लिये जाने वाली रकम में भारी अंतर था। इतना ही नहीं कई दवाओं और जरूरी सामग्री पर तो यह भी स्पष्ट रूप से नहीं लिखा था कि इस विदेशी दवा या जरूरी वस्तु को किसने आयात किया और कब आयात किया। साथ ही इन पर मैन्यूफैक्चरिंग की तिथि भी नहीं छपी थी। इसके साथ ही कई दवाओं और वस्तुओं पर तो अधिकतम विक्रय दर (एमआरपी) भी नहीं छपा था। अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की तरह मेडिकल वस्तुओं की बिक्री में ऐसा करना गैर-कानूनी है, परंतु शायद इन बड़े अस्पतालों के रसूख के चलते कोई आवाज नहीं उठाता। जानकारों के मुताबिक श्दय रोग में इस्तेमाल किए जाने वाले स्टेंट की मरीजों के लिए औसत मूल्य लगभग 2 लाख रुपये होती है, जबकि इसकी असल कीमत 10 से 15 हजार ही होती है। दरअसल, इस स्टेंट को आयात करने वाला व्यक्ति इसे डिस्ट्रीब्यूटर को 40 हजार का बेचता है। अस्पताल को यह स्टेंट 80 से 90 हजार का मिलता है। अस्पताल इसे मरीज को 1.75 लाख से 2 लाख का बेचते हैं। जरा सोचिए जिस वस्तु की कीमत 10 से 15 हजार होती है और उसमें भी इसे बनाने वाले का मुनाफा शामिल है, उसे कई गुना दामों पर बेच कर न सिर्फ मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है बल्कि मरीजों की मजबूरी का भरपूर फायदा भी उठाया जा रहा है। इसलिए आज के युग में सभी को जागरूक और जानकार होने की जरूरत है।

यदि मरीज के पास किसी भी तरह का स्वास्थ्य बीमा या मेडिक्लेम है तो आपको भर्ती होने के लिए दबाव डाला जाता है। केवल इसी द्धष्टि से कि बिना भर्ती हुए आप मेडिक्लेम की कैशलेस सुविधा का फायदा नहीं उठा पाएंगे। कैशलेस यानी की मुफ्त का इलाज। मुफ्त के इलाज के लालच में मरीज और उसके तीमारदार भी अस्पताल के झांसे में आ जाते हैं और बिना पढ़े कई सारे कागजों पर हस्ताक्षर भी कर देते हैं। इस दिखावट की आड़ में अस्पताल ऐसे तमाम टेस्ट और जांच शुरू कर देता है जिनकी इलाज की दृष्टि से जरा भी आवश्यकता नहीं होती। ऐसा केवल बीमा कंपनी को एक मोटा बिल भेजने की मंशा से किया जाता है। जब तक देश में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तय मापदंड नहीं बनेंगे और उन्हें सख्ती से लागू नहीं किया जाएगा तब-तब ऐसा होता रहेगा। सरकार को चाहिए कि हर इलाज के लिए मापदंडों को तय किया जाए और देश भर के सभी अस्पतालों में इलाज के मापदंड और उनकी दरों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। यदि ऐसा होता है तो कभी भी कोई अस्पताल किसी की छोटी सी चोट के लिये प्लास्टिक सर्जरी करने की जुर्रत नहीं करेगा। इससे बीमा कंपनी की ठगी भी कम होगी, स्वास्थ्य सेवाएँ भी बेहतर होंगी और करदाता के पैसे की लूट भी बचेगी।

## एक नजर

### पुल से नीचे गिरा ऑटो तीन लोग घायल

**साहिबगंज/पतना :** रांगा थाना के बरहेट बरहरवा मुख्य पथ पर केशरो के पास एक ऑटो रिक्शा पुल से नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार ऑटो रिक्शा बरहेट से बरहरवा जा रहा था इस क्रम में केशरो के पास ऑटो रिक्शा पल के नीचे गिर गया। दुर्घटना में बोरियों के हाथीगढ़ निवासी ममता देवी 40 वर्षीय, चितरंजन साह 18 वर्षीय, व मुन्ना कुमार 20 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में तीनों सवारी को सीएचसी पहुंचाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से 250 घरों की बिजली हुई बंद

**साहिबगंज/बरहेट :** बरहेट बाजार स्थित मिडिल स्कूल के पास लगा हुआ ट्रांसफार्मर करीब एक सप्ताह दिन से खराब होने के कारण इससे जुड़े करीब 250 घरों में अंधेरा है। इसके अलावा मिडिल स्कूल में भी बिजली नहीं है। इससे स्कूल में पठन–पाठन का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ज्ञात हो कि मिडिल स्कूल में कंप्यूटर की भी पढ़ाई होती है जो बिजली के बिना संभव नहीं है। उक्त ट्रांसफार्मर से समूचे गुप्ता टोला, मुख्य बाजार का कुछ अंश पोखर पटाल, तांती पाड़ा, क्रांति टोला, आदि के उपभोक्ता जुड़े हैं। बिजली नहीं रहने से घरों में पानी की दिक्कत हो रही है तो मोबाइल चार्ज करना भी कठिन हो गया है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि इसकी शिकायत करने पर खराब ट्रांसफार्मर को खोल कर ले जाया तो गया है। लेकिन अब तक दूसरा नहीं लग सका है। उपभोक्ताओं ने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

### 80 वर्षीय वृद्ध को सांड ने मारकर किया घायल



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 80 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति शिवनाथ गौड़, पुरानी साहिबगंज के रहने वाले को सांड ने मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। इलाज के दौरान पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सकड़ोगढ़ से अपने घर पुरानी साहिबगंज जा रहा था। जहां एसडीओ कोठी तलाव के रास्ते में घर जाने के दौरान सांड ने अचानक मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। वहीं राहगीरों ने वृद्ध व्यक्ति को सांड से बचाया और परिजनों को घटना की सूचना दिया, सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों ने वृद्ध व्यक्ति का इलाज किया।

### 22 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण आपरेशन

**बरहरवा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा में शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया के निर्देश व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कर्मकार की उपस्थिति में 22 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। डॉ अनीता कुमारी सिन्हा व मूर्छक डॉ हेमंत मुर्मू ने ऑपरेशन किया। मौके पर दिनेश कुमार, बैम प्रताप कुमार, सहयोगी एएनएम सहित अन्य शामिल थे।

# साहिबगंज उपायुक्त ने किया जिला स्तरीय कृषि मेला सह फल-सब्जी प्रदर्शनी का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने आज जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषि मेला- सह- फल-सब्जी प्रदर्शनी का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों, विशेषज्ञों और उपस्थित पदाधिकारियों से बातचीत की और कार्यक्रम में प्रदर्शित नवीनतम कृषि तकनीकों व उत्पादों का अवलोकन किया।इस मेले का आयोजन जिला कृषि विभाग, जिला मत्स्य विभाग, उधान विभाग, जिला भुमि संरक्षण, जेएसएलपीएस द्वारा किया गया है। जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों और जैविक खेती के प्रति जागरूक करना है। मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें उन्नत कृषि यंत्र, बागवानी उत्पाद, जैविक खाद, और कीटनाशक प्रदर्शित किए गए। उपायुक्त ने प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण किया और उनके महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा ₹कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक और उन्नत ज्ञान से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के मेलों के माध्यम से किसानों को न केवल नई तकनीकों की जानकारी मिलती है, बल्कि उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहन मिलता है।₹ उन्होंने किसानों से अपील की वे पारंपरिक कृषि के साथ-साथ आधुनिक तरीकों को अपनाएं और जैविक खेती पर विशेष ध्यान दें। मेले में स्थानीय किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे आधुनिक तकनीक और नई विधियों ने उनकी खेती को अधिक लाभदायक बनाया है।मेले में फल और सब्जी उत्पादकों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। जिनमें कुछ दुर्लभ और उन्नत किस्मों के फल व सब्जियां शामिल थीं। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार, अग्रिम बैंक प्रबंधक सुधीर कुमार, उप परियोजना निदेशक मन्टू कुमार, कंचन कुमार सुमन, बी० टी० एम०, अजय कुमार पुरी, बी० टी० एम०, प्रीतम ठाकुर, अमित कुमार, कृष्ण कुमार सिंह के अलावे अधिक की संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का हुआ समापन

**साहिबगंज/बरहेट :** वित्तीय वर्ष 2024–25 उद्यान विकास योजना अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा चयनित सखी मंडल के दीदी को आज जिला स्तरीय कृषि मेला सह किसान गोष्ठी में बरहेट प्रखंड के 57 किसानों के बीच उद्यानिकी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, कृषि विज्ञान केंद्र से माया कुमारी के हाथों द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानो को उन्नत खेती कर किसान अपना आमदनी का जरिया बढ़ाएं और हमारे जिले के साथ–साथ हमारे राज्य को भी आगे करेंगे। मौके पर मौजूद जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश, जिला मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, बरहेट एटीएम अनवर, बागवान मित्र राजेंद्र साह, सखी मंडल की दीदी एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

# तालाब के जीर्णोद्धार से जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा एवं कारा सुरक्षा को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और जेलों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए कई मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त ने जिले की वर्तमान सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और कहा कि जिले की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उपायुक्त ने जेल में अनुशासनहीनता और अपराधियों के बीच बढ़ते असामाजिक गतिविधियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। इस संदर्भ में, उन्होंने जेल में मौजूद अभद्र और हिंसक प्रवृत्ति के कैदियों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। अभद्र कैदियों पर सख्ती और सेल में रखने का निर्णय बैठक में निर्णय लिया गया कि जेलों में अनुशासन भंग करने वाले या बार-बार असामाजिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले कैदियों को अलग सेल में रखा जाएगा। उपायुक्त ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि ऐसे कैदियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और उनकी गतिविधियों पर हर समय नजर रखी जाए। उन्होंने कहा, जेल सुधार गृह हैं, लेकिन जो कैदी बार-बार कानून का उल्लंघन करें, उन पर सख्त कार्रवाई करना जरूरी है। जेल के बाह्य परिसर में जैविक सब्जियों का उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल में कैदियों को रचनात्मक और उत्पादक गतिविधियों से जोड़ना जरूरी है, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास हो सके। राजमहल कारागार के बाह्य परिसर में स्थित तालाब को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार से जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल कारा परिसर को हरित और स्वच्छ बनाने के साथ-साथ कैदियों को जल संरक्षण की उपयोगिता सिखाने का भी माध्यम बनेगी। सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि वे मंडल कारा में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ और तीन सहायक नर्स मिडवाइफ की नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कारागार में कैदियों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल अत्यंत आवश्यक है।

# जिला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट में माही स्पोर्ट्स येलो ने 7 विकेट से दर्ज की जीत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में शुक्रवार को नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला गया। नेताजी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 28 ओवर में 181 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अश्विन्त यादव 24, गौरव कुमार 26, शिवम 29, विकास 15, अब्राहम शेख 28 व अभिषेक आनंद ने 12 रन बनाए। माही स्पोर्ट्स येलो के गेंदबाज दीपक मल्लिक ने 3, सागर सुमन, सद्दाम व रवि ने 2-2 व वमीक नईम ने 1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स येलो की टीम 25.5 ओवर में 3 विकेट पर 184 रन बना कर मैच जीत लिया। आदित्य यादव ने नाबाद 50, अनाउल्लाह अंसारी ने 49, रवि ने 15, राहुल ने 19 व दीपक मल्लिक ने नाबाद 39 रन बनाए। नेताजी क्रिकेट क्लब के गेंदबाज अब्राहम शेख व राजू मालतो ने 1-1 विकेट लिया। माही स्पोर्ट्स येलो ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। माही स्पोर्ट्स के खिलाड़ी दीपक मल्लिक को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि सूर्या सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के डॉ शांतनु ने दीपक को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग कुमार सुमन सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे।

# रामनगर पंचायत अंतर्गत चला विधिक जागरूक अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामनगर पंचायत के मुनिया होटल के पास शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के निदेर्शानुसार पीएलवी शुभम कुमार के नेतृत्व में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देश में साहिबगंज जिला में विधिक जागरूकता कार्यक्रम 90 दिनों तक जिला के सभी प्रखंडों एवं पंचायतो में चलाया जा रहा है। प्रखंड पीएलवी शुभम कुमार द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। शुभव कुमार ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि लोग राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से भी फ्री सेवा भी ले सकते हैं। साथ ही बाल मजदूर एवं बाल विवाह रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक किया। मौके पर अमित साहा, कालु रबिदाश, तेना दाश, वार्ड मेंबर सदस्य प्रियो, राजवाड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

# व्यवहार न्यायालय परिसर में जीवन रक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के निदेर्शानुसार एवं मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज और जिला परिवहन विभाग, साहेबगंज के संयुक्त तत्वाधान में आज व्यवहार न्यायलय परिसर में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन नाट्य मंडली के कलाकारों के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया। वाहन चालकों को हेलमेट, सिट बेल्ट, ओवरलोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, तेज रफ्तार जैसे नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में अधिकतर मामले ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के कारण होते हैं। अधिकतर सड़क हादसों का कारण तेज गति से वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग और लापरवाही की बात सामने आती है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक सदैव ही नियमों का पालन करें, घबराकर इधर-उधर न करें और ना ही गाड़ी चलाते समय ट्राफिक नियम को तोड़ कर शार्ट कट अपनाएं, बल्कि नियमों का कठोरता से पालन करें। उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम के लिए भी लोगों को बतलाया। जिला परिवहन पदाधिकारी, साहेबगंज मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल होने वालों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले नेक लोगों के लिए इनाम राशि 2000 रुपये अपने निकट के सामुदायिक केन्द्र से या जिला परिवहन कार्यालय से मिलती है। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहित करने के साथ ही साथ प्रशस्ति प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। इसके अलावा सरकारी योजना के तहत मिलने वाले निःशुल्क सुविधा व विधिक सेवा पर चर्चा की गई। वही विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई। इस नंबर से कॉल कर विधिक सेवा निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। मौके पर चीफ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविन्द गोयल, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी अधिवक्तागण, आम नागरिक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नोटिस देने के बाद भी नहीं किया गया दुकान को खाली, अंचल अधिकारी ने किया सील



**बरहरवा :** बरहरवा सब्जी मंडी बाजार स्थित पुरानी धर्मशाला के एक चश्मे की दुकान को न्यायालय के आदेश पर अंचल अधिकारी बरहरवा रामजी वर्मा के मौजूदगी में सील कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी धर्मशाला परिसर में स्थित इस दुकान को दुकान मालिक लोकेश भगत ने थर्ड पार्टी से एग्रीमेंट करवाया था जो कि नियम अनुसार मान्य नहीं है। इसी वजह से समिति के द्वारा शिकायत किए जाने के बाद न्यायालय के आदेश पर तीन बार नोटिस देकर दुकान खाली करने को कहा गया था। पर इसके बावजूद भी जब दुकानदार ने दुकान खाली नहीं किया तो उसे अंतिम नोटिस दी गई थी, इसके बावजूद भी उन्होंने जब कोई जवाब नहीं दिया तो अंत में न्यायालय के आदेश पर अंचल अधिकारी बरहरवा के मौजूदगी में मंगलवार को मां विंध्यवासिनी ऑप्टिकल नाम से संचालित इस दुकान को खाली करा दिया गया है। प्रशासन के द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान बरहरवा थाना के सब इंस्पेक्टर गुलशन कुमार, अमित कुमार, तथा राजनाथ शाह एवं अंचल निरीक्षक उमेश मंडल भी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक दुकान को खाली कराने की प्रक्रिया चल रही थी।

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय 17 जनवरी एवं 18 जनवरी 2025 को को यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट के प्रथम दिन में खेल का उद्घाटन विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। टूर्नामेंट की शुरूआत कुलसचिव महोदय प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ।उन्होंने सभी टीमों को खेल के भावना से खेलने के लिए सलाह दी। इसके बाद दो टीमों के बीच टॉस कराकर खेल शुरू किया गया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति महोदय श्री बी एन साह ने कहा की खेल से आपस मे साझा काम करने, टीमवर्क कौशल और संघर्ष की महत्वपूर्ण सीख मिलती है। सचिव महोदया सुश्री प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा की यह खेल हमे सिखाता है कि हम सब भारतीय समृद्धि , एकता, और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा है। प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि ने सभी टीमों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि जीवन में ऊंचे मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। पहले दिन में टीम का शानदार प्रदर्शन रहा:– स्नातक और डीफार्म के बीच मैच खेला गया जिसमें स्नातक विजयी रहा। दूसरे टीम शारीरिक शिक्षा और इंजीनियरिंग विभाग के बीच खेला गया जिसमें शारीरिक शिक्षा विभाग के टीम वीजयी रहा। तीसरे में महिला टीम शारीरिक शिक्षा एवं स्नातक विभाग के बीच खेला गया जिसमें शारीरिक शिक्षा विभाग के टीम विजयी रहा। पूरे मैच का कमेंट्री शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र अजय कुमार और विकाश कुमार ने किया।

### प्रदीप वर्मा फाउंडेशन ने सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**ईचागढ़ :** ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए प्रदीप वर्मा फाउंडेशन की ओर से ईचागढ़ विधानसभा के ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत बड़ा चुनचुड़िया स्कूल परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों बुजुर्गों, असहायों और निर्धन महिलाओं को कंबल प्रदान किए गए कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। मंडल अध्यक्ष फटीक गोराई, मुखिया राम सिंह मुंडा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह पंचायत समिति प्रतिनिधि अनिल सिन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिशिर प्रामाणिक, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती टुसू महतो, ग्राम प्रधान गुरुपदों सिंह मुंडा, फाउंडेशन के सदस्य मनोहर दास, और मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। फाउंडेशन के सदस्य मनोहर दास ने कहा कि सेवा परमो धर्म के सिद्धांत पर चलते हुए फाउंडेशन का उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना है। ठंड के इस मौसम में यह कंबल वितरण अभियान कई और स्थानों पर भी जारी रहेगा। कंबल पाकर बुजुर्ग और असहाय लोगों ने खुशी जाहिर की और फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस पहल को समाज के कमजोर वर्गों के लिए एक बड़ा सहारा बताया गया। फाउंडेशन ने आश्वासन दिया है कि आगे भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे ताकि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंच सके।

### पटमदा के बारूबेड़ा और बोड़ाम के हथियाडीह में मेला का हुआ आयोजन



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कुमीर पंचायत के बारूबेड़ा गांव में मकर संक्रांति के अवसर पर टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन बारूबेड़ा मेला कमिटी के द्वारा किया गया। कमिटी के प्रभाकर कोड़ा ने बताया कि इस वर्ष ग्रामीणों के सहयोग से मेला के आयोजन कर ग्रामीण सांस्कृतिक और सभ्यता की रक्षा करने का प्रयास किया गया।ताकि प्राचीन सभ्यता जीवित रखा जा सके।इस दौरान छौ नाच, मुर्गा पाड़ा गंगा मन्ना पश्चिम बंगाल से टुसू प्रतिमा के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया।मेला को सफल बनाने में सोलो आना मेला कमिटी के सहयोग रहा।वही दूसरी ओर बोड़ाम प्रखंड के पोखरिया पंचायत के हथियाडीह गांव में ग्रामीणों का सहयोग से मेला का आयोजन किया गया।इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि मानिक महतो ने शामिल होकर ग्रामीणों को मेला आयोजन पर प्रशंसा की।इस दौरान जिला पार्षद प्रतिनिधि मानिक महतो,चंद्रकेतु हांसदा,महापद सिंह, कालीराम हांसदा,तपन महतो,सुनील सिंह,विष्णु पद महतो,गोपाल,सुकदेव आदि उपस्थित थे।

# ट्रांसफॉर्मेशनल ग्रोथ के लिए तैयार है रिलायंस इंडस्ट्रीज: मुकेश अंबानी

**- कंपनी का मुनाफा 17,265 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,540 करोड़ रुपये रहा**

**नई दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी तीसरी तिमाही के रिजल्ट जारी करके अपने उच्च स्तरीय वित्तीय प्रदर्शन की गरिमा को साबित किया है। इस दौरान कंपनी ने आय और मुनाफे में वृद्धि दर्ज की है, जिससे उसकी स्थिति मजबूत हुई है। कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार पर 17,265 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,540 करोड़ रुपये रहा है। नतीजों पर बात करते हुए कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि आरआईएल ट्रांसफॉर्मेशनल ग्रोथ के लिए तैयार है। मुकेश अंबानी ने कहा कि हमारी जामनगर रिफाइनरी की 25वीं वर्षगांठ पिछले महीने मनाई गई। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि रिलायंस तेजी से आगे बढ़ रहा है और नित नए मानक स्थापित कर रहा है। इससे हमारे व्यवसायों में निहित ताकत और लचीलेपन की भी झलक मिलती है। मुकेश अंबानी ने बढ़ते डिजिटल सेवा व्यवसाय और रिटेल सेगमेंट के सफलतापूर्वक प्रदर्शन पर जोर दिया है। जियो की टीम ने नए भारत की टेक्नोलॉजी क्षमताओं में भूमिका निभाई है, जो उसके ग्राहकों को उत्कृष्ट डिजिटल अनुभव प्रदान करने में मदद करता है। रिटेल सेगमेंट में रिलायंस ने भी अपने अच्छे प्रदर्शन के साथ कई उपयोगी प्रस्तुतियाँ की है। उनकी ग्राहक-केंद्रित इनोवेशन और व्यापक पहुंच द्वारा, वे ग्राहकों को उत्तम खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत रही हैं। ओ2सी व्यवसाय ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है, जिससे रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार हुआ और पेट्रोकेमिकल डेल्टा में भी सुधार देखा गया है। रिलायंस के चेयरमैन का कहना है कि कंपनी तैयार है ट्रांसफॉर्मेशनल ग्रोथ के लिए, जो उसके उच्च स्तरीय वित्तीय प्रदर्शन की गरिमा को साबित करता है। इससे स्पष्ट होता है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नए ऊर्जा और क्रियाशीलता की दिशा में उच्च स्तर पर प्रगति की है और निकट भविष्य में भी यहाँ अच्छे परिणाम की उम्मीद की जा सकती है।

# जापान में नया फोल्डेबल फोन नूबिया फलीप 2 लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

जापान में नूबिया ने अपना नया फोल्डेबल फोन नूबिया फलीप 2 पेश कर दिया है। नूबिया फलीप 2 का सबसे बड़ा बदलाव इसका कवर स्क्रीन है, जिसे गोल स्क्रीन से बदलकर अब रेक्टेंगुलर डिस्प्ले में बदल दिया गया है।

यह नया फोन पिछले मॉडल की तुलना में कई सुधारों के साथ आया है, जिससे यह उपयोगकर्ताओं के लिए और भी आकर्षक बन गया है। इसमें 3 इंच का डिस्प्ले है, जो 422गुणा682 पिक्सल के रिजॉल्यूशन के साथ आता है, जिससे यूजर्स को बिना फोन खोले ऐप्स और नोटिफिकेशन पर त्वरित एक्सेस मिलता है। इसमें 6.9 इंच का ओलेड पैनल है, जो 120एचझेड रिफ्रेश रेट और फुल एचडी प्लस रिजॉल्यूशन के साथ आता है। फोन में 4300 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो फास्ट चार्जिंग का समर्थन करती है। इसके अलावा, यह फोन आईपीएक्स 2 वॉटर रेजिस्टेंट और आईपी4एक्स डस्ट रेजिस्टेंट रेटिंग के साथ आता है, जिससे यह हल्के पानी और धूल से सुरक्षित रहता है।



यह फोन करीब 35,000 रुपये की कीमत में उपलब्ध है और यह ब्लैक, व्हाइट और ब्लू रंगों में उपलब्ध है। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है, जबकि ड्यूल कैमरा सेटअप में 50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर है। नूबिया फलीप 2 में मीडियाटेक डाइमेंसिटी डी7300एक्स प्रोसेसर है, जिसे 6जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ जोड़ा गया है।

# भारत अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी- विश्व बैंक

**- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.7 फीसदी पर स्थिर रखा गया**

**नई दिल्ली ।** विश्व बैंक ने कहा है कि भारत अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.7 फीसदी पर स्थिर रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार और विनिर्माण गतिविधियों में मजबूती की उम्मीद है। सरकार की लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार और कर सुधारों की पहल इन क्षेत्रों को बढ़ावा देगी। विश्व बैंक ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2025 और 2026 में 2.7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो 2024 के समान रहेगा। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अगले दो वर्षों में 4 फीसदी की स्थिर वृद्धि का अनुमान है। विश्व बैंक के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि अगले 25 साल विकासशील देशों के लिए पिछले 25 वर्षों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण होंगे। उच्च ऋण, कमजोर निवेश और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती लागत जैसी चुनौतियां इन देशों के सामने होंगी। इन चुनौतियों से निपटने के लिए घरेलू सुधारों पर जोर देना होगा। विश्व बैंक ने कहा कि भारत की निजी खपत वृद्धि मजबूत श्रम बाजार, विस्तारित क्रेडिट और घटती मुद्रास्फीति से बढ़ेगी। हालांकि, सरकारी खपत वृद्धि सीमित रह सकती है। भारत की विकास दर 2023-24 के 8.2 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेश में कमी और कमजोर विनिर्माण गतिविधियों के कारण यह गिरावट देखी जाएगी। हालांकि, सेवा क्षेत्र स्थिर है और कृषि क्षेत्र में सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में आय में सुधार के चलते निजी खपत लचीली बनी हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में उच्च मुद्रास्फीति और धीमी क्रेडिट वृद्धि ने खपत को प्रभावित किया है। विश्व बैंक ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्र में राजकोषीय नीतियां कड़ी रहेंगी। भारत में कर राजस्व में वृद्धि से राजकोषीय घाटा कम होने की उम्मीद है। हालांकि, नीतिगत अनिश्चितताएं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार नीतियों में बदलाव क्षेत्र के लिए जोखिम बने रहेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि संरक्षणवादी नीतियों में वृद्धि, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोप में, दक्षिण एशियाई देशों के निर्यात को प्रभावित कर सकती है।

# मेटा में फिर होगी छंटनी, करीब 3,600 कर्मचारियों को दिखाया जाएगा बाहर का रास्ता




**मुंबई ।**

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मालिकाना हक रखने वाली कंपनी मेटा में जल्द ही छंटनी होने वाली है। दरअसल, मेटा इस साल अपने सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले 5 फीसदी कर्मचारियों को बाहर करने की योजना बना रही है। ताकि उनकी जगह नए कर्मचारियों को रखा जा सके। यह जानकारी आंतरिक मेमो के द्वारा कर्मचारियों को दी गई है। सितंबर तक मेटा में करीब 72 हजार लोग काम कर रहे थे। इसके बाद 5 फीसदी की कटौती से करीब 3,600 नौकरियों पर असर पड़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मार्क जुकरबर्ग ने पोस्ट में कहा, मैंने परफॉर्मेंस का पैमाना को ऊंचा करने और लो परफॉर्मर को तेजी से हटाने का फैसला लिया है.

जुकरबर्ग ने कहा, हम आमतौर पर उन लोगों को एक साल के दौरान बाहर कर देते हैं जो उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। लेकिन अब हम इस साइकिल में परफॉर्मेंस-बेस्ड कटौती को और व्यापक रूप से करने वाले है। अपने ताजा मेमो में जुकरबर्ग ने साफ किया कि परफॉर्मेंस-बेस्ड कटौती का मकसद मेटा के परफॉर्मेंस मैनेजमेंट प्रोसेस को तेज करना है और इन रोल को 2025 में फिर से भरा जाएगा।

बता दें कि साल 2022 से ही दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों में लगातार छंटनी चल रही है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब मेटा ने नौकरियों में कटौती का ऐलान किया है। बता दें कि जुकरबर्ग ने साल 2023 को कंपनी का 'ईयर ऑफ एफिशिएंसी' घोषित किया था और तब मेटा ने 10 हजार कर्मचारियों को नौकरियों से निकलाने की घोषणा की थी। मेटा ने साल 2022 से लगभग 21 हजार नौकरियों में कटौती की थी।

# नोएडा में 18 नई कंपनियां 5 हजार करोड़ का करेंगी निवेश

**- 16 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे**

**नोएडा ।**

नोएडा में विकास की रफ्तार को नई दिशा देने के लिए 18 नई कंपनियां तैयार हैं, यह कंपनियां जल्द ही करीब 4800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह निवेश उद्योग, संस्थागत, व्यावसायिक और आवासिय क्षेत्रों में होगा, जो न केवल क्षेत्र के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, बल्कि 16 हजार से अधिक लोगों के लिए नए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा। नोएडा प्राधिकरण ने इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने 90 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सर्टिमोनी की योजनाएं बनाई थीं। अब तक 315 परियोजनाओं से 78,563 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 87.29 प्रतिशत है। हाल ही में पांच नई कंपनियों ने 1517 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनसे 4,240 लोगों को नई रोजगार की संभावना है। अगले कुछ सप्ताहों में, 13 अन्य कंपनियां




भी 3253 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे 11,770 और लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। नोएडा में निवेश के लिए 315 कंपनियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया है, जिसमें 159 औद्योगिक, 118 संस्थागत, 22 व्यावसायिक कंपनियां और 16 हाउसिंग परियोजनाएं शामिल हैं। प्राधिकरण ने इन सभी कंपनियों को भूखंड आवंटित कर दिया है, जिससे नोएडा के विकास में नई ऊंचाइयां स्थापित होंगी।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 86.60 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अस्थिर वैश्विक रुझानों के बीच घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रही जिसका प्रभाव भी भारतीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.60 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले यह 86.58 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ ही 108.80 पर रहा।




## एनसीएलएटी ने एटिवो में आईएफआईएन के 593 करोड़ रुपये के दावे को किया बहाल

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) ने आईएलएंडएफएस फाइनेंशियल सर्विस (आईएफआईएन) के 593 करोड़ रुपये के दावों को बहाल कर दिया है। इस फैसले से एटिवो इकोनॉमिक जोन्स की मौजूदा दिवाला समाधान प्रक्रिया में ऋणदाताओं की समिति के मतदान अधिकार भी बहाल कर दिए गए हैं। इससे पहले, कोलकाता स्थित श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस (एसआईएफएल) का हिस्सा और औद्योगिक पार्कों के विकास, प्रबंधन व विपणन के व्यवसाय में शामिल एटिवो इकोनॉमिक जोन्स के अंतरिम समाधान पेशेवर ने 12 सितंबर 2023 को आईएलएंडएफएस समूह इकाई के दावों को खारिज कर दिया था। एनसीएलएटी ने यह निर्णय लेते समय कहा कि इससे आईएफआईएन के 593 करोड़ रुपये के दावे को खारिज करने वाले 12 सितंबर 2023 के पत्र को जारी करने की आवश्यकता नहीं है। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने इस निर्णय का समर्थन किया। एनसीएलएटी ने आईआरपी द्वारा 12 सितंबर 2023 का पत्र रद्द कर दिया गया है और 39.14 प्रतिशत मतदान अधिकार को एटिवो इकोनॉमिक जोन (मुंबई) प्राइवेट लिमिटेड के सीआईआरपी में बहाल किया गया है। आईएलएंडएफएस ने करीब 593 करोड़ रुपये का दावा दायर किया था, जिसे एटिवो इकोनॉमिक जोन के आईआरपी ने स्वीकार किया और ऋणदाताओं के समिति में 39.14 प्रतिशत की हिस्सेदारी आवंटित की।

## वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी

**- बीएसई में कंपनी के शेयर शुक्रवार को 1044.70 रुपए पर खुले, कुछ देर बाद गिरे**

**नई दिल्ली ।** वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी है, जिससे निवेशकों में चिंता की लहर दौड़ रही है। शुक्रवार को बीएसई में कंपनी के शेयर 1044.70 रुपए पर खुले और कुछ ही देर बाद 7 फीसदी से अधिक गिरकर 1001.05 रुपए तक पहुंच गए। इंट्रा-डे हाई 1058.70 रुपए पर दर्ज किया गया, जो निवेशकों को एक सामान्य स्थिति में देखने के लिए आशंकायुक्त था। कंपनी की आर्थिक स्थिति भी विवादित है, क्योंकि दिसंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 17 फीसदी घटकर 53.5 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 64.20 करोड़ रुपए था। हालांकि, कंपनी की इनकम में 12 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। निवेशकों के लिए एक राहत की खबर यह है कि कंपनी ने हाल ही में प्रत्येक शेयर पर 1 रुपए का डिविडेंड घोषित किया है, जिसके लिए 24 जनवरी को रिकॉर्ड डेट तय की गई है। कंपनी के शेयरों में बीते 6 महीनों में 46 फीसदी की गिरावट आई है, जो निवेशकों को चिंताजनक लग रही है। हालांकि, लंबी अवधि में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है, पिछले 5 वर्षों में 31,000 फीसदी से अधिक का रिटर्न देकर निवेशकों को आकर्षित किया था।




# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 423 , निफ्टी 108 अंक गिरा**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से बाजार नीचे आया। इसके साथ ही बैंकिंग व आईटी स्टॉक्स में हुई बिकवाली के कारण भी बाजार नीचे आया। वहीं गत दिवस बाजार बढ़त पर बंद हुआ था।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 423 अंक करीब 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ ही 76,619 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 108 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी की गिरावट लेकर 23,203 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 30 कंपनियों में से इंफोसिस तथा एक्सिस बैंक के शेयर में पांच फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। कोटक बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरे।

दूसरी ओरी जोमैटो और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में दो फीसदी से अधिक की तेजी रही। नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी, एलएंडटी, सनफार्मा के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।



बाजार जानकारों के अनुसार दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक जैसे आईटी स्टॉक्स में भारी बिकवाली की वजह से आज शेयर बाजार टूटा। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। वहीं इससे पहले आज सुबह बैंक और आईटी स्टॉक्स में गिरावट से बाजार गिरा। जबकि इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से बाजार को सपोर्ट मिला है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 485 अंक गिरकर 76,557.79 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 144.75 अंक गिरकर 23,167.05 अंक पर पहुंच गया। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। एएसएक्स 200 सपाट रहा, जबकि निक्केई में 0.21 फीसद की गिरावट और टोपिक्स में 0.48 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। कोस्पी लगभग स्थिर रहा। चीन के दिसंबर औद्योगिक उत्पादन, रिटेल बिक्री और चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 5 फीसदी सालाना रहने की संभावना है, जो पिछली तिमाही के 4.6 फीसदी से बेहतर है। इसके अलावा सिंगापुर के दिसंबर गैर-तेल निर्यात आंकड़े भी निवेशकों की रुचि का केंद्र बने हुए हैं। वहीं अमेरिका में शुरुआती बढ़त के बाद बाजार लाल निशान में दिखे। एसएंडपी 500 तीन दिन की तेजी को तोड़ते हुए 0.21 फीसदी गिरा। नेस्डेक में 0.89 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। डाओ जोंस 0.16 फीसदी गिरकर 43,153.13 पर बंद हुआ

## ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री में गिरावट, बजाज और टीवीएस में बढ़त

**टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल की**

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक, जिसे पहले भारतीय बाजार में नंबर वन पर देखा जाता था, अब गिरती बिक्री का सामना कर रही है। ग्राहकों ने ओला की गुणवत्ता और आफ्टर सेल सर्विस की वजह से उससे दूरी बनानी शुरू कर दी है। पिछले महीने के बिक्री आंकड़ों के मुताबिक ओला की बिक्री में 18 फीसदी की गिरावट आई है। इसी बीच बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में अपनी बढ़त दिखाई है। टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है, जबकि बजाज ने 25 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे पायदान पर जगह बनाई है। ओला को अपनी बिक्री में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दूसरी कंपनियां अपनी बढ़त के साथ बाजार में अच्छी पोजीशन बना रही हैं। यह स्थिति ओला के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है और दरअसल बाजाज और टीवीएस इस सेगमेंट में अपनी प्रतिष्ठा बनी हुई हैं।

# इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या भारत में 900 मिलियन के पार

**- ग्रामीण भारत बना मुख्य केंद्र**

**नई दिल्ली ।**

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इंटरनेट के उपयोगकर्ताओं की संख्या इस साल 900 मिलियन को पार करने वाली है। अनुमानों के अनुसार, 2024 में सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 886 मिलियन तक पहुंच गई है, जिसमें वर्ष-ब-वर्ष 8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वृद्धि के पीछे मुख्य कारण माना जा रहा है भारतीय भाषाओं में उपलब्ध डिजिटल कंटेंट का बढ़ता हुआ उपयोग है, जिससे क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण भारत, जहां 488 मिलियन उपयोगकर्ता हैं, कुल इंटरनेट जनसंख्या का 55 फीसदी हिस्सा बनाता है। इन क्षेत्रों में इंटरनेट की मांग तेज़ी से बढ़ रही है और इसकी वृद्धि दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में दोगुनी है। ग्रामीण भारत में महिलाएं भी इस डिजिटल क्रांति का अहम हिस्सा बन रही हैं, क्योंकि कुल महिला उपयोगकर्ताओं का 58 फीसदी हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों से आता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 98 फीसदी इंटरनेट उपयोगकर्ता भारतीय भाषाओं में कंटेंट का उपभोग कर रहे हैं, तमिल, तेलुगु, और मलयालम जैसी भाषाएं सबसे अधिक लोकप्रिय हैं। शहरी क्षेत्रों में भी 57 फीसदी उपयोगकर्ता क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो विभिन्न प्लेटफार्मों पर स्थानीय भाषा के कंटेंट की मांग को दर्शाता है। देश में कुल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में महिलाओं की भागीदारी 47 फीसदी तक पहुंच गई है, जो अब तक का सबसे अधिक है।



## ट्रम्प के व्यापार प्रतिबंधों से भारतीय निर्यात को मिल सकती है चुनौतियां



**नई दिल्ली ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा व्यापार प्रतिबंधों की चपेट में आने के कारण भारत सहित अन्य एशियाई बाजारों में चीन द्वारा अपने निर्यात को और आक्रामक बनाने की संभावना है। एक रिपोर्ट में इस विषय पर जानकारी दी है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय निर्यात क्षेत्र में कठिनाई आ सकती है और प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका द्वारा चीन के ऊपर भारी टैरिफ लगाने की संभावना है जिससे चीन की अर्थव्यवस्था में प्रमुख अस्तित्वहानि हो सकती है। इसका असर उनके निर्यात से जुड़े दूसरे बाजारों, जैसे भारत पर भी हो सकता है। रिपोर्ट में भारत के व्यापारिक निर्यात की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई है। दिसंबर 2024 में भारत के व्यापारिक निर्यात में 4.8 प्रतिशत की गिरावट थी। इसका मुख्य कारण रत्न और आभूषण तथा तेल निर्यात में कमी दिखी। रिपोर्ट में उभरते चुनौतियों के बारे में सामग्री प्रस्तुत की गई है जिससे भारत के व्यापार क्षेत्र में अवसरों और चुनौतियों की स्थिति स्पष्ट होती है।

## फर्जी एसबीआई रिवार्ड मैसेज साइबर धोखाधड़ी का खतरा

**- मैसेज नहीं भेजने की स्पष्ट चेतावनी जारी**

**नई दिल्ली ।** एक गंभीर साइबर सुरक्षा खतरे को लेकर भारतीय साइबर सुरक्षा ने चेतावनी जारी की है। एक फर्जी मैसेज जो एसबीआई रिवार्ड का दावा कर रहा है, उसमें एक फर्जी एपीके फाइल को डाउनलोड करने के लिए कहा जा रहा है। फार्जी मैसेज में दावा किया जा रहा है कि एसबीआई रिवॉर्ड पॉइंट मिलने के लिए एपीके फाइल डाउनलोड की जानी है, लेकिन यह सच नहीं है। एसबीआई ने भी इस पर विचार करते हुए इस तरह के मैसेज नहीं भेजने की स्पष्ट चेतावनी जारी की है। एसबीआई एक एंड्रॉइड पैकेज किट (एपीके) फाइल एसएमएस या व्हॉट्सएप के माध्यम से नहीं भेजता है, और इनकी रिवॉर्ड लेने के लिए कोई भी एपीके डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं है। फर्जी एपीके फाइल को डाउनलोड करने से आपके पर्सनल डेटा और वित्तीय सुरक्षा पर खतरा हो सकता है। इस तरह के लिंकों से बचें और अनजान स्रोतों से इनस्टॉलेशन न करें। साइबर अपराधियों की इस धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहें और ऐसे मैसेजों को तुरंत रिपोर्ट करें। सुरक्षित रहें, साइबर अपराधियों से बचें।

# पहाड़ों पर बर्फबारी, बिहार में बढ़ी ठंड

## पटना में हल्की धूप निकली; 2 दिन बाद और गिरेगा पारा

**पटना।** उत्तर भारत के पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से बिहार में ठंड बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, आज लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। वहीं, पटना में सुबह बादल थे, लेकिन दिन के साथ हल्की धूप निकली है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने आज किसी भी जिले में कोहरे का अलर्ट जारी नहीं किया है। राज्य में अगले 2 दिनों तक मौसम सामान्य रहेगा। 18 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे ठंड बढ़ने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान बांका सबसे ठंडा जिला रहा। यहां गुरुवार को न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे गर्म जिला सीवान रहा, जहां अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ठंड को देखते हुए पटना के बाद गोपालगंज और मुंगेर में भी आठवीं क्लास तक के स्कूलों को 18 जनवरी तक बंद किया गया है।





जनवरी महीने में 99% कम हुई बारिश मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया, 'दिसंबर और जनवरी ज्यादा ठंड वाला महीना होता है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह से ठंड की गतिविधि चालू हुई, जो अब बनी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते वेस्ट इंडिया के पर्वतीय क्षेत्र पर लगातार बर्फबारी हो रही है। इससे मैदानी इलाकों में भी बारिश हुई है। वहां से आ रही बर्फीली हवा की वजह से बिहार में ठंड बढ़ गई है।' उन्होंने बताया, 'बिहार में बारिश की कमी देखने को मिली है। जनवरी में अब तक 99% कम बारिश हुई है। आज के न्यूमेरिकल मॉडल के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 17.1 किलोमीटर ऊपर उत्तरी पाकिस्तान और उसके आसपास बना है, जो दक्षिण हरियाणा और दिल्ली की ओर बढ़ रहा है। जिसके कारण अगले दो दिनों तक बिहार में मौसम सामान्य बना रहेगा।' कोहरे के कारण ट्रेन लेट कोहरे के कारण ट्रेन और फ्लाइट की आवाजाही पर भी असर पड़ा है। पटना जंक्शन पहुंचने वाली 2 ट्रेनें आज शुक्रवार को लेट हैं। नई दिल्ली इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस (20802 )अपने निर्धारित समय से 1 घंटे लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय दोपहर 12:35 बजे है। साउथ बिहार एक्सप्रेस (13287) अपने निर्धारित समय से 2:53 घंटे लेट है। पटना जंक्शन पर इस ट्रेन के आने का समय सुबह 6:40 बजे निर्धारित है, जो अभी नहीं आई है। सुबह 10 बजे तक आने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में कैसा रहा मौसम गुरुवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते राज्य में शीतलहर जैसी स्थिति बनी रही। पटना एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी कम होने की वजह से 13 जोड़ी विमान देर से आए और गए।ठंड के कारण बच्चों और बुजुर्गों में समस्या बढ़ गई है। बच्चों में वायरल इन्फेक्शन के कारण निमोनिया, कोल्ड डायरिया, सर्दी-खांसी, बुखार, ब्रोंकियोलाइटिस के अलावा सांस फूलने की शिकायतें मिल रही है।

एक साल से कम उम्र के बच्चे ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं। पीएमसीएच में शिशु रोग विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. निगम प्रकाश नारायण की मानें तो 'प्रदूषण की वजह से भी बच्चों में सांस फूलने की समस्या है। दम फूलने की वजह से बच्चे दूध नहीं पी पा रहे हैं। अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है। नस के जरिए उन्हें भोजन दिया जा रहा है। ओपीडी में आने वाले बीमार बच्चों में से 25 फीसदी को सांस लेने में दिक्कत है। सही इलाज के बाद 4 से 5 दिनों में बच्चे ठीक भी हो रहे हैं।'

## तबादले के बाद केस प्रभार नहीं सौंपने पर एफआईआर दर्ज

**गोपालगंज।** में पुलिस विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 53 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एसपी अवधेश दीक्षित के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में उन अधिकारियों को निशाना बनाया गया है, जिन्होंने अपने तबादले के बाद जांच के प्रभार नए अधिकारियों को नहीं सौंपा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, इन अधिकारियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 316(5) के तहत आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज किया गया है। ये सभी मामले पांच से दस साल पुराने है। इन अधिकारियों की लापरवाही के कारण कई महत्वपूर्ण मामले लंबित रह गए। जिले के चार थानों में दर्ज की गई एफआईआर में सबसे अधिक 11 अधिकारी कुचायकोट थाना क्षेत्र से है। इसमें सुमन कुमार मिश्रा, अवधेश कुमार, कृष्णा




तिवारी समेत अन्य शामिल है। बरौली थाना क्षेत्र में 13 अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गोपालपुर थाना में तीन और महम्मदपुर थाना में तीन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। इस बड़ी कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई पुलिस प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार, इस मामले में आगे और भी कार्रवाई की जा सकती है।

## 50 रुपए दीजिए और लंबी लाइन से छुटकारा पाइए

**भागलपुर।** 50 रुपए दीजिए और लंबी लाइन से छुटकारा पाइए। भागलपुर में ये ऑफर रजिस्ट्री कार्यालय में दलाल देते हैं। ये लोग 100 रुपए के स्टांप के लिए 50-सौ रुपए लोगों से लेते हैं। दिन भर में करीब सौ लोगों से वसूली करते हैं। 50 रुपए से हिसाब से जोड़ा जाए तो एक दिन में एक दलाल की आमदनी 5,000 रुपए है और महीने में डेढ़ लाख। लोगों को स्टांप लेने में सामान्य तौर पर 3 घंटों तक कतार में खड़े रहना पड़ता है, दलाल 50 रुपए लेने के बाद मात्र 15 मिनट में ही उपलब्ध करा देते हैं। ये स्थिति इसलिए है क्यू कि तीन महीने से रजिस्ट्री ऑफिस स्टांप की किल्लत है। दलाल में ज्यादातर महिलाएं होती हैं परिसर में 18-20 दलाल घूमते रहते हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है। जैसे ही कोई व्यक्ति स्टांप लेने के



लिए पहुंचता है दलाल उनके पास आते हैं। पहले पूछा जाता है लाइन में लगकर लेना है कि तुरंत चाहिए। जल्दी चाहिए तो 100 का स्टांप 150 में मिलेगा। जितना ज्यादा दाम का स्टांप होगा उतने पैसे अधिक लगेंगे। इसका खुलासा तब हुआ जब आधार कार्ड देना पड़ता दलाल के चंगुल में फंसने के बाद लोगों से उनका आधार कार्ड मांगा जाता है। काउंटर के पास पहले से एक महिला दलाल खड़ी रहती है। जिसने आधार कार्ड लिया, वो महिला दलाल को देता है। फिर काउंटर से तुरंत स्टांप मिल जाता है। एक व्यक्ति ने कहा, चार घंटे से लाइन में लगे हैं रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में गुरुवार की दोपहर 1 बजे ई-स्टांप काउंटर पर लोगों की लंबी लाइन लगी रही। नाथनगर से आए युवक ने बताया कि पिछले 3 घंटे से खड़े हैं। जहां पर खड़े थे, अब भी वहीं पर हैं। कोई आगे बढ़ ही नहीं रहा है। स्टांप लेने आए लोगों ने बताया कि लाइन में लगे रहिएगा तो शाम हो जाएगी। अभी दिन के 3 बजे हैं। हमलोग पिछले 4 घंटे से लाइन में लगे हैं। अभी तक हमलोग का नंबर नहीं आ सका है। एक व्यक्ति ने कहा कि सेटिंग से करवा लीजिए जल्दी मिल जाएगा। लाइन में लगकर लेने में शाम हो जाएगी। 3 बजे काउंटर बंद होने से स्टांप भी नहीं मिलेगा।

इस बीच अगर लाइन में खड़े लोग हंगामा करने लगते हैं, तो दलाल कुछ देर के लिए गायब हो जाते हैं और फिर थोड़ी देर बाद पहले जैसी ही स्थिति बन जाती है।

जिला अवर निबंधक विनय सौरव ने बताया कि लोगों को ई-स्टांप लाइन में लगकर ही लेना है। अगर वहां दलाल सक्रिय है और अवैध वसूली की जा रही है तो इस मामले की जांच कराएंगे और कार्रवाई भी करेंगे।

# जिस पंचायत में नहीं आई बाढ़, वहां मिली आपदा राशि

## समस्तीपुर में सैकड़ों लोगों को 7000 का भुगतान, प्रतिनिधि पर आरोप; SDO ने दिए जांच के आदेश

**समस्तीपुर।** में बाढ़ घोटाला हुआ है। 2024 में मोहिउद्दीन नगर प्रखंड की मदुदाबाद पंचायत में गंगा के बाढ़ का पानी नहीं आया था। बावजूद पंचायत के अधिकतर लोगों के अकाउंट में बाढ़ राहत की राशि ट्रांसफर की गई। बताया जा रहा कि 400 लोगों में प्रति व्यक्ति 7 हजार रुपए अकाउंट में ट्रांसफर हुए हैं। कुल मिलाकर 25-30 लाख की राशि आई है। इस मामले को लेकर गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता अवनीश कुमार ने गुरुवार को डीएम से लेकर आपदा के अधिकारी तक शिकायत दर्ज कराई है। मामला सामने आने के बाद पटोरी के एसडीओ विकास पांडेय ने जांच के आदेश जारी किए हैं। मोहिउद्दीन नगर के सीईओ से जवाब तलब किया गया है। इसके बाद मामले से जुड़े कर्मी और अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया



है।मोहिउद्दीन नगर के अवनीश कुमार ने डीएम समेत आला अधिकारियों को आवेदन देकर यह आरोप लगाया है कि बीते साल गंगा नदी में आई बाढ़ के कारण पटोरी अनुमंडल क्षेत्र के मोहनपुर, मोहिउद्दीन नगर की कई पंचायत वार्ड की चपेट में आए थे, लेकिन मदुदाबाद पंचायत बाढ़ प्रभावित नहीं थी। यहां बाढ़ का पानी नहीं आया था। सरकारी रिकॉर्ड में भी यह बाढ़ से मुक्त पंचायत है। बावजूद इस पंचायत के लोगों के अकाउंट में बाढ़ राहत की सात-सात हजार रुपए की राशि बिचौलियों के माध्यम से भेजी गई। लोगों के अकाउंट में राशि आने के बाद पंचायत के एक जनप्रतिनिधि ने इसे मनरेगा की राशि बताते हुए यूपीआई के माध्यम से वापस निजी अकाउंट में ले लिया। इसके बाद यह मामला खुल गया और चारों ओर चर्चा होने लगी। बताया गया कि अकाउंट धारी के अकाउंट में मात्र पांच 500 रुपए छोड़ दिए गए और 6500 यूपीआई के माध्यम से जनप्रतिनिधि ने अपने अकाउंट में ले लिए। पटोरी के एसडीओ विकास पांडे ने बताया कि बाढ़ राहत की राशि कुछ ऐसी पंचायत में भी जाने की बात सामने आई है, जहां बाढ़ नहीं आई थी। मोहिउद्दीन नगर के साथ ही मोहनपुर के सीईओ से जवाब तलब किया गया है। साथ ही पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में जो दोषी होंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्णिया में पति-पत्नी करते थे गांजे की खरीद-फरोख्त

**पूर्णिया।** में पति-पत्नी गांजे की खरीद फरोख्त का कारोबार कर रहे थे। दोनों ने गांजे के काले कारोबार से खूब पैसा बनाया। मामला टीकापट्टी थाना क्षेत्र से जुड़ा है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए गांजे के कारोबार में संलिप्त महिला को गिरफ्तार किया है। जबकि महिला का पति फरार है। पुलिस ने महिला के घर से 31.883 किलोग्राम गांजा भी बरामद किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ी महिला धंधेबाज की पहचान टीकापट्टी थाना क्षेत्र के सिमरा वार्ड 3 निवासी मनोज कुमार जायसवाल की पत्नी रूबी कुमारी (35) के रूप में हुई है। पुलिस धंधेबाज मनोज कुमार जायसवाल की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि टिकापट्टी थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि टीकापट्टी थाना क्षेत्र के सिमरा वार्ड 3 निवासी मनोज कुमार जायसवाल की पत्नी रूबी कुमारी के साथ मिलकर अपने घर से गांजा की खरीद-बिक्री करता है। जिसके



बाद गांजा की तस्करी करने वाले पति पत्नी की बरामदगी और गांजा तस्करी की गिरफ्तारी को लेकर धमदाहा SDPO संदीप गोल्डी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने सिमरा स्थित मनोज जायसवाल के घर पर पहुंचकर छापेमारी की। पुलिस को देखकर महिला धंधेबाज भागने लगी। जिसे भागने के क्रम में पुलिस ने धर दबोचा। धंधेबाज महिला ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वो पति मनोज कुमार जायसवाल के साथ मिलकर घर से गांजे का कारोबार करती है। जिसके बाद पुलिस ने घर की तलाशी ली। तलाशी के क्रम में घर से 31.883 किलो ग्राम गांजा और 38 हजार 278 रुपए कैश बरामद किए।

## संक्षिप्त डायरी

### रसोइया दो बार कर चुकी थी सुसाइड का प्रयास, तीसरी बार फंदे से लटक दी जान

**थावे ।** गर्ल्स हॉस्टल में खाना बनाने वाली रसोइया ने पंखे से लटक कर जान दे दी। सुसाइड के पहले उसने मोबाइल पर वीडियो बनाया है। जिसे पुलिस ने जांच के लिए जब्त कर लिया है।घटना थावे थाना क्षेत्र के थावे डायट की है। बताया जा रहा है कि रसोइया को पिछले 6 माह से सैलरी नहीं मिल रही थी। इससे वह नाराज थी। मृत



रसोइया की पहचान वृंदावन मौजे गांव निवासी अमरजीत राम की बेटी राधिका कुमारी के रूप में की गई है। मृतका पिछले एक साल से हॉस्टल में काम कर रही थी। बीमार होने की बात कहकर नहीं गई खाना बनाने गुरुवार की सुबह छह बजे हॉस्टल के कर्मचारी नाश्ता बनाने मेस जा रहे थे, तभी राधिका ने तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर मेस जाने से इनकार कर दिया। कर्मचारी मेस से वापस कमरे में लौटे तो राधिका को पंखे से लटका देखा। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। राथिका ने सुसाइड करने से पहले एक वीडियो बनाया। इसके बाद पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक गई। पुलिस को रसोइया की मोबाइल से एक वीडियो हाथ लगी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रसोइया ने हॉस्टल संचालक पर प्रताड़ित करने और सैलरी नहीं देने का आरोप लगाई है।

### देसी कट्टा लेकर मोहल्ले में पहुंचा युवक, लोगों ने समझाया

**जमुई।** में गुरुवार को एक युवक देसी कट्टा लेकर लोगों को मारने के लिए पहुंच गया। आस-पास मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज में भी घटना रिकॉर्ड हो गई। जानकारी के अनुसार बायपास रोड स्थित शीतला कॉलोनी में मामूली विवाद के बाद एक युवक देसी कट्टा लेकर पहुंचा था। वहीं कुछ देर बाद



उसके 3-4 और साथी भी मौके पर आ गए। हालांकि कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करा दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय विनोद रजक ने बताया कि इस इलाके में अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती है। 2 साल पहले भी इसी क्षेत्र में एक युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अन्य लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, लेकिन पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है। इस मामले में पहले भी विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने भाजपा विधायक और टाउन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। परंतु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शी निरंजन सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर पहले से वे लोग मौजूद थे। इस बीच आरोपी युवक देसी कट्टा लेकर पहुंच गया। मामले को लेकर एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। घटनास्थल पर जाकर पूरे मामले की जांच की जाएगी और आरोपी युवकों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### पूर्णिया में पिता के डांटने पर बेटी ने लगाई फांसी

**पूर्णिया।** में पिता के डांटने पर बेटी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। किशोरी ने जिस वक्त ये कदम उठाया मां और पिता आटा मिल पर गए थे। देर शाम घर लौटने पर पिता ने किशोरी को कमरे में फंदे के सहारे झूलता हुआ पाया। पिता ने किशोरी को पढ़ाई न करने को लेकर डांटा था। इसी से गुस्साई किशोरी ने सुसाइड जैसा खौफनाक कदम उठाया। मामला बायसी थाना क्षेत्र के लौटियाबाड़ी गांव से जुड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोरी की पहचान मंजर आलम की बेटी रेशमा खातून 12 के रूप में हुई है। मृतक लड़की छठी कक्षा की छात्रा है। परिजन ने बताया कि रेशमा के माता पिता घर के पास आटा मिल चलाते हैं। वो दिन रात मेहनत कर बेटी को अच्छी शिक्षा दे रहे थे। जबकि रेशमा का मन पढ़ाई में नहीं लगता था। पढ़ाई न करने के कारण पिता ने आज सुबह उसे डांट लगाया था। इसके बाद वो पिता से रूठकर अपने कमरे में चली गई थी। मां ने खाने को आवाज लगाया, लेकिन वो कमरे से नहीं निकली। कुछ देर में बेटी का गुस्सा शांत हो जाएगा, ये सोचकर पति पत्नी घर के बगल में मौजूद आटा मिल पर चले गए। देर शाम घर लौटने पर किशोरी को आवाज लगाई। कोई आवाज न आने पर कमरे की ओर पहुंचने पर पाया कि दरवाजा अंदर से लॉक है। फिर भी किशोरी को काफी आवाज लगाई। काफी देर बाद भी कमरे के अंदर से कोई हलचल नहीं आई। जिसके बाद उन्होंने कमरे का दरवाजा तोड़ा। अन्दर प्रवेश करने पर किशोरी को मृत अवस्था में फंदे से लटकता हुआ पाया। किशोरी को फंदे से लटका देख तेज आवाज लगाई और दहाड़ मारकर रोने लगे। परिजनों का चीत्कार सुनकर जिसके बाद आसपास के लोग घर में जुटे और फिर पुलिस को घटना की सूचना दी गई। बायसी थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने बताया कि पढ़ाई को लेकर पिता की डांट से आहत होकर छात्रा के आत्महत्या करने की बात सामने आई है।

## ठंड से सांस और हृदय रोग के बढ़े मरीज

**गोपालगंज।** अत्यधिक ठंड की वजह से हाइपरटेंशन, सांस व हृदय रोग के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सदर अस्पताल में हाइपरटेंशन एवं सांस की तकलीफ से संबंधित बीमारियों का इलाज कराने रोजाना 15 से 20 मरीज पहुंच रहे हैं। यही स्थिति प्रखंडों के सीएचसी व निजी अस्पतालों की है। यहां प्राथमिक उपचार के बाद ऐसे मरीजों को बेहतर इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल गोपालगंज रेफर किया जा रहा है। ताकि समय पर उनका बेहतर इलाज हो सके। ठंड जनित बीमारियों में निमोनिया एवं एलर्जी की शिकायत भी कम नहीं है। पांच वर्ष उम्र तक के बच्चों में निमोनिया की शिकायत मिल रही है। उम्र के अनुसार मर्ज मेडिकल अफसर डॉ. निशांत कुमार ने बताया कि 55 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में हृदय रोग एवं सांस से संबंधित बीमारी बढ़ी है। 18 से 50 वर्ष उम्र तक के लोगों में सर्दी, खांसी- जुकाम, बुखार एवं



एलर्जी की बीमारी पांव पसार रही है। बुजुर्गों को ठंड से बचाने के लिए घरों में हीटर एवं बॉयलर का उपयोग किया जा रहा है। हीटर एवं बॉयलर का उपयोग किए जाने से बुजुर्गों में ऑक्सीजन की कमी आ रही है। उन्होंने बताया कि ठंड से पीड़ित मरीजों की संख्या इन दिनों बढ़कर 50 फीसदी तक पहुंच गई है। विशेषज्ञ ने बताया बीमारियों की वजह शहर के बड़े चिकित्सक डॉ. बैद्यनाथ प्रसाद सिंह ने कहा कि सांस लेने में तकलीफ, सीने में दर्द और जलन के मरीज लगातार अस्पतालों में पहुंच रहे हैं।

# काबर के किसानों ने जाहिर की अपनी व्यथा

## बेगूसराय में कहा- मुख्यमंत्री जी हवाई नहीं जमीनी सर्वेक्षण कीजिए, सच्चाई धरातल पर कुछ और है

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर शनिवार को बेगूसराय आ रहे हैं। वे प्रगति की समीक्षा करने के अलावा वह हवाई सर्वेक्षण भी करेंगे। हवाई सर्वेक्षण में सबसे महत्वपूर्ण है काबर झील पक्षी विहार का सर्वेक्षण। बेगूसराय में स्थित एशिया प्रसिद्ध मीठे पानी के सबसे बड़े झील काबर टाल को 80 के दशक में पक्षी विहार घोषित किया गया। यहां देश के विभिन्न जगहों से ही नहीं, साइबेरियन देश से भी बड़ी संख्या में पक्षी आते हैं। यहां के किसानों का कहना है कि हम लोगों की जमीन बगैर अधिग्रहित किए ही पक्षी विहार के रूप में अधिसूचित कर दिया गया। खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई, अब तो हमसे जमाबंदी भी छीना जा रहा है। किसानों ने इस मुद्दे को जोर-जोर से उठाया है। अब जब मुख्यमंत्री हवाई सर्वेक्षण करने वाले हैं तो इसमें सबसे अधिक प्रभावित मंझौल के लोगों ने




हवाई सर्वेक्षण नहीं जमीनी सर्वेक्षण करने की मांग उठाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से किसान अपनी और काबर की व्यथा को उठा रहे हैं। सामाजिक मुद्दों को लेकर प्रखर काबर नेचर क्लब के संरक्षक महेश भारती ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बेगूसराय के काबर टाल का हवाई सर्वेक्षण नहीं जमीनी सर्वेक्षण कीजिए, तब धरातलीय सच्चाई का पता चलेगा। काबर टाल की जमीन का सही निपटारा और यहां बनने वाले पक्षी विहार की योजना को इसकी अधिसूचना के 39 बरसों बाद भी अमलीजामा क्यों नहीं पहनाया गया। यह सवाल आज तक अनुत्तरित है। बिहार के अधिकारियों, इस इलाके के नेताओं, एमपी-एमएलए और जनप्रतिनिधियों के लिए यह समस्या सिर्फ समस्या ही बनी



रही। कभी समाधान का सार्थक प्रयास नहीं हुआ। सिर्फ सरकारी अधिकारियों के कागजी कार्रवाई और मीडियाकर्मियों के समाचार का पिछले 39 वर्षों से शोभा बने काबर प्रक्षेत्र विकास के लिए सिसकता रहा है।1986 में बेगूसराय के डीएम द्वारा जिला गजट के माध्यम से यहां पक्षी विहार बनाने की अधिसूचना जारी कर दी गई। किसानों ने तब कोर्ट की शरण भी ली थी। 1989 में राज्य गजट के द्वारा 15 हजार एकड़ से अधिक रैयती जमीन को अधिसूचित कर संबंधित अधिकारियों ने नायाब खेला किया। तब से यह योजना सिसक रही है। एक तरफ पक्षी विहार की महत्वाकांक्षी पर्यावरणिक योजना काबर पक्षी विहार योजना धरातलीय स्वरूप ग्रहण नहीं कर सका। दूसरी तरफ क्षेत्रीय किसानों की परेशानी बढ़ी रही। 2013 में बेगूसराय के तत्कालीन डीएम ने समस्या को सुलझाने की बजाय काबर क्षेत्र की जमीन की रजिस्ट्री पर ही रोक लगा दी। इससे इलाके के किसानों की परेशानी और बढ़ी रही। किसान अपनी ही जमीन खरीद-बिक्री से बेवजह वंचित हो गए।सरकारी अधिकारियों ने काबर टाल पक्षी अभयारण्य की योजना को मूर्त रूप देने के बजाय, इसके लिए टालू दीर्घसूत्री रवैया ही अख्तियार किया। फल है कि 39 वर्षों में न यहां पक्षी विहार बन सका और न ही किसानों के विकास की कोई अन्य योजना ही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब 18 जनवरी को काबर टाल का हेलीकॉप्टर सर्वेक्षण करेंगे तो इलाके के लोगों की उत्सुकता बढ़ी है। महेश भारती कहते हैं कि काबर के किसान आंदोलित हैं और लोगों को काबर टाल की समस्या के समाधान के प्रति उम्मीद की आस भी। देखिए मुख्यमंत्री सिर्फ हवाई दौरा करके लौट जाते हैं या फिर काबर टाल की जमीनों यथार्थ को लेकर कुछ फैसले की जहमत भी उठाते हैं।



# मौनी रॉय ने की सलाकार की शूटिंग पूरी

अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट सलाकार की शूटिंग अभिनेत्री मौनी रॉय ने सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। फिल्म के रैप-अप के मौके पर, मौनी ने केक काटकर कास्ट और क्रू के साथ इस यात्रा का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम फिल्म की टीम के बीच की दोस्ती और सहयोग को दर्शाता है। यह फिल्म मौनी के करियर में एक अहम पड़ाव है, जिसमें वह एक चुनौतीपूर्ण और परिवर्तनकारी भूमिका निभा रही हैं। मौनी रॉय ने इस प्रोजेक्ट में अपना दिल और आत्मा झोंक दी है। उनके लिए सलाकार सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि उनके करियर का एक निर्णायक क्षण है। इस फिल्म में उनकी भूमिका न केवल उनके अभिनय कौशल को प्रदर्शित करती है, बल्कि उन्हें कहानी कहने के नए आयामों को तलाशने का भी अवसर देती है। मौनी ने इस प्रोजेक्ट को एक समृद्ध और परिवर्तनकारी अनुभव बताया, और उनके प्रशंसक अब उनकी इस पावर-पैक परफॉर्मेंस को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सलाकार को मौनी ने एक ऐसी फिल्म बताया है, जो दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ने का प्रयास करती है। इस प्रोजेक्ट में उनका प्रदर्शन उनके फैंस को एक नया अनुभव देने का वादा करता है, और मौनी का यह नया अवतार निश्चित रूप से उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगा। अपने अभिनय करियर के साथ-साथ, मौनी रॉय का एंटरप्रेन्योर वेंचर बदमाश भी सफलता की कहानी लिख रहा है। यह रेस्तरां श्रृंखला बॉलीवुड-थीम्ड सजावट और प्रामाणिक भारतीय व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। बदमाश की सफलता मौनी की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करती है, और यह दिखाती है कि वह सिर्फ एक अदाकारा ही नहीं, बल्कि एक स्मार्ट बिजनेसवुमन भी हैं।

# तलाक का फैसला सोच-समझकर लिया गया कदमः किरण राव

हाल ही में फिल्म निर्माता किरण राव ने तलाक के बाद एक्टर आमिर खान से रिश्ते के बारे में विस्तार से बात की और इस फैसले पर अपनी सोच साझा की। किरण ने कहा कि तलाक का फैसला एक सोच-समझकर लिया गया कदम था और उन्होंने इसे किसी तात्कालिक विवाद या झगड़े के कारण नहीं लिया। उन्होंने खुलासा किया कि आमिर और वह कभी बड़े विवादों में नहीं उलझे, बल्कि उनके बीच कुछ छोटे मतभेद थे, जो कभी भी 12 घंटे से ज्यादा नहीं चले। वह कहती हैं, हम दोनों उस स्थिति में पहुंच गए थे, जहां हमें यह फैसला लेना पड़ा। हमने शादी को बचाने के लिए बहुत कोशिश की, लेकिन जब हमने तलाक लिया तो यह सोच-समझकर लिया।



किरण ने यह भी बताया कि तलाक के बावजूद, आमिर की मां अभी भी उनकी सास हैं और उनके बच्चे जुनैद और ईरा के साथ उनके अच्छे रिश्ते हैं। उनके अनुसार, तलाक के बाद भी दोनों परिवारों के बीच प्यार और सम्मान का कोई अभाव नहीं है। किरण का कहना है, हमने कभी नहीं सोचा कि अपने बच्चे को अकेला छोड़ देंगे। हम चाहते थे कि आज़ाद के जीवन में कोई कमी न आए। किरण ने तलाक के बाद अपनी भावनाओं और रिश्ते को बहुत ही निपुणता से संभाला है। उन्होंने आमिर को हमेशा अपना अच्छा दोस्त और शिक्षक बताया और कहा कि वह हमेशा उनके साथ रहेंगे, चाहे कुछ भी हो। हालांकि, किरण ने यह भी स्वीकार किया कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आमिर उन्हें गुस्सा दिलाते हैं, लेकिन वह यह मानती हैं कि किसी भी रिश्ते में यह स्वाभाविक है। किरण और आमिर के तलाक के बावजूद, उनके बच्चों और परिवार के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं, और दोनों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान और समझ बनाए रखी है। उनकी यह सोच रिश्तों को न केवल संभालने की, बल्कि उन्हें विकसित करने की भी है। बता दें कि राव और आमिर खान ने 2021 में अपने तलाक की घोषणा की थी, जो फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक चौंकाने वाली खबर थी। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को अच्छे दोस्त के तौर पर बनाए रखा है और अपने बेटे आज़ाद की परवरिश मिलकर की है। दोनों को अक्सर एक साथ इवेंट्स में देखा जाता है और उनकी बॉन्डिंग दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है।



# दोस्तों.. आज का दिन बहुत खास था: मनीषा कोइराला

नेपाल के पहाड़ों में अभिनेत्री मनीषा कोइराला हाइकिंग (पैदल चलना) पर गईं। इंस्टाग्राम पर मनीषा कोइराला ने अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह नेपाल के घंडुक इलाके में पैदल चलती नजर आ रही थीं।

अपने पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा, दोस्तों.. आज का दिन बहुत खास था। घंडुक में सबसे अविश्वसनीय संडे बिताया! अन्नपूर्णा रेंज आश्चर्यजनक है! गांव के चारों ओर एक छोटी सी हाइक की, सुंदर ट्रेल्स की खोज की और शानदार दृश्य का आनंद लिया। साथ ही उन्होंने घंडुक संग्रहालय का दौरा किया और गुरुंग लोगों के इतिहास और संस्कृति के बारे में जानकारी ली। अभिनेत्री ने आगे लिखा, जैसे-जैसे दिन ढलने लगा, मैंने हिमालय पर सूर्यास्त देखा और इस अविस्मरणीय अनुभव के लिए आभारी महसूस कर रही हूं! गुरुंग समुदाय को धन्यवाद, जिन्होंने इस जगह को साफ रखा। यदि आपको कभी घंडुक जाने का मौका मिले, तो जरूर जाएं !मनीषा ने एक कार्यक्रम में भी भाग लिया, जहां उन्होंने माइक संभाला और स्थानीय उद्यमियों की सराहना की। उन्होंने कहा, कल एक प्रेरणादायक दिन था! मैंने स्थानीय उद्यमियों की प्रदर्शनी में भाग लिया, जिन्होंने हस्तनिर्मित उत्पादों को बढ़ावा दिय। ये समुदाय पारंपरिक प्रथाओं को संरक्षित करने और टिकाऊ स्थानीय प्रथाओं को समर्थन देने में समर्पित हैं।

मनीषा ने आगे बताया, बुधनिलकांठा के युवा और गतिशील डिप्टी मेयर से मिलकर इस अनुभव को और भी खास बना दिया। उन्होंने स्थानीय वस्तुओं को बढ़ावा देने के महत्व के बारे में बात की, जो मुझे बहुत प्रेरणादायक लगा ।इससे पहले, मनीषा ने नेपाल की स्थानीय संस्कृति, भोजन और शिल्प कौशल की भी सराहना की। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर नेपाल यात्रा की और वहां के पारंपरिक हस्तनिर्मित उत्पादों और स्थानीय भोजन की तस्वीरें साझा कीं।



# सान्या मल्होत्रा ने म्यूजिक वीडियो 'आंख' से मचा दिया तहलका

एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने ट्रेंडिंग म्यूजिक वीडियो 'आंख' से तहलका मचा दिया है। हाल ही में सान्या ने अपने इंस्टाग्राम पर इस गाने की शूटिंग और रिहर्सल की झलकियां साझा कीं, जिसमें उनका उत्साह और परफेक्शन के लिए समर्पण साफ नजर आ रहा है।

सुनिधि चौहान की दमदार आवाज और रुशा व ब्लिज़ा के सहयोग से बने इस वीडियो ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। गाने में सान्या के डांस मूव्स और उनकी ऊर्जा की प्रशंसा हर तरफ हो रही है। उनके प्रदर्शन को देखकर कुछ प्रशंसकों ने इसकी तुलना शकीरा और बियोंसे के मशहूर म्यूजिक वीडियो ब्यूटीफुल लायर से भी की। 'आंख' का म्यूजिक वीडियो यूट्यूब के ग्लोबल डेली म्यूजिक वीडियो टॉप चार्ट्स में अपनी जगह बना चुका है, जो इसकी लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है। सान्या ने अपने डांस और अभिनय से इस गाने को खास बना दिया है, जिसे दर्शक बार-बार देखना पसंद कर रहे हैं। सान्या मल्होत्रा की यह सफलता सिर्फ म्यूजिक वीडियो तक ही सीमित नहीं है। वह जल्द ही अपनी वेब सीरीज 'मिसेज़' में नजर आएंगी, जो ज़ी5 पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके अलावा, धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'संस्कारी की तुलसी कुमारी' में भी सान्या एक दिलचस्प किरदार निभाने वाली हैं। उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ एक और महत्वपूर्ण फिल्म शामिल है, जिसने पहले से ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। सान्या मल्होत्रा ने हमेशा अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया है। चाहे उनकी फिल्में हों या म्यूजिक वीडियो, वह हर बार अपने किरदारों में पूरी तरह डूबकर अभिनय करती हैं। 'आंख' की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि सान्या न केवल फिल्मों में बल्कि म्यूजिक वीडियोज में भी अपनी खास छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। फैंस अब सान्या को उनकी आगामी वेब सीरीज और फिल्मों में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर सान्या ने बॉलीवुड में एक खास मुकाम हासिल किया है।



# रेडियो नशा ने मनाया ऋतिक के इंडस्ट्री में 25 वर्ष पूरे होने का जश्न

हाल ही में रेडियो नशा ने बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के इंडस्ट्री में 25 शानदार वर्षों का भव्य जश्न मनाया। यह इवेंट न केवल फैंस के लिए एक अनोखा अनुभव साबित हुआ, बल्कि ऋतिक के लिए भी एक भावुक यात्रा बन गया, जहां उन्होंने अपने करियर की शुरुआत और व्यक्तिगत विकास के बारे में दिलचस्प किस्से साझा किए। इस कार्यक्रम में ऋतिक की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म कहो ना... प्यार है की फैन स्क्रीनिंग भी शामिल थी। स्क्रीनिंग के दौरान ऋतिक ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया, मैं कभी किसी फिल्म के लिए तैयार नहीं था। जब पापा ने पहली बार कहो ना... प्यार है के बारे में बात की, तो हमने शाहरुख खान, सलमान खान या आमिर खान जैसे सुपरस्टार्स को कास्ट करने की चर्चा की थी। मैंने पापा से कहा कि वे पहले ही ऐसी भूमिकाएं कर चुके हैं। तभी अचानक, पापा ने मेरी पीठ थपथपाई और कहा, चार महीने में तैयार हो जाओ। इस तरह मेरी यात्रा शुरू हुई। इस दौरान ऋतिक ने यह भी बताया कि कैसे समय के साथ उनके दृष्टिकोण में बदलाव आया। उन्होंने कहा, अच्छा दिखने और मजबूत होने के बीच बहुत फर्क है। अब, मेरा ध्यान सिर्फ शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनने पर है। नशा प्रीमियर नाइट्स में ऋतिक की इस प्रतिष्ठित फिल्म को बड़े पर्दे पर दोबारा देखने का मौका फैंस के लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। कहो ना... प्यार है ने न केवल ऋतिक को सुपरस्टारडम दिलाया, बल्कि भारतीय सिनेमा में एक स्थायी छाप छोड़ी। फिल्म ने अपने रिलीज के समय नई पीढ़ी के दर्शकों को लुभाया था, और आज भी यह फैंस के दिलों में खास स्थान रखती है। इस विशेष स्क्रीनिंग ने ऋतिक के करियर की शुरुआत से लेकर अब तक के सफर को यादगार बना दिया। फैंस ने न सिर्फ फिल्म को फिर से देखा, बल्कि ऋतिक की परफॉर्मेंस और उनके साथ जुड़ी भावनात्मक गहराई को भी महसूस किया। 25 साल पहले कहो ना... प्यार है के साथ इंडस्ट्री में कदम रखने वाले ऋतिक रोशन आज भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में गिने जाते हैं। उनकी फिल्मों ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया है, बल्कि दर्शकों के दिलों में भी खास जगह बनाई है।

# 30 साल बाद नए अंदाज में रिलीज होगी फिल्म बाशा




फिल्म बाशा को रिलीज हुए 30 साल हो चुके हैं। सुपरस्टार रजनीकांत की इस आइकॉनिक फिल्म को नए अंदाज में बड़े पर्दे पर दोबारा रिलीज किया जाएगा। यह रिलीज सत्या मूवीज की 60वीं वर्षगांठ और रजनीकांत के फिल्मी करियर के 50 शानदार साल पूरे होने का भी जश्न है। निर्माता फिल्म को डॉल्बी एटमॉस सराउंड साउंड और 4के रेजोल्यूशन के साथ पेश करेंगे, जो दर्शकों को बिल्कुल नई रिलीज फिल्म का अनुभव देगा। बाशा के इस वर्जन को सत्या मूवीज के बैनर तले आरएम वीरप्पन के बेटे थंगराज वीरप्पन रिलीज करेंगे। सुरेश कृष्ण द्वारा निर्देशित और आरएम वीरप्पन द्वारा निर्मित यह फिल्म 1995 में रिलीज हुई थी और भारतीय सिनेमा में एक्शन फिल्मों की नई शैली की शुरुआत मानी जाती है। यह फिल्म 15 महीने तक सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चली, जो इसे रजनीकांत के करियर की सबसे बड़ी हिट्स में से एक बनाती है। बाशा एक गैंगस्टर की कहानी है, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। रजनीकांत का प्रसिद्ध डायलॉग, नान ओरु थडावा सोन्ना, नूरु थडावा सोन्ना मथिरी (मैं जो एक बार कहता हूं, वह 100 बार कहने जैसा है), आज भी फैंस के बीच उतना ही लोकप्रिय है। यह डायलॉग रील्स और मीम्स की दुनिया में धूम मचा रहा है। फिल्म में रजनीकांत और नगमा के अलावा, रघुवरन, चरणराज, आनंदराज, जनागराज, विजयकुमार, और युवरानी जैसे कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया है। फिल्म के निर्माताओं ने अभी तक नई रिलीज की तारीख की घोषणा नहीं की है, लेकिन यह खबर पहले से ही फैंस के बीच उत्साह बढ़ा रही है। बाशा की दोबारा रिलीज न केवल रजनीकांत के प्रशंसकों के लिए, बल्कि भारतीय सिनेमा के लिए भी एक ऐतिहासिक पल होगा।

# सलमान ने बजरंगी भाईजान में एक भूमिका की पेशकश की थी: कंगना रनौत



हाल ही में अभिनेत्री कंगना रनौत ने बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के साथ अपने रिश्ते और काम करने की संभावनाओं पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि भले ही अब तक दोनों ने साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह भविष्य में इस अवसर को लेकर काफी उत्साहित हैं। कंगना ने इंटरव्यू में बताया, सलमान मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे पास कई बार साथ काम करने के मौके आए, लेकिन किसी न किसी कारणवश ऐसा नहीं हो पाया। मुझे उम्मीद है कि जल्दी ही हम दोनों किसी प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। कंगना ने यह भी खुलासा किया कि सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म बजरंगी भाईजान में एक भूमिका की पेशकश की थी। हालांकि, उन्होंने उस रोल को ठुकरा दिया। कंगना ने मुस्कुराते हुए कहा, जब उन्होंने मुझे रोल ऑफर किया तो मैंने हैरान होकर पूछा, यह क्या रोल दिया है? इसके बाद उन्होंने सुल्तान के लिए भी संपर्क किया, लेकिन मैंने वह भी मना कर दिया। कंगना ने बताया कि सलमान इस बात पर हंसते हुए उनसे मजाक में कहते थे, अब तुम्हें और क्या ऑफर करूं? हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सलमान ने कभी इसे नकारात्मक रूप से नहीं लिया और हमेशा उनके साथ अच्छा व्यवहार किया। कंगना ने यह भी बताया कि सलमान उनकी फिल्म इमरजेंसी को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं और उन्होंने इसकी कहानी और कंगना के प्रयासों की सराहना की है। इमरजेंसी 1975 से 1977 के बीच की उस अवधि की कहानी है जब देश में आपातकाल लागू किया गया था। इस ऐतिहासिक फिल्म के लिए कंगना ने गहन शोध किया है और इसे अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक बताया है ।कंगना का मानना है कि यह फिल्म न केवल उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय सिनेमा के लिए भी एक खास स्थान रखेगी। सलमान और कंगना के बीच दोस्ती के इस किस्से से यह साफ है कि दोनों कलाकार एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखते हैं। प्रशंसकों को उम्मीद है कि जल्द ही इन दोनों सितारों को किसी बड़े प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिलेगा। बता दें कि अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं और इसका निर्देशन भी उन्होंने खुद किया है।

# राष्ट्रपति ने गुकेश, हरमनप्रीत, मनु और प्रवीण को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स),नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग),एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफटाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



# पेशेवर मुक्केबाज बनने के बाद भी ओलंपिक को सबसे अहम मानते हैं निशांत



**–लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मुक्केबाजी शामिल रही तो उसमें खेलना चाहेंगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुक्केबाज निशांत देव ने कहा है कि पेशेवर सर्किट में उतरने के बाद भी ओलंपिक में खेलना अब भी उनके लिए बेहद अहम है। ऐसे में अगर लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अगर मुक्केबाजी को शामिल किया जाता है तो वह अवश्य ही उसमें भाग लेंगे। निशांत पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में मिली करीबी हार और ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण पेशेवर मुक्केबाज बने हैं। इस मुक्केबाज ने एडी हर्न की 'मैचरूम बॉक्सिंग से करार किया है।

उनकी पहली पेशेवर भिड़ंत 25 जनवरी को लॉस एंजिलिस में होगी। निशांत आजकल लॉस एंजिलिस में पेशेवर मुक्केबाज रोनाल्ड सिम्स से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने लॉस एंजिलिस से कहा, 'मैं ओलंपिक में खेलने का अपना सपना पूरा करना चाहता था जो मैं कर चुका हूं। लेकिन अब मैं पेशेवर मुक्केबाजी में खेलने के अपने दूसरे सपने को पूरा करना चाहता हूं। देव को अब भी पेरिस ओलंपिक में मिली करीबी हार सालती है जिसमें वह मेक्सिको के मार्को वर्डे से विवादास्पद क्वार्टरफाइनल हार गये थे। उन्होंने कहा, 'मैं टूट गया था। इतने बड़े मंच पर इस तरह का झटका चुनौतीपूर्ण था। ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य की अनिश्चितता इस निराशा को और भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा, 'अभी तक मुक्केबाजी की ओलंपिक के लिए पुष्टि नहीं की गई है। मैं यह जानने के लिए तीन साल तक इंतजार नहीं करना चाहता कि यह ओलंपिक में शामिल नहीं है। इसलिए इस समय का उपयोग मेरे पेशेवर मुक्केबाजी के सपने को पूरा करने में किया जा सकता है। निशांत का कहना है कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में सभी मुख्य बेल्ट जीतकर विश्व चैम्पियन बनना चाहता हूं।

# भारत की नजरें अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप बरकरार रखने पर

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** विश्व स्तर पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश में जुटे भारत के अगली पीढ़ी के क्रिकेटर शनिवार से यहां शुरू हो रहे आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य खिताब बरकरार रखने का होगा। भारत को ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया के साथ रखा गया है। भारतीय टीम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ पहला विश्व कप जीता था जिसमें फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी थी। पहले दिन पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया का सामना ग्रुप डी में स्कॉटलैंड से होगा जबकि 2023 उपविजेता इंग्लैंड की टक्कर आयरलैंड से होगी। रविवार को होने वाले अन्य मैचों में समोआ का सामना ग्रुप सी में नाइजीरिया से, ग्रुप डी में बांग्लादेश का सामना नेपाल से, ग्रुप बी में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से और ग्रुप सी में न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमों को चार चार के चार समूहों में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। वहां से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी और फाइनल दो फरवरी को होगा। भारत ने 2023 में शेफाली वर्मा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका में यह टूर्नामेंट जीता था। उस टीम में टिटास साधु, श्वेता सेहरावत, पार्श्वी चोपड़ा और अर्चना देवी जैसे खिलाड़ी थे जो सीनियर स्तर पर खेल रहे हैं। इस साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए निकी प्रसाद की कप्तानी वाली टीम इस मौके को भुनाने की पूरी कोशिश करेगी। प्रमुख खिलाड़ियों में हैदराबाद की तृषा जी शामिल है जिन्होंने शीर्षक्रम में शानदार प्रदर्शन करके पिछले महीने अंडर 19 विश्व कप में भारत की जीत की नींव रखी थी। उनके अलावा टीम में स्पिनर पारुनिका सिसोदिया, सोनम यादव और आयुषी शुक्ला भी हैं।

**भारतीय टीम :** निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका छाल्के, जी तृषा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारुनिका सिसोदिया, केसरी दृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एम डी शबनम, वैष्णवी एस,

# अनुशासन भंग करने पर खिलाड़ियों पर लग सकता है प्रतिबंध : बीसीसीआई



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम में 'अनुशासन, एकता और सकारात्मक माहौल' को बढ़ावा देने के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए 10 बिंदुओं वाली नियमावली जारी करते हुए कहा कि इसका पालन नहीं वाले खिलाड़ियों का अनुबंध समाप्त कर उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और घरेलू क्रिकेट खेलने पर रोक लगा दी जाएगी।

'पोलिसी डॉक्यूमेंट फॉर टीम इंडिया' नामक यह नियमावली गुरुवार को खिलाड़ियों को भेज दी गई, इसे पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक की सलाह पर शामिल हैं। नियमावली में कहा गया है कि दौरे, मैच और अभ्यास के लिए खिलाड़ी अलग से यात्रा नहीं कर सकेंगे। बैठक में कहा गया कि कुछ खिलाड़ी मैच या अभ्यास के लिए टीम बस की जगह अपनी अलग से वाहन से यात्रा करते हैं, जिससे टीम का अनुशासन भंग होता है। इसके अलावा यह भी कहा गया कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास सत्रों में ग्रुप के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, जिससे टीम का माहौल खराब होता है। बीसीसीआई ने कहा है कि अगर किसी खिलाड़ी को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में मैच या अभ्यास के लिए अलग से यात्रा करनी है तो उन्हें मुख्य कोच या मुख्य चयनकर्ता से पहले से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा उन्हें किसी अभ्यास सत्र में पूरे समय तक रहना होगा, भले ही उनका अभ्यास पहले समाप्त हो जाये। विदेश दौरों पर भी खिलाड़ियों को परिवार के साथ अलग से यात्रा करने की बजाय टीम के साथ ही यात्रा करने का सुझाव दिया गया है, ताकि टीम में अनुशासन और संगठन को बल मिले। इसमें बताया गया है कि अगर कोई सीरीज या दौरा तय समय से पहले समाप्त होने पर भी खिलाड़ी अपने मन से अलग से यात्रा न करें, इससे टीम की एकता प्रभावित होती है। बीसीसीआई ने कहा है कि 45 दिनों या उससे अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य - साथी और बच्चे (18 वर्ष तक) 14 दिनों से अधिक उनके साथ नहीं रह सकते हैं।

खिलाड़ी का परिवार केवल एक बार ही उसके साथ आ सकते हैं और उनकी यात्रा की व्यवस्था कोच, कप्तान और बीसीसीआई के संचालन महाप्रबंधक की मंजूरी के बाद संबंधित खिलाड़ी को करनी होगी। बीसीसीआई आगंतुकों की अवधि के लिए खिलाड़ी के साथ साझा आवास का खर्च उठाएगा। जारी दस्तावेज में कहा, 'अन्य सभी खर्च खिलाड़ी द्वारा वहन किए जाएंगे।' बीसीसीआई ने यह भी कहा कि परिवार के लिए पूर्व-अनुमोदित अवधि के बाहर अतिरिक्त लागत खिलाड़ी द्वारा वहन किया जायेगा।

गौरतलब है कि बीसीसीआई ने भारत के खराब प्रदर्शन का आकलन करने के लिए समीक्षा बैठक बुलाई थी, जिसकी शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हार से हुई, जहां भारत 3-0 से हारा था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से हार हुई। समीक्षा बैठक में मुख्य कोच गौतम गंभीर, टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया मौजूद थे।

# अक्षर को मिल सकती है दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी



मुम्बई । आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अक्षर पटेल को मिलना तय माना जा रहा है। आईपीएल 21 मार्च से शुरू होगा। गत वर्ष इसके लिए हुई नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स फॅंचाइजी ने केएल राहुल को 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। जिससे माना जा रहा था कि राहुल को कप्तानी मिल सकती है क्योंकि वह लखनऊ सुपर जायंटस में भी कप्तान रहे थे। वहीं अब कहा जा रहा है कि दिल्ली की कप्तानी अक्षर पटेल को मिल सकती है। इसका कारण है कि अक्षर टीम के साथ काफी समय से हैं और कई बार ऑलराउंडर की भूमिका निभा चुके हैं। दिल्ली अक्षर को आईपीएल 2025 के लिए 16.50 करोड़ रुपये वेतन देगी। अक्षर टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ के राहुल को खरीदा जबकि लखनऊ ने दिल्ली के ही ऋषभ पंत को सबसे बड़ी रकम देकर खरीदा था। ऋषभ भी दिल्ली के कप्तान थे। अक्षर ने आईपीएल में अभी तक कुल 150 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 1653 रन बनाए हैं। अक्षर ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 123 विकेट लिए हैं।

# रोहित के बचाव में उतरे युवराज



नई दिल्ली । पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने खराब फार्म के कारण आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का बचाव किया है। युवराज ने कहा कि भले ही रोहित न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को जीत नहीं दिला पाये हैं पर उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल नहीं उठाये जा सकते हैं। युवराज ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, रोहित की कप्तानी में ही टीम टी20 विश्व कप जीती और एकदिवसीय विश्वकप के फाइनल तक पहुंची। रोहित की कप्तानी में ही मुंबई इंडियंस ने 5 आईपीएल जीते। उन्होंने किसी और को अवसर देने के लिए सिडनी टेस्ट से बाहर रहने का फैसला किया था। पूर्व में किसी कप्तान ने ऐसा किया है क्या? मैं देखता हूं कि उन्होंने पिछले 3 से 5 सालों में क्या किया है, एक या दो टूर्नामेंट से उन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। मेरे लिए, घरेलू सीरीज हार ज्यादा निराशाजनक थी क्योंकि भारत का न्यूजीलैंड से 3-0 से हारना ज्यादा कठिन था। रोहित की कप्तानी में ही टीम ने 2023 में हुए विश्व कप के दौरान लगातार 10 मैच जीते थे। उनके नेतृत्व में ही टीम ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में भी प्रवेश किया था पर उसे वहां ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। युवराज ने ये भी कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर को और समय दिया जाना चाहिये क्योंकि वह कुछ समय पहले ही टीम के कोच बने हैं। अभी उन्हें पूरी तरह से प्रक्रिया में आने दिया जाये।

# इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले ईडन गार्डन्स में 3 दिवसीय शिविर लगाएगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले 3 दिवसीय शिविर लगा रही है। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा कि टीम 18 जनवरी को कोलकाता में एकत्रित होगी और ईडन गार्डन्स स्टेडियम में सीरीज का पहला मैच खेलने से पहले 3 दिन अभ्यास करेगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम इस प्रारूप में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की उम्मीद करेगी। यादव की अगुआई में भारत ने श्रीलंका, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीती हैं जिनमें से कुछ मैचों में कई रिकॉर्ड टूटे हैं।



संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में शामिल करना टीम प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण खोज रही है जिससे उन्हें इस स्थान पर अपनी ताकत बढ़ाने में मदद मिली है। 5 मैचों की सीरीज में अभिषेक शर्मा से लेकर नितीश कुमार रेड्डी तक भारतीय खिलाड़ियों की नई पीढ़ी मौजूद है। भारत से घरेलू परिस्थितियों में इंग्लैंड के लिए मुश्किलें खड़ी करने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के बेहद व्यस्त दौरे के बाद जसप्रीत बुमराह को इस सीरीज से आराम दिया गया था, जहां वह सीरीज के अंतिम टेस्ट मैच के बीच में चोटिल हो गए थे। चोटिल तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक साल से अधिक समय के बाद टीम में वापसी की है, जबकि संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल को ऋषभ पंत से आगे रखा गया है। इस बीच क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) ने दिग्गज महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी को विशेष श्रद्धांजलि देने की योजना बनाई है जिसके तहत प्रतिष्ठित स्टेडियम में उनके सम्मान में एक स्टैंड का नाम रखा जाएगा। यह श्रद्धांजलि मैच ब्रेक के दौरान दी जाएगी। मैच के दिन से पहले सीएबी जूनियर महिला बंगाल क्रिकेट टीम को भी सम्मानित करेगा जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज मुख्य अतिथि होंगी।

**इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारत की टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

# बोपन्ना और झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल के दूसरे दौर में पहुंची



मेलबर्न । भारत के रोहन बोपन्ना और चीन की शुआइ झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में इवान डोडिज और क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 6.4, 6.4 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। पुरूष युगल के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने एक घंटे 12 मिनट तक चले इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। अब बोपन्ना और झांग का सामना अमेरिका के टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के ह्युगो निस और ऑस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक मेडिसन इंगलिस और जैसन कुबर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बोपन्ना 2023 में सानिया मिर्जा के साथ यहां फाइनल में पहुंचे थे। बोपन्ना 2024 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मैथ्यू एबडेन के साथ खिताबी जीत के बाद युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। वह 43 वर्ष की उम्र में खिताब जीतने के साथ यह कारनामा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे।

# भारतीय टीम का बल्लेबाजी कोच बनना चाहते हैं पीटरसन



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने भारतीय क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच बनना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौर के बाद भारतीय बोर्ड को टीम इंडिया के लिए एक बल्लेबाजी कोच की जरूरत महसूस हुई है। इसी को देखते हुए पीटरसन ने टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच बनने में रुचि जताई है। भारतीय टीम पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद ही बल्लेबाजी कोच के बिना खेल रही है। विश्वकप तक मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ के समय विक्रम राठौर मुख्य कोच थे। वहीं द्रविड़ के बाद जगह गौतम गंभीर मुख्य कोच बने। गंभीर के साथ अभिक नायर टीम इंडिया के सहायक कोच बने, जबकि द अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मौर्न मोर्कल गेंदबाजी कोच के रुप में जुड़े। टी दिलीप टीम इंडिया के फील्डिंग कोच बने हे, जबकि रेयान टेन डेशखाटे को टीम इंडिया का दूसरा असिस्टेंट कोच बनाया गया। गंभीर के कार्यकाल में भारतीय टीम की बल्लेबाजी खराब रही है। सोशल मीडिया पर टीम इंडिया के नए बल्लेबाज कोच की तलाश को लेकर कई गई एक पोस्ट के जवाब में पीटरसन ने लिखा कि, भारतीय टीम का प्रदर्शन पिछळे कुछ समय में बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल पर आधारित रहा है और अन्य बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ऐसे में टीम को बल्लेबाजी कोच की जरुरत है जो बल्लेबाजों को सलाह देकर उनकी गलतियां सुधार सके।

# 2026 विश्व कप जीतना चाहते हैं हरमनप्रीत



नई दिल्ली । भारत की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह अपने करियर में आज तक विश्व कप में पदक नहीं जीत पाये हैं और इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से ही भारतीय टीम विश्वकप में पदक नहीं जीत पायी है। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक खेलों में उनकी कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत हासिल कर सकते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं। हरमनप्रीत ने कहा कि उम्मीद है कि हम अपने करियर के दौरान उन सुनहरे दिनों को फिर से हासिल कर सकेंगे।

# भारत के लिए खेलने का सपना अभी भी जिंदा है : करुण नायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क – लंबे समय तक मैदान से दूर रहने और करीब तीन साल पहले सोशल मीडिया पर एक उदास पोस्ट के बाद करुण नायर ने क्रिकेट में सनसनीखेज वापसी की है। उन्होंने मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतक बनाए और अब वह आठ साल बाद भारतीय जर्सी पहनने को लेकर आशावादी हैं। करुण ने विदर्भ के लिए 756 की शानदार औसत से 756 रन बनाए हैं, अब रनों के भूखे दिखते हैं, और वे उस निराश खिलाड़ी से बिल्कुल अलग हैं, जिसमें उन्होंने लिखा था, 'प्रिय क्रिकेट, कृपया मुझे एक और मौका दें।'

क्या वह अवसर उनके पास तब आएगा जब चयनकर्ता इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय मैचों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की एकदिवसीय टीमों की घोषणा करेंगे? केवल समय ही बताएगा, लेकिन उनके पास 'सपने' देखने के अच्छे कारण हैं। करुण ने कहा, 'मेरा सपना हमेशा देश के लिए खेलना होता है। इसलिए, हां, सपना अभी भी जिंदा है। यही कारण है कि हम यह खेल खेलते हैं, अपने देश के लिए खेलना। इसलिए, मेरा एकमात्र लक्ष्य देश के लिए खेलना था।'

अपने करियर में कई बार बड़ी असफलताओं और करीबी हार का सामना करने वाले करुण बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरी तीसरी वापसी है (हंसते हुए)। और मुझे वही करना जारी रखना होगा जो मैं इस समय कर रहा हूं। मैं जितने भी मैच खेलता हूं, उसमें जब भी संभव हो रन बनाता रहूंगा। मैं यही कर सकता हूं। बाकी सब मेरे नियंत्रण में नहीं है। लेकिन जब तक यह (चयन) नहीं हो जाता, यह सिर्फ एक सपना है। यह अभी भी नहीं हुआ है। लेकिन फिर से, जैसा कि मैंने कहा, मैं एक बार में एक पारी पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा।' अपने रन बनाने के तरीके पर वापस आने के लिए उन्होंने अतीत से अलग क्या किया है? उन्होंने कहा, 'मैंने कुछ भी अलग नहीं किया है। कोई रहस्य नहीं है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ सालों की कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है, आप जानते हैं, यह सब एक साथ मिलकर हुआ है। शायद आप कह सकते हैं, हर दिन को एक नए दिन की तरह लेना और यह सुनिश्चित करना कि मैं अपनी हर पारी का सम्मान करूं।' ऐसे भी दिन थे जब 33 वर्षीय खिलाड़ी अपने क्रिकेट भविष्य को लेकर आशंकित था, जब घरेलू मैचों और आईपीएल में रन पूरी तरह से खत्म हो गए थे। उन्होंने कहा, 'अगर मैं कहूं कि मुझे डर नहीं था तो मैं झूठ बोलूंगा। मुझे लगता है कि किसी के मन में भी ऐसी भावनाएं आ सकती हैं। लेकिन मुझे कभी नहीं लगा कि मेरा करियर खत्म हो जाएगा। मुझे बस यह सोचना था कि यह कहां जा रहा है? मैं क्या कर रहा हूं? यह कैसे हुआ? आपको उस दौर से बाहर आने और यह समझने में थोड़ा समय लगता है कि क्या हो रहा है और फिर आपको क्या करना चाहिए। इसलिए, मैंने खुद से कहा कि मुझे फिर से शून्य से शुरुआत करने की जरूरत है। और खुद को कुछ साल दें और देखें कि यह कहां जाता है। और फिर मैं तय कर सकता हूं कि मुझे क्या करना है। तो, यही मेरी सोच थी।'

इस कठिन दौर ने उन्हें खुद के और अपने खेल के बारे में ज्यादा जागरूक बना दिया। उन्होंने कहा, 'यह एक कठिन परिस्थिति थी। भावनात्मक रूप से, मानसिक रूप से। लेकिन हां, इसने मुझे एक व्यक्ति के रूप में और मेरे क्रिकेट के बारे में बहुत कुछ सिखाया। इसलिए मैं उन सीखों के लिए वास्तव में आभारी हूं। इसके बिना, मुझे नहीं लगता कि मैं इस समय इस स्थिति में होता।'



# हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## दिल्ली में फिलहाल लागू नहीं होगी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने एक आदेश में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिलहाल लागू करने पर रोक लगा दी है। दरअसल दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के बीच एक समझौता करने का निर्देश दिया था। इस समझौते के तहत प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य ढांचा मिशन को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लागू किया जाना था। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आदेश दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। दिल्ली सरकार की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। सिंघवी ने दलील दी कि राज्य सूची की 1,2 और 18 एंट्री के तहत केंद्र की शक्तियां सीमित हैं, लेकिन उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में सरकार की शक्तियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में फिर से परिभाषित किया है। सिंघवी ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली सरकार को केंद्र सरकार के साथ समझौते के लिए मजबूर किया जा रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी। गौरतलब है कि दिल्ली में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना लागू नहीं है। साल 2017 में दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें दिल्ली में सरकारी अस्पतालों में आईसीयू बेड और वेंटीलेटर्स की उपलब्धता पर चिंता जाहिर की थी। साथ ही याचिका में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना को दिल्ली में भी लागू कराने की मांग की गई थी। ऐसे में उच्च न्यायालय ने योजना को पूरी तरह से लागू करने की बजाय केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच समझौता करने का आदेश दिया था।

## अपने बयान पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने माफी मांगी



नई दिल्ली । ऋतुराज झा के उपनाम के साथ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने माफी मांग ली है। भाजपा प्रवक्ता पूनावाला ने कहा कि वे बिना कोई तर्क वितर्क किए हाथ जोड़कर माफी मांगते हैं। वे पूर्वांचली समाज का बहुत सम्मान करते हैं। पूनावाला ने अपने एक्स हैंडल पर माफीनामे वाला वीडियो शेयर किया। पूनावाला ने कहा, जय श्री राम, नमस्कार। मैं सभी पूर्वांचली भाइयों से हाथ जोड़कर माफी मांगना चाहता हूं। मेरे शब्दों से आपको दुख हुआ, आपको पीड़ा पहुंची। मैं कोई भी तर्क नही देना चाहता हूं। आपके साथ मेरा बहुत गहरा रिश्ता है। प्यार, सम्मान, स्नेह का रिश्ता है। मैं यूपी बिहार के लोगों को खासकर जो हमारे मेहनतकश हैं उन्हें बहुत सम्मान देता हूं। यह मेरे चरित्र और जिंदगी से बहुत स्पष्ट है। फिर भी मेरे शब्दों से चोट पहुंची है। मैं उन शब्दों के लिए बहुत-बहुत क्षमा मांगता हूं। दरअसल डिबेट शो के दौरान शहजाद और ऋतुराज झा के बीच तीखी बहस हो गई थी। बहस के दौरान झा ने पहले शहजाद को दो बार 'चूनावाला' कहकर संबोधित किया। इसके बाद गुस्साए पूनावाला ने झा के उपनाम को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी। आप ने बयान को पूर्वांचल के लोगों का अपमान बताते हुए बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की।

## डल्लेवाल का वजन 20 किलो घटा



चंडीगढ़ । पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 53 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ के मुताबिक डल्लेवाल का वजन 20 किलो कम हो गया है। जब वे आमरण अनशन पर बैठे थे, तब उनका वजन 86 किलो 950 ग्राम था, जबकि अब यह घटकर 66 किलो 400 ग्राम रह गया है। वहीं, डल्लेवाल के समर्थन में खनौरी बॉर्डर पर 111 लोगों के आमरण अनशन को आज 3 दिन हो गए हैं। एक दिन पहले प्रशासन व पुलिस के अधिकारी डल्लेवाल से मिलने पहुंचे थे। डल्लेवाल की लेटेस्ट मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक किडनी और लिवर से संबंधित टेस्ट का रिजल्ट 1.75 है, जो सामान्य परिस्थितियों में 1 से भी कम होना चाहिए। किसान नेताओं ने बताया कि सरकार जानबूझकर सुप्रीम कोर्ट को उन टेस्ट के रिजल्ट बताती है, जिनमें गिरावट आने में ज्यादा समय लगता है।

## कंगना की फिल्म इमरजेंसी का विरोध

अमृतसर। बॉलीवुड एक्टर एवं हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी शुक्रवार को रिलीज हो गई है। लेकिन पंजाब में सिख संगठन इसके विरोध में उतर आए हैं। अमृतसर, जालंधर, लुधियाना और मोहाली में थिएटर्स के बाहर सिख संगठनों के सदस्य काले झंडे लेकर विरोध कर रहे हैं। यहां पुलिस तैनात है। फिलहाल किसी भी थिएटर में फिल्म दिखाई नहीं जा रही है। सभी शो रोक दिए गए हैं। पीवीआर ग्रुप के 70 से 80 थिएटरों पर ये फिल्म दिखाई जानी थी विरोध के बाद इन थिएटरों पर फिल्म लगी ही नहीं।

## चिराग के बयान से नीतीश को टेंशन, पीके के अनशन का किया समर्थन

पटना। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बीपीएससी के खिलाफ जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर के प्रदर्शन का समर्थन किया है। चिराग ने कहा है कि पीके ने क्या किया, वे क्या कह रहे हैं इसपर बिना टिप्पणी किए मैं कहूंगा कि मैं उनके अनशन के मुद्दे से सहमत हूं। बीपीएससी के छात्रों के साथ कोई अन्याय ना हो इसकी जिम्मेदारी बिहार की नीतीश सरकार की है। बीपीएससी के द्वारा जिस तरह से री एग्जामिनेशन कराए गए वे गलत है। आयोग के द्वारा जिस तरह से एक सेंटर के अभ्यर्थियों का री-एग्जामिनेशन कराया गया, वह गलत है। चिराग ने कहा कि दो परीक्षा से कहीं ना कहीं गलत लाभ मिलता है। यह गलत परंपरा की शुरुआत होगी। गठबंधन के अंदर भी मैंने नीतिश जी के सामने विषय को कई बार रखा है। किसी छात्र के साथ कोई अन्याय ना हो हमारी सरकार जरूर प्रयास करेगी। चिराग ने कहा कि सबसे पहले उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और जो दोषी हो उनपर कार्रवाई कर सभी अभ्यर्थियों का फिर से परीक्षा कराना चाहिए। वहीं केंद्रीय मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा हैं कि तेजस्वी को इसका डर है कि विनिंग कंडीशन के साथ एनडीए बिहार में आगे बढ़ रहा है। इसकी घबराहट मेरे छोटे भाई के मन में है। विधानसभा उप चुनाव जो कि सेमीफाइनल बताया गया। उस उपचुनाव में एनडीए को 100 प्रतिशत जीत मिली।

## कुंभ पहुंचे राकेश टिकैत, लोगों को महाकुंभ में गुटखा खाने की आदत छोड़ देना चाहिए

प्रयागराज । संगमनगरी में 13 जनवरी से महाकुंभ का महापर्व शुरू हुआ है। जहां साधु-संत, कथावाचक, फिल्म अभिनेता और नेता के साथ देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु पहुंचकर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत भी 4 दिनों के लिए महाकुंभ पहुंचे हैं। टिकैत ने गुटके का जिक्र करते हुए एक चिंता जाहिर की है। बता दें किसान नेता टिकैत ने गुटखा खाने वाले लोगों से परेशान हैं। उन्होंने कहा, लोगों को महाकुंभ में गुटके वाली बुराई को छोड़ देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कुंभ की बेहतरह व्यवस्थाओं को लेकर सीएम योगी की दिल खोलकर तारीफ भी की। साथ ही कहा कि मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। इतना ही नहीं टिकैत ने बताया कि शनिवार को महाकुंभ क्षेत्र में किसानों की महापंचायत होगी। जहां कुछ फैसले लिए जाएंगे।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार की टक्कर

दौसा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के काफिले की कार नीलगाय से टकरा गई। घटना में दिल्ली पुलिस की एस्कॉर्ट कार क्षतिग्रस्त हुई, हालांकि फारूक पूरी तरह सुरक्षित रहे। दरअसल फारूक अजमेर दरगाह की जियारत के लिए जा रहे थे। काफिले में शामिल पांच कारों में से, उनके पीछे चल रही दिल्ली पुलिस की गाड़ी नीलगाय से भिड़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि गाड़ी के दोनों एयरबैग खुल गए और कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। पुलिस के मुताबिक, हादसे में किसी को चोट नहीं आई। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को दौसा सदर थाने में खड़ा किया गया है। कार में सवार ड्राइवर और हेड कॉन्स्टेबल पप्पूराम मीणा को दौसा में ही रुकना पड़ा, जबकि अन्य पुलिसकर्मी काफिले की अन्य गाड़ियों में सवार होकर अजमेर के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि फारूक अब्दुल्ला, राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के पूर्व ससुर हैं। हालांकि, पायलट और फारूक अब्दुल्ला की बेटी सारा का तलाक हो चुका है।

## संगम में डुबकी लगाने आ रहे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा



**-साधु-संतों से मिलकर उनका आशीर्वाद भी लेंगे**

प्रयागराज (एजेंसी)। प्रयागराज महाकुंभ में कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भी हिस्सा लेने पहुंचे रहे हैं। दोनों नेता कांग्रेस के सेवा दल के शिविर में पहुंचने वाले है। सेवादल से जुड़े एक पदाधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी का कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन वे संगम में स्नान करने और साधु-संतों से मिलकर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त करने वाले है। महाकुंभ का शुक्रवार को पांचवां दिन है और इस दौरान 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। अब तक कुल 7 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को संगम पहुंचने वाले और 29 जनवरी को होने वाली मौनी अमावस्या की तैयारियों का जायजा लेने वाले है। यह तिथि महाकुंभ में विशेष महत्व रखती है और लाखों श्रद्धालु इस दिन संगम में स्नान करने वाले है। लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने महाकुंभ को लेकर योगी सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी आंकड़े फर्जी हैं और कुछ ट्रेनें खाली जा रही हैं। इसके जवाब में भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि अखिलेश के बयान का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनियाभर में लोकप्रिय है और लोग केवल भारत से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी यहां आ रहे हैं।

# दिल्ली में घने कोहरे की चादर; अगले हफ्ते फिर बारिश की संभावना



नई दिल्ली (एजेंसी)। (ईएमएस)। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में शुक्रवार सुबह घने कोहरे की चादर ने वाहन चालकों को परेशानी में डाल दिया है। दिल्ली समेत आस-पास के क्षेत्रों का मौसम लगातार बदल रहा है। इससे पहले बुधवार की रातभर हुई बारिश के बाद गुरुवार को दोपहर में धूप खिल गई थी, जिससे लोगों ने ठंड से राहत महसूस की। गुरुवार को कोहरे से राहत रही, लेकिन शुक्रवार को घने कोहरे ने सभी को हैरान कर दिया।

गौरतलब है कि बारिश का दौर बुधवार रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक जारी रहा, जिससे न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक 10.3 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री रहा। बारिश ने गुरुवार को कोहरे से राहत दी, लेकिन शुक्रवार को घने कोहरे ने फिर चौंकाया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 और 22 जनवरी को फिर से बारिश की संभावना है। सफदरजंग, पालम, लोदी रोड, और नोएडा समेत विभिन्न इलाकों में बारिश दर्ज की गई, जिसमें पालम में 10.1 मिमी और रिज में 9.7 मिमी बारिश सबसे अधिक रही।

कोहरे और ठंड को लेकर अलर्ट जारी

शुक्रवार को अधिकांश इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी मौसम विभाग ने दी। अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम 8 डिग्री रहने की संभावना व्यक्त की गई है। शुक्रवार को कोहरा छाया हुआ है, ऐसे में 18 और 19 जनवरी को भी घने कोहरे का असर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने 17-19 जनवरी के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

**प्रदूषण में सुधार**

बारिश के चलते प्रदूषण स्तर में गिरावट दर्ज की गई है। इसके चलते जीआरएपी-4 की पाबंदियां हटा ली गई हैं, हालांकि ग्रेप-3 के तहत प्रतिबंध अभी लागू रहेंगे। स्कूलों में हाइब्रिड मोड और निर्माण कार्यों पर रोक जारी रहेगी।

स्काईमेट के अनुसार, अगले सप्ताह हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम का यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का नतीजा है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी की अखिलेश का सलाह, गंगा जी में डुबकी लगाएं..भीतर की नकारात्मकता खत्म हो जाएगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव को एक सलाह दी है। नकवी के मुताबिक सपा प्रमुख को भी महाकुंभ में जाकर गंगा जी में डुबकी लगानी चाहिए ताकि उनके भीतर की नकारात्मकता खत्म हो जाए। नकवी ने कहा, अखिलेश के ये बयान उनकी बौखलाहट दिखा रहे है। अखिलेश का कहना कि महाकुंभ में लोग नहीं पहुंच रहे हैं, वह गलत है। महाकुंभ में बड़े पैमाने पर लोग पहुंच रहे हैं। जो लोग महाकुंभ पर सवाल खड़े कर रहे हैं, ये वे लोग हैं जो हर काम के रंग में भंग डालने की कोशिश करते हैं। आज आस्था के सबसे बड़े पर्व कुंभ का पर्व मनाया जा रहा है। स्वच्छता और सुरक्षा के साथ यह पूरी सुविधाओं से भरपूर है।

भाजपा नेता नकवी ने कहा, इतना बड़ा आयोजन दुनिया के किसी भी क्षेत्र में, चाहे धार्मिक, आध्यात्मिक और आर्थिक दृष्टि से, देखने को नहीं मिलेगा। करोड़ों लोग कुंभ में सुरक्षित पहुंचे और यहां की स्वच्छता की दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं। इतना ही नहीं करोड़ों लोग इसमें भागीदारी कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं। मेरी उन सभी लोगों से अपील है कि वे महाकुंभ में जाकर डुबकी लगाएं, जिससे उनके मन में भरी नकारात्मकता खत्म होगी।

अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाने पर नकवी ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, ममता ऐसा दावा करेंगी, अगर बात निकलेगी तो बहुत दूर तक जाएगी। जहां तक मुंबई की बात है, वहां पर जांच एजेंसी और पुलिस काम कर रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

# विवादास्पद बयान देने वाले जस्टिस शेखर कॉलेजियम के सामने हुए पेश

**कहा-वह अपनी बात पर कायम, किसी समुदाय के खिलाफ घृणा पैदा करना उद्देश्य नहीं**



नई दिल्ली (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव अपने विवादास्पद बयान को लेकर फिर चर्चा में हैं। विश्व हिंदू परिषद के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर तीखी टिप्पणी की थी। इस बयान के बाद उन्हें चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम के समक्ष अपनी स्थिति स्पष्ट करनी पड़ी थी। कॉलेजियम ने मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण भांसाली से रिपोर्ट मांगी थी।

जस्टिस यादव ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर अपने बयान पर सफाई दी और कहा कि वह अपनी टिप्पणियों पर कायम हैं। उन्होंने लिखा कि उनका बयान संविधान में निहित मूल्यों के अनुरूप था और किसी भी समुदाय के खिलाफ घृणा पैदा करने का उद्देश्य नहीं रखता। जस्टिस यादव ने अपने पत्र में यह भी कहा कि न्यायपालिका के सदस्यों को, जो सार्वजनिक रूप से खुद का बचाव करने में असमर्थ हैं, वरिष्ठों द्वारा समर्थन और संरक्षण की जरुरत होती है।

उन्होंने साफ कहा कि उनकी टिप्पणी न्यायिक आचरण के किसी भी सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करती है। 8 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने समान नागरिक संहिता पर बोलते हुए कहा था कि हिंदू समाज ने अपनी प्रथाओं में सुधार लाने का साहस दिखाया है। उन्होंने सती प्रथा, छुआछूत, जौहर, और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को खत्म करने का उदाहरण दिया। इसके विपरीत, उन्होंने मुस्लिम समाज से सवाल किया कि वे अपने पर्सनल लॉ में सुधार क्यों नहीं कर रहे हैं। जस्टिस यादव ने कहा कि आपको यह गलतफहमी है कि समान नागरिक संहिता आपके शरीयत, इस्लाम या कुरान के खिलाफ है। मुस्लिम समाज को भी बहुविवाह और तीन तलाक जैसी प्रथाओं को खत्म करना चाहिए। जस्टिस यादव के इस बयान पर देशभर में बहस छिड़ गई है। जहां कुछ लोगों ने इसे समाज सुधार की दिशा में बताया है, इस मामले में आगे कॉलेजियम क्या कदम उठाएगा, इस पर सबकी नजरें हैं।

# दिल्ली चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने रेस्तरां में लोगों को खाने पर मिलेगी छूट

**-मतदान करने के बाद अंगुली पर लगी स्याही का निशान दिखाना होगा**

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देजनर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए नगर निगम भी लोगों को लुभाने का प्रयास कर रहा है। इसके तहत निगम जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही मतदान करने वालों को खाने के लिए रेस्तरां में छूट देने की घोषणा की है। निगम के दक्षिणी जोन ने होटल व रेस्तरां संचालकों से समन्वय करके मतदान करने के बाद 5 से 9 फरवरी तक 25 फीसदी की छूट देने की घोषणा की है।

दक्षिणी जोन के निगम उपायुक्त ने बताया कि जोन के क्षेत्राधिकार में आने वाले डीएलएफ साकेत मॉल, सेलेक्ट सिटी वाक मॉल, पीवीआर अनुपम साकेत के साथ ही अरविंदो मार्ग, मालवीय नगर मार्केट, डीएलएफ वसंत कुंज मॉल, जीके, ग्रीन पार्क की विभिन्न मार्केट की दुकानों पर खाने पर 25 फीसदी की छूट दी जाएगी। निगम उपायुक्त के मुताबिक इसके लिए नागरिकों को मतदान करने के बाद अंगुली पर मतदान की स्याही का निशान दिखाना होगा।

उन्होंने बताया कि अभी मतदान जागरूकता अभियान के तहत छूट देने के लिए 47 रेस्तरां को जोड़ा गया है। आगे भी जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन में अब दो ही दिन बाकी हैं। ऐसे में नामांकन की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। बुधवार को सर्वाधिक नामांकन दाखिल किए गए। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, नई दिल्ली क्षेत्र से उनके प्रतिद्वंदी बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा, कालकाजी से बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी, समयपुर बादली से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और रोहिणी से बीजेपी उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता सहित कई चर्चित प्रत्याशियों ने बुधवार को पर्चा दाखिल किया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के मुताबिक बुधवार को कुल 256 नामांकन दाखिल किए गए। इसके साथ ही 235 उम्मीदवार अब तक कुल 341 नामांकन दाखिल कर चुके हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को ही चुनेगी। आम आदमी पार्टी से पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन, कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन और गोपाल राय के साथ साथ सुरेंद्र सिंह बिट्टू व सहीराम पहलवान ने तुगलकाबाद से नामांकन दाखिल किया। बीजेपी के कुल 32 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन किया।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**